संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 06 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 306 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# जब भी बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं: योगी

## झारखंड के चुनावी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कोडरमा, बड़कागांव व जमशेदपुर में की जनसभा

### योगी की हुंकार

▶▶ अपनी ताकत का एहसास करवाइए', ताकत का अहसास कराइए, पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोडरमा/हजारीबाग/जमशेदपुरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरे। पहले दिन सीएम ने झारखंड में प्रचार किया। उन्होंने कोडरमा से डॉ. नीरा यादव, बरकठा से अमित यादव, बड़कागांव से रोशनलाल चौधरी, हजारीबाग सदर से प्रदीप प्रसाद, जमशेदपुर पूर्व से पूर्णिमा दास साहू, पश्चिम से सरयू रॉय, पोटका से मीरा मुंडा व जुगसलाई से रामचंद्र सहिस के लिए वोट मांगा। सीएम ने कांग्रेस, राजद व झामुमो गठबंधन पर प्रहार किया। उन्होंने एक तरफ जहां झारखंड की वर्तमान परिस्थिति को लेकर चेताया तो वहीं आह्वान किया कि ताकत का अहसास कराइए, पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करेंगे और हर घर पर बजरंगी पताका फहराती दिखाई देगी। सीएम योगी ने झारखंडवासियों को छठ महापर्व की बधाई दी। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को भी प्रणाम किया। सीएम ने झारखंडवासियों को अयोध्या, काशी व मथुरा आने का निमंत्रण दिया।

**अन्यायी व अत्याचारी को जन्नत नहीं, जहन्नुम ही मिलेगा**
सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाएगा, वे देख रहे हैं कि मंदिर भी बन गया और रामलला विराजमान भी हो गए हैं। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निर्दोष नागरिकों-हिंदुओं को छोड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बने, इसके लिए रामभक्तों ने संघर्ष किया। लाखों रामभक्तों ने बलिदान भी दिया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, राजद, झामुमो राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधक थे, जैसे ही जनता ने मोदी जी को देश की कमान सौंपी। यूपी में भाजपा सरकार बनी, 500 वर्ष की समस्या का समाधान हो गया। पत्थरबाज पहले कश्मीर में भी थे, अब वे राम नाम सत्य की यात्रा पर जा चुके हैं। 2017 के पहले यूपी में भी पत्थरबाज थे। इनके आका पालते थे तो यह पर्व-त्योहार में विघ्न डालते थे, लेकिन अब माफिया यूपी छोड़ चुके हैं या जहन्नुम की यात्रा पर जा चुके हैं। अन्यायी व अत्याचारी को जन्नत नहीं, जहन्नुम ही मिलेगा।

**लोगों ने कहा कि कांवड़ यात्रा निकली तो दंगा हो जाएगा, हमने कहा कि एक बार आरपार हो ही जाए**
सीएम ने यूपी की चर्चा करते हुए कहा कि गाजियाबाद से मेरठ होते हुए हरिद्वार तक चार करोड़ यात्री कांवड़ यात्रा लेकर निकलते हैं। 2017 से पहले सरकार कांवड़ यात्रा नहीं निकालने देती थी। हमारी सरकार ने कहा कि हम कांवड़ यात्रा निकालने देंगे तो लोगों ने कहा कि दंगा हो जाएगा। हमने कहा कि एक बार आरपार हो ही जाए, देखा जाएगा। आज कांवड़ यात्रा भी निकलती है और हेलीकॉप्टर से उन पर पुष्पवर्षा होती है।



### आने वाले समय में यह लोग घरों में शंख नहीं बजाने देंगे: योगी

**सीएम** ने झारखंडवासियों का आह्वान किया कि जातियों में बंटिए मत। जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बांटने वाले वही लोग हैं, जो संकट आने पर साथ खड़े नहीं होंगे। कांग्रेस ने 1947 से देश को जख्म दिया। यही काम राजद ने बिहार व झामुमो ने झारखंड में किया। जिस प्रकार से झारखंड के अंदर रोहिंग्या की घुसपैठ प्रारंभ कराई गई है। डेमोग्राफी इसी प्रकार चेंज हुई तो यह लोग आज यात्रा रोक रहे हैं, आने वाले समय में घरों में घंटी व शंख नहीं बजाने देंगे। भाजपा को लाइए, एक रहिए और नेक रहिए। भाजपा लाइए, रामनवमी की सुरक्षित यात्रा निकालिए। देश का इतिहास गवाह है, जब भी जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर बटे हैं तो निर्ममता से कटे हैं। कहीं बांग्लादेशी तो कहीं रोहिंग्या घुसपैठ हो रही है, दुस्साहस की पराकाष्ठा तब होती है, जब रामनवमी जुलूस पर पथराव होता है।

### योगी ने झारखंड के लिए गिनाई मोदी की गारंटी

**सीएम** ने कहा कि देश में एक तरफ मोदी के नेतृत्व में एनडीए व दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में झामुमो व राजद जैसा इंडी गठबंधन है। दोनों की गारंटी में अंतर है। हर गरीब को मकान, नौजवान के हाथ को काम, किसान के सम्मान, बेटी-बहन की सुरक्षा मोदी की गारंटी है। भाजपा ने झारखंड के लिए पांच गारंटी दी है। लक्ष्मी जोहार योजना के तहत पांच सौ रुपये में एलपीजी का सिलेंडर व साल में दो भरा सिलेंडर भी मुफ्त में उपलब्ध होगा। गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड की हर महिला के खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये तक की वित्तीय सहायता पहुंचाई जाएगी। 21 लाख परिवारों को पक्का घर तो घर निर्माण के लिए मुफ्त बालू भी मिलेगा। युवा साथी भत्ता, स्नातक-स्नातकोत्तर के बाद दो वर्ष तक नौकरी नहीं मिली तो प्रतिमाह दो हजार रुपये भत्ता देंगे। भाजपा सरकार पहले ही कैबिनेट में निर्णय लेकर नौकरी का पिटारा लेकर आएगी।

## झारखंड की खनिज संपदा पर है भाजपा की नजर : हेमंत सोरेन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चतराः मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुनावी सभा की। सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा, जल-जंगल एवं जमीन पर है। वे बड़े पैमाने पर पूंजीपति मित्रों को स्थापित करना चाहते हैं और यहां के लोगों को विस्थापित करने की मंशा है। गरीबों और आदिवासियों का जल-जंगल, जमीन की बात एक जुमले की तरह बड़े-बड़े मंचों से वे बोलते हैं। इस राज्य में उद्योग से लेकर खनन में अपने व्यापारी मित्रों को बैठना चाहते हैं। यहां के आदिवासियों और मूल वासियों को बेदखल करने का इनकी सोची समझी षड्यंत्र है। ये आपके बीच घुसकर हमें बिखरने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड में ये 20 वर्षों तक सिंहासन पर बैठे रहे। डबल इंजन की सरकार में यहां के लोगों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूंजीपतियों को मदद पहुंचाने के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार आज तक कितने आदिवासी, दलित, मूलवासी व अल्पसंख्यक का भला किए हैं। सिर्फ हिंदू व मुस्लिम करके लड़ाना चाहते हैं। घुसपैठ मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह राष्ट्र का मामला है। केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करती है। इस मामले पर देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बताना चाहिए आखिर घुसपैठियों क्यों बढ़ रहे हैं। देश और सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा केंद्र सरकार पर है। ऐसे में यह इस मसले को उछालकर राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। इनका वश चले तो जात धर्म के नाम पर एक दूसरे में फूट डलवाते ही हैं अब यह घर-घर लड़वाना भी शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। हमने राज्य में विस्थापन आयोग भी बनाया है।



### पलटवार

▶▶ इनका वश चले तो जात धर्म के नाम पर एक दूसरे में फूट डलवाते ही हैं अब यह घर-घर लड़वाना भी शुरू कर दिए हैं : सीएम

## भारत में तेल की कीमतें रहेंगी स्थिरः हरदीप पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत में तेल की कीमतें स्थिर रहेंगी, क्योंकि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति के विभिन्न विकल्प मौजूद हैं। ब्राजील और गुयाना जैसे देशों से अधिक आपूर्ति बाजार में आ रही है। वर्तमान में तेल की वैश्विक आपूर्ति खपत से अधिक है, जिससे बाजार स्थिर बना हुआ है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, "दुनिया के कुछ हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता देशों के पास चुनने के लिए कई विकल्प हैं।" हरदीप पुरी ने संभावित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत ने कच्चे तेल के आपूर्तिकर्ताओं की विविध श्रेणी तक पहुंच के साथ ऐसी स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए खुद को रणनीतिक रूप से तैनात किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी अंतरराष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी) 2024 सम्मेलन में भाग लेने के लिए अबू धाबी दौरे पर हैं।

## बांटने वाले भी तुम और काटने वाले भी: खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची :** झारखंड में 13 और 20 नवंबर को 81 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होनी है। इससे पहले आरोप-प्रत्यारोप और बयानबाजियों का दौर जारी है। इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बटोगे तो कटोगे' वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी। वहीं, इस दौरान खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा। रांची की एक रैली में खड़गे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों से पूछा कि आप लोग आदतन बार-बार झूठ बोलने वाले शख्स को वोट कैसे दे रहे हैं? उन्होंने कहा कि बीजेपी आप लोगों को बांटना चाहती है।



**खड़गे ने पीएम मोदी पर साधा निशाना**
रैली के दौरान खड़गे ने कहा कि झारखंड में पीएम मोदी का भाषण जुमला है। उनके गृहमंत्री पहले कहते थे कि वो 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि यह एक चुनावी जुमला था। ये लोग आदतन झूठे हैं। पहले इन्होंने 15-15 लाख देने की भी बात कही थी। आप आदतन झूठे को वोट कैसे दे रहे हैं?

## जेपीसी में शामिल विपक्षी नेताओं ने की लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में शामिल विपक्षी सदस्यों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। विपक्षी सदस्यों का कहना है कि जेपीसी के अध्यक्ष जगदंपिका पाल एकतरफा निर्णय ले रहे हैं। मुलाकात के बाद तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सदस्यों की चिंताओं को सुना और इस मुद्दे को देखने का आश्वासन दिया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन 2024 का नई दिल्ली में उद्घाटन किया।

## यूपी मदरसा एक्ट को संवैधानिक ठहराया

### सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने बदला हाईकोर्ट का फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट को संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त कर दिया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षा को लेकर यूपी मदरसा एक्ट के प्रावधान को यूजीसी एक्ट के प्रतिकूल मानते हुए उस प्रावधान को असंवैधानिक करार दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 22 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यूपी सरकार का कहना था कि मदरसा एक्ट को पूरी तरह रद्द करने का फैसला ठीक नहीं था। इसके सिर्फ उन प्रावधानों की समीक्षा हो सकती है, जो मूल अधिकारों के खिलाफ जाते हैं। एक्ट में जरूरी बदलाव किए जा सकते हैं, पर इसे पूरी तरह रद्द करना ठीक नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने 5 अप्रैल को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट के इस आदेश से 17 लाख छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस मामले पर विचार करते समय हाई कोर्ट ने कानून की गलत व्याख्या की। एक मदरसे के मैनेजर अंजुम कादरी और अन्य की ओर से दायर इस याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे मनमाना बताया गया था। याचिका में कहा गया है कि इस फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। लिहाजा, जब तक सुप्रीम कोर्ट मदरसा एक्ट की संवैधानिक वैधता पर फैसला लेता है, तब तक हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगे।




### निरस्त किया

▶▶ यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त कर दिया

## 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः संसदीय कार्य** मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरूआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक संसद सत्र के पहले सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और लोकसभा स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं।



**संसद में किन मुद्दों पर चर्चा के आसार**
इससे पहले दो नवंबर को आई सूचना के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है।

### होगा हंगामेदार

▶▶ सत्र की शुरूआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी: किरेन रिजिजू

## हर निजी संपत्ति नहीं ले सकती सरकारः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः क्या सरकार** को निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर उसका दोबारा वितरण करने का अधिकार है। इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने 8ः 1 के बहुमत से कहा कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति कह कर अधिग्रहण नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति की स्थिति, सार्वजनिक हित में उसकी जरूरत और उसकी कमी जैसे सवालों पर विचार जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस कृष्ण अय्यर के पिछले फैसले को बहुमत से खारिज कर दिया, जिसमें सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित नहीं किया जा सकता है। भले ही राज्य उन संसाधनों पर दावा कर सकता है जो सामग्री हैं और समुदाय द्वारा सार्वजनिक भलाई के लिए हैं।


## दिल्ली में अगले 10 दिनों तक प्रदूषण बढ़ने का अनुमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में 33 विभागों के साथ प्रदूषण की रोकथाम को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक राजधानी में अगले 10 दिन तक प्रदूषण बढ़ने वाला है। ऐसे में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी विभागों को सतर्क किया है। 6 नवंबर से 6 दिसंबर 2024 तक खुले में कोई आग ना जलाए, इसके लिए एंटी ओपन बर्निंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 588 टीमों का गठन किया गया है। गोपाल राय ने कहा कि दिवाली के बाद दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में एक्यूआई का स्तर 300-400 बना हुआ है लेकिन एक्सपर्ट का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में मौसम प्रतिकूल हो रहा है, तापमान कम हो रहा है।

## आप सत्ता परिवर्तन कीजिये, हम व्यवस्था परिवर्तन करेंगेः राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांचीः रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने झामुमो, कांग्रेस और राजद को निशाने पर लिया। उन्होंने मंगलवार को रांची के रातू में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा। झारखंड से हमारा आत्मीयता का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि दो बार भाजपा को मौका दीजिये। आप सत्ता परिवर्तन कीजिये। हम व्यवस्था परिवर्तन कीजिये। राजनाथ ने कहा कि 62,000 आदिवासी गांव के लिए हमने अलग योजना बनाई है। हर तरह से चिंता आदिवासियों की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि नवीन जायसवाल तीन बार विधायक रह चुके हैं। इस बार भी जीतेंगे तो सिर्फ विधायक नहीं रहेंगे कुछ और रहेंगे। इसलिए इनकी मदद कीजिये। इनको फिर से विधानसभा में पहुंचाइये।



**झामुमो, कांग्रेस और राजद झारखंड के विकास के तीन ब्रेकर**
राजनाथ ने कहा कि जब भी झामुमो के हाथों पर राज्य गया तब बबार्दी ही हुई। जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। झारखंड के विकास में तीन ब्रेकर झामुमो, कांग्रेस और राजद हैं। बिरसा जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। कुल 62 हजार आदिवासी गांव के लिए अलग से योजना बनाई गई है। सभी तरह से आदिवासियों की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपने राज्य बनने के बाद से अब तक 13 मुख्यमंत्री बनाये। हमारे एक भी मुख्यमंत्री केस नहीं हुआ। जेल नहीं गये लेकिन यहां के दो-दो मुख्यमंत्री जेल गये। ये दोनों भाजपा के नहीं थे। राजनाथ ने कहा कि भाजपा तेजी से विकास करती है। इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है। साथ ही कहा कि कहां से आते हैं इनके पैसे, ये आपको सोचना चाहिये।

### आह्वान

▶▶ 62,000 आदिवासी गांव के लिए हमने अलग योजना बनाई है। हर तरह से चिंता आदिवासियों की चिंता की जा रही है

# मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः जमीअत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट की वैधता के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और इसे मदरसा समुदाय के लिए न्याय की जीत बताया है। काबिलेजिक्र है कि आज सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की वैधता पर मुहर लगा दी। मौलाना मदनी ने इस फैसले को स्वागतयोग्य बताया और कहा कि यह निर्णय भारतीय मुसलमानों और विशेष रूप से मदरसों से जुड़े लोगों के लिए संतोषजनक है और प्रेरणा का स्रोत भी है। हम इसे केवल मदरसा बोर्ड के संदर्भ में नहीं देख रहे हैं, बल्कि इसमें मदरसों के विरुद्ध नकारात्मक अभियान चलाने वाले सरकारी और गैर-सरकारी तत्वों के लिए एक स्पष्ट संदेश भी छिपा है जो देश के संविधान की परवाह किए बिना एक शिक्षा प्रणाली के संबंध में दिन-रात झूठा प्रोपेगंडा चलाते हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि यह लगातार शिकायत रही है कि निचली अदालतें अपने फैसलों में



संतुलन नहीं रख पाती हैं और अक्सर पुलिस एवं सरकारी पक्ष के अनुसार फैसला करती हैं। आज सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को पलट कर संवैधानिक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित किया है। मौलाना महमूद मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी "जियो और जीने दो" पर जोर देते हुए कहा कि इस जुमले को गहराई को समझना हर भारतीय के लिए आवश्यक है। मौलाना मदनी ने इस अवसर पर यूपी मदरसा टीचर्स एसोसिएशन के न्यायिक प्रयासों की सराहना की और इस फैसले को उनकी मेहनत का फल बताया है। ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिस-ए-अरबिया के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना वहीदुल्ला खान सईदी और अन्य पदाधिकारियों ने व्हाट्सएप संदेश में जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी और महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए दायर एसएलपी में अंतिम सुनवाई की पैरवी तक ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिस-ए-अरबिया के लोगों की हर तरह से सहायता की। हमारा प्रतिनिधिमंडल अदालत में सुनवाइयों के दौरान जमीअत के कार्यालय में प्रवास करता रहा। जमीअत के कानूनी संरक्षक मौलाना नियाज अहमद फारूकी का बहुमूल्य समर्थन प्राप्त हुआ।

## जसबीर दोदवा ने किया छठ घाटों का मुआयना

### नगर निगम के अधिकारियों को दिए इंतजाम दुरुस्त करने के निर्देश

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपतः भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने मंगलवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए छठ घाटों का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन छठ घाटों पर साफ-सफाई,पानी व रोशनी की व्यवस्था के साथ-साथ तमाम इंतजाम दुरुस्त होने चाहिए। सरकार इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी।
जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। छठ पूजा का हिंदू त्योहार चार दिनों तक चलता है और अनुष्ठान, भक्ति और गहन आध्यात्मिक अर्थ से भरा होता है । इसमें सूर्य देवता की उपासना की जाती है । उन्होंने कहा कि छठ पूजा एक सांस्कृतिक परंपरा है जो संतुलन, पवित्रता और भक्ति का वर्णन करती है । सूर्य को स्वास्थ्य, धन और सफलता का देवता माना जाता है । छठ पूजा को प्रकृति से प्रेम और प्रकृति के पैदावार से



जोड़कर भी देखा जाता है , क्योंकि इसमें उगते और ढलते सूरज के सामने तमाम तरह के फल और अनाज से बने पकवानों का अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का हिस्सा है । इसमें भक्त अपने पुराने सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जुड़ते हैं और पर्यावरण के संरक्षण की भी चर्चा करते हैं ।
उन्होंने बाबा कॉलोनी पहुंचकर छठ पूजा के मद्देनजर बनाए गए घाट का निरीक्षण किया। यहां बनाए गए घाट की सफाई व पानी की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राज नारायण सिंह व पूर्व जिला संयोजक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.राहुल के साथ छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर बातचीत की और उन्हें सरकार व स्थानीय प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलवाया। उन्होंने बताया कि छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर सुनीता लोहचब, संजीव तिवारी, हरराम सिंह, रमापति उपाध्याय, अर्पित मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, अजय चौहान, अतिश पाण्डेय, प्रेमा तिवारी, आलोक मौर्या, धर्मेंद्र मौर्या, राहुल पाल, डा.ओपी गुप्ता, अनिल गिरि, रोहित सहित भारी संख्या में पूर्वांचल के लोग मौजूद थे।

## ग्रेटर नोएडा की एक सोसायटी में चलीं लाठी-तलवार

ग्रेटर नोएडाः ग्रेटर नोएडा के पाई-1 सेक्टर स्थित मीनाक्षी अपार्टमेंट में शोर शराबा करने पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष ने डंडे और तलवार निकली। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस का कहना है थाना बीटा-2 क्षेत्र के अंतर्गत मीनाक्षी अपार्टमेंट पाई-1 में शोर मचाने को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच झगड़ा व मारपीट हो गई थी। जिसमें पीड़ित पक्ष का मेडिकल परीक्षण कराते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डॉ. जितेंद्र सिंह राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 लॉन्च करेंगे

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह बुधवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 लॉन्च करेंगे। डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के लाभों और इसे बनाने की तकनीकों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (डीओपीपीडब्ल्यू) 1 से 30 नवंबर तक देशभर के 800 जिलों और शहरों में आयोजित होने वाले शिविरों के साथ

**अभियान**
**▸▸ शिविरों के साथ राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 आयोजित करेगा**

राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 आयोजित करेगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डीएलसी अभियान है। 19 बैंक, 785 जिला डाकघर, 57 कल्याण संघ, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और यूआईडीएआई टीमें महीने भर चलने वाले अभियान में सहयोग करेंगे। उल्लेखनीय है कि पेंशनभोगियों को पेंशन जारी रखने के लिए सालाना जीवन प्रमाणपत्र (एलसी) जमा करना होता है। परंपरागत रूप से एलसी भौतिक मोड में जमा किए जाते थे जिससे पेंशनभोगियों को असुविधा होती थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर, 2014 में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र ऑनलाइन जमा करने के लिए आधार आधारित योजना जीवन प्रमाण लॉन्च की थी।

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल अभियंता/IV, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| एनआईटी नं. | 21 | | |
| कार्य का नाम | PKDE, MLDE, PHWR, KLE, SHDM, MOY, NLH, GKG में ट्रैक मशीन साइडिंग सुविधाओं के प्रावधान और सीनियर DEN के अनुभाग में KUN, RUG, RDDE, KTF और NRW में RGM साइडिंग के प्रावधान के संबंध में ट्रैक कार्य–I और सीनियर डीईएन–IV डीएलआई डिवीजन पर (लागत जीएसटी सहित है।) | | |
| अनुमानित लागत | रु० 5,69,84,838.05 | धरोहर राशि | रु० 4,34,900/- |
| समापन अवधि | 12 माह | निविदा खुलने की तिथि | 29.11.2024 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 29.11.2024 को 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।
पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/260/निविदा–NIT–21–डब्ल्यू–IV/24–25
दिनांकः 01.11.2024 3419/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी नोटिस

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी। जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1 | सहारनपुर, अम्बाला शहर, कालका, शिमला व बठिंडा स्टेशनों के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका | UMB-Advt.-05-2024 | 20.11.2024 को 10:00 बजे |
| 2 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर UTS हाल के ऊपर डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु | UMB-Advt.-05-2024 | 20.11.2024 को 10:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। 3411/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बबलू सिंह पुत्र** जनक सिंह, **निवासी** गली नं0–09, हर्ष विहार, सफेद मंदिर के पास, दिल्ली, ने **FIR No. 8002/2015, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन नंदनगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बबलू सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बबलू सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 8002/2015, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन नंदनगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बबलू सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0–19, प्रथम तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14338/NE/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज खान, पुत्रः श्री, गौलम गौश, पताः मकान नं. 2010, गली नंबर 15, एल–एसटी संगम विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 439/17, U/s 392/411 IPC ,Dated. 22.08.17, पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फिरोज खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फिरोज खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 439/17, U/s 392/411 IPC, Dated. 22.08.17 पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली** के अभियुक्त **फिरोज खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–03
दक्षिण जिला, कोर्ट रूम नंबर 212
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14509/SD/2024

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस (ई)/टीएम/1 नई दिल्ली, दिनांक : 01.11.2024

**शुद्धिपत्र संख्या 2**

विषयः 23 अदद 'मल्टी परपज टैम्पर (एम पी टी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 07.11.2024 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–1
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 07.11.2024 (गुरुवार) से 26.11.2024 (मंगलवार) बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
3424/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सं.: पी0आर0वाई0जे0-सिग-030-2024-25 दिनांकः 28.10.2024

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं0:** 030 | **अनुमानित मूल्य** : ₹ 39525572.44 |

**कार्य का विवरणः** (ए) प्रयागराज मंडल के विन्ध्याचल से ब्लाक हट-के और चुनार से चोपन तक सहायक मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/मिर्जापुर के पूरे अनुभाग का अनुभागीय सिगनलिग रख रखाव, (बी) अथसराय से प्रेमपुर तक सहायक मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/फतेहपुर के पूरे अनुभाग का अनुभागीय सिगनलिग रख रखाव एवं (सी) सैयद सरॉवा से अथसराय एवं छिवकी से विन्ध्याचल तक सहायक मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/पूर्व/प्रयागराज के पूरे अनुभाग का अनुभागीय सिगनलिग रख रखाव का चौबीस माह (24) के लिय अनुबन्ध।

| | |
|---|---|
| **बिड सिक्यूरिटीः** ₹ 347600.00 | **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 0.00 |
| **कार्य समापन की अवधिः** चौबीस माह | **निविदा खुलने की तिथिः** 02.12.2024 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **निविदा खुलने का समय, तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **1916/24(A)**
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त के.वी.एम. मूर्ति मैसर्स प्रोपराइटर–मूर्ति इलेक्ट्रॉनिक्स 117A दूसरी मंजिल, अर्जुन नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली, और D-14 मोहन सिंह मार्केट, सेक्टर–6, आर.के.पुरम नई दिल्ली ने **CC. No. 520785/2016 U/s 138 NI Act.,** के अंतर्गत **थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **के.वी.एम. मूर्ति** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **के.वी.एम. मूर्ति** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC. No. 520785/2016 U/s 138 NI Act., थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **के.वी.एम. मूर्ति** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नितीश कुमार शर्मा, Ld. JMFC,
कमरा नंबर 201, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14594/N/2024

## जाति जनगणना पर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का वार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः जाति जनगणना पर राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जाति जनगणना के लिए राहुल गांधी की सुविधाजनक और गणनात्मक चिंताएं न केवल बेमानी हैं बल्कि झूठी व नकली भी हैं। वह जो कुछ कहते हैं उस पर कभी अमल नहीं

**साधा निशाना**
**▸▸ जाति जनगणना के लिए राहुल गांधी की सुविधाजनक और गणनात्मक चिंताएं न केवल बेमानी हैं**

करते और वास्तविकता में उनके कार्य हमेशा सिद्धांतों के विपरीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के मामले में जवाहरलाल नेहरू के समय से ही कांग्रेस पार्टी अन्यायपूर्ण रही है और जब समाज के वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों के उचित प्रतिनिधित्व की बात आती है तो राहुल गांधी भी उसी पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सभी राजीव गांधी फाउंडेशन के सदस्य हैं और फाउंडेशन के नौ सदस्यों में कितने दलित और आदिवासी सदस्य हैं? यह राहुल गांधी के घोर पाखंड को दर्शाता है।

## एक्शन इंडिया
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

I, DESHRAJ S/O SAJJAN MAL R/O A-34 MAJLIS PARK NEAR SHIV MANDIR ADARSH NAGAR DELHI-110033. My CORRECT NAME IS DESHRAJ. THAT MY, AADHAR NO-441384510112. THAT MY A/C NO-602010101001611.5. That BOTH DESHRAJ AND DES RAJ ARE SAME PERSON & ONE PERSON.

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो की सुशील कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी पबनेरा तह गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्प से बयान करता हूं। मेरी सगी पुत्री पूजा मेरे कहने सुनने से बहार है। मैं पूजा को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद पूजा किसी से लेन देन करती है तो वह खुद जिमेदार होगी । मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नही होंगे।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति से हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।



# राजधानी दिल्ली





# इस साल 1000 से अधिक छठ घाट बनाए जाएंगे: सीएम

## मुख्यमंत्री आतिशी ने छठ पर सभी पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं

**महापर्व की तैयारी**

**आप सरकार छठ की तैयारियों को लेकर पूरी तरह से लगी हुई है, पहले केवल 60 छठ घाट बनाए जाते थे**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान आतिशी ने छठ पर सभी पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं। सीएम आतिशी ने दावा किया कि जब से हमारी सरकार आई है, छठ को लेकर 1000 से अधिक घाट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार से बनने से पहले केवल 60 छठ घाट बनाए जाते थे।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में कहीं पर भी पूर्वांचल भाई बहन रहते हैं तो उन्हें छठ मनाने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। सरकार छठ की तैयारियों को लेकर पूरी तरह से लगी हुई है। इसके साथ ही दिल्ली में अपराध बढ़ने पर भी आतिशी ने चिंता व्यक्त की।

**छठ की तैयारियों में न रहे कोई कमी: सीएम आतिशी**


छठ महापर्व की तैयारियों में कोई कमी न रह जाए, इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री आतिशी सरकार की छठ घाटों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंची। आतिशी ने आइटीओ स्थित छठ घाट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छठी मइया की उपासना के इस महापर्व की तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि 2014 तक पूरी दिल्ली में सरकार द्वारा मात्र 60 स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन होता था। अब उनकी सरकार द्वारा 1000 से अधिक घाटों पर छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है। आतिशी ने कहा कि छठ पूर्वांचली भाइयों-बहनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। छठी मइया के साथ पूर्वांचली भाइयों-बहनों के साथ-साथ सभी दिल्लीवालों की आस्था भी जुड़ी हुई है। सीएम ने कहा कि इस क्रम में सारे विधायक और मंत्री भी लगातार सभी छठ घाट का निरीक्षण कर रहे हैं। बता दें कि

### तेजी के साथ सभी छठ घाट तैयार किए जाए

**मुख्यमंत्री** आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तेजी के साथ सभी छठ घाट तैयार किए जाएं, ताकि आखिरी दिन के लिए कोई काम न बचे और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मंगलवार से छठ पूजा की शुरूआत होगी, लेकिन यमुना की सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया। वजीराबाद से लेकर कालिंदी कुंज तक यमुना की स्थिति दयनीय है। लोग दूषित जल में पूजा करने को मजबूर हैं। वहीं, आप के मंत्री सौरभ भारद्वाज व अन्य विधायक छठ घाटों का राजनीतिकरण करने में लगे हैं। इससे आम लोगों में दिल्ली सरकार व आप के प्रति नाराजगी है।

इन घाटों पर तालाब बनाने से लेकर यहां टेंट, लाइट, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु उल्लास के साथ आस्था के महापर्व को मना सकें।

## केजरीवाल ने लोकगायिका शारदा सिन्हा के जल्द स्वस्थ होने की कामना की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकगायिका शारदा सिन्हा की हालत पिछले कुछ दिनों से बेहद गंभीर है । 26 अक्टूबर को उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया । शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान सिन्हा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है कि स्वास्थ में सुधार न होने के कारण उन्हें सोमवार को वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया । जिस पर सभी नेताओं ने उनके स्वस्थ होने की कामना की है । वहीं शारदा सिन्हा की खराब हालत देखते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि "लोकगायिका शारदा सिन्हा की सेहत में जल्द सुधार के लिए मैं प्रार्थना करता हूं। छठी मइया अपना आशीर्वाद बनाएं रखें, शारदा जल्द ही स्वस्थ होकर हमारे बीच लौटेंगी। हमारी प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।" उल्लेखनीय है कि शारदा सिन्हा ने बहुत सारे लोकगीत गाये है और साथ ही बॉलीवुड की फिल्मों में भी अपनी आवाज दे चुकी है ।

# एलजी ने पांच हाथी परिवार की मूर्तियों का अनावरण किया



**कलाकृति**

**नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा ये मूर्ति कलाकृति यहां स्थापित की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के **उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के गोल चक्कर पर पांच हाथी परिवार की मूर्तियों का अनावरण किया । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा ये मूर्ति कलाकृति यहां स्थापित की गई है और इस चौराहे का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण किया गया है। इस अवसर पर नई दिल्ली की सांसद, बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष अश्विनी कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पांच हाथी परिवार की मूर्तियों का अनावरण करने के बाद उपराज्यपाल ने सावधानीपूर्वक योजना के माध्यम से शहर के सौंदर्य परिदृश्य को समृद्ध करने के लिए एनडीएमसी की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने सोच-समझकर 20 स्थानों पर लगभग 35 मूर्तियां लगाई हैं, जिनमें उत्कृष्ट कृतियों जैसे बुद्ध, संगमरमर के शेर, पोलो घोड़ा, घोड़ा परिवार, रथ और कई अन्य कलाकृतियाँ प्रमुख स्थानों पर स्थापित हैं, जहां हर दिन पर्यटकों सहित बड़ी संख्या में लोग आते या वहां से गुजरते हैं। पिछले ढाई वर्षों में शहर के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए दिल्ली शहर भर में सैकड़ों मूर्तियां और कलाकृतियाँ स्थापित की गई हैं। सक्सेना ने कहा कि आरएमएल अस्पताल चौराहे पर स्थापित हाथी परिवार शहर को सुंदर बनाने के प्रयासों में एक और योगदान है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से यहां से गुजरने वाले लोगों को न केवल देखने में सुखद अनुभव होगा।

# हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपित को दबोचा



**काबू**

**पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिम विहार ईस्ट थाना पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान साहिल के रूप में हुई है, यह पश्चिम विहार इलाके का ही रहने वाला है। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि दो नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी पीरागढ़ी कैंप में एक महिला को बुरी तरह घायल कर दिया गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। एसीपी पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। महिला बयान देने की हालत में नहीं थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से छापेमारी शुरू की। इसी दौरान घायल महिला के जानकारों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि महिला ने रमेश नगर से पीरागढ़ी आने के लिए एक ऑटो रिक्शा हायर किया था। पुलिस ने 100 से ज्यादा ऑटो की डिटेल निकाली जो पीरागढ़ी चौक के आसपास सर्विस देते हैं। फिर इस छानबीन के बाद साहिल के बारे में पुलिस को जानकारी मिली और इसे पकड़ा गया।

# दिल्ली में अगले 10 दिनों तक प्रदूषण बढ़ने का अनुमान

## रोकथाम और निगरानी के लिए 588 टीमें तैनात



**बैठकों का दौर**

**पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 33 विभागों के साथ प्रदूषण की रोकथाम को लेकर बैठक की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में 33 विभागों के साथ प्रदूषण की रोकथाम को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक राजधानी में अगले 10 दिन तक प्रदूषण बढ़ने वाला है। ऐसे में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी विभागों को सतर्क किया है। 6 नवंबर से 6 दिसंबर 2024 तक खुले में कोई आग ना जलाए, इसके लिए एंटी ओपन बर्निंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 588 टीमों का गठन किया गया है। गोपाल राय ने कहा कि दिवाली के बाद दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में एक्यूआई का स्तर 300-400 बना हुआ है लेकिन एक्सपर्ट का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में मौसम प्रतिकूल हो रहा है, तापमान कम हो रहा है। ऐसे में एक्यूआई का स्तर बढ़ने पर कैसे विंटर एक्शन प्लान के नियमों को दिल्ली में लागू किया जाए, इसके लिए दिल्ली के 33 विभागों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में अभी तक प्रदूषण रोकने के लिए किए गए कार्रवाई की समीक्षा की गई और आने वाले दिनों में कैसे सक्रियता और सतर्कता से प्रदूषण पर लगाम लगाकर रखी जाए, इस पर चर्चा की गई। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि सभी विभागों से कहा गया है कि वह प्रदूषण के रोकथाम के लिए काम कर रही अपनी-अपनी टीमों के साथ भी बैठक करें और अगले 10 दिन तक उन्हें भी अलर्ट रखें। दिल्ली में धूल प्रदूषण, व्हीकल पॉल्यूशन समेत अन्य प्रदूषण की रोकथाम का अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में खुले में कूड़ा या अन्य सामग्री जलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए 6 नवंबर से 6 दिसंबर तक एन्टी ओपेन बर्निंग अभियान चलाया जाएगा। कल से इस अभियान में दिल्ली नगर निगम, रेवेन्यू विभाग, एनडीएमसी, दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, इरिगेशन फ्लड डिपार्टमेंट डीएसआईडीसी की 588 टीमें अलग-अलग लगाई जा रही हैं। ये टीमें फील्ड में आग की घटनाओं को रोकने का काम करेंगी। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली के अंदर नाइट ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्ड को हीटर दिया जाएगा, ताकि वे ठंड से बचने के लिए आग न जलाएं। इसके लिए सभी सरकारी व प्राइवेट एजेंसियों को आदेश दिया गया है। 500 वर्ग मीटर से अधिक की निर्माण साइट पर नाइट में काम करने वालों को भी हीटर देना अनिवार्य होगा। 300 वर्ग मीटर साइट पर भी यह आदेश जारी किया जाएगा।

# भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री का दूसरा चरण लॉन्च



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को यहां भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण की शुरूआत की है। जोशी ने राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता राज्य मंत्री बीएल वर्मा उपस्थिति थे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूसरे चरण के दौरान उपभोक्ताओं को रियायती कीमत पर 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भारत आटा और 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भारत चावल उपलब्ध कराया जाएगा। जोशी ने बताया कि दूसरे फेज के शुरूआती चरण में खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91 लाख मीट्रिक टन चावल उपलब्ध कराया गया है।

# दिल्ली में सख्ती से लागू होंगे तीनों नए आपराधिक कानून

## एलजी ने सीएम आतिशी और पुलिस कमिश्नर के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: देश** में लागू हुए तीनों नए आपराधिक कानून को दिल्ली में सख्ती से लागू किया जाएगा। इन कानूनों के कार्यान्वयन के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा सहित अन्य अधिकारियों के साथ राजनिवास में समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून को लागू करने में आ रही परेशानी सहित दूसरे विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों ने एलजी को कानून को लागू करने के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, एलजी ने सीएम आतिशी के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए 8वीं बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्हें बताया गया कि मेडिको-लीगल, पुलिस, आईटी और न्यायिक बुनियादी ढांचे के आवश्यक सुधार के संदर्भ में अब तक की प्रगति संतोषजनक रही है।

**आम नागरिकों के लाभ के लिए कानून**

वहीं, एलजी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता आम नागरिकों के लाभ के लिए कानूनों को सरल बनाने के उद्देश्य से दूरगामी कानून हैं। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को इन कानूनों के सुचारू कार्यान्वयन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और जनशक्ति को उन्नत करने का निर्देश दिया।

# डीटीसी ने दो लोगों को कुचला



**दुर्घटना**

**अनियंत्रित डीटीसी बस ने एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों को कुचलकर उनकी जान ले ली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की सड़कों पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन डीटीसी की बस भी अनियंत्रित होकर लोगों को असमय काल का ग्रास बना रही है। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में सामने आया। जिसमें बस ने एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों को कुचलकर उनकी जान ले ली। बस इतनी अनियंत्रित थी की वह पहले सड़क किनारे होर्डिंग वाले पोल में टक्कर मारकर उसको गिराया फिर सेंट्रल वर्ज से टकराकर रुकी। इस बीच बाइक से पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मी सहित दो लोगों को भी चपेट में ले लिया। यह हादसा 4 नवंबर की रात को हुआ है। जब यह अनियंत्रित डीटीसी बस ने मोनेस्ट्री मार्केट के पास रिंग रोड पर इस हादसे को रात लगभग 10 बजे से 10:30 बजे के बीच में अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार हादसे के बाद घायलों को तुरंत परमानंद अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



संसद के पुस्तकालय भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आईसीपीएस अधिकारियों के लिए नए आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हुए।

# राजधानी में बढ़ रहा सांसों पर संकट, स्मॉग में लिपटी दिल्ली



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वातावरण में स्मॉग की चादर छाई हुई है। साथ ही दिल्ली के कई इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, मंगलवार सुबह सात बजे दिल्ली के आनंद विहार का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 457, अलीपुर का एक्यूआई 391, अशोक विहार का एक्यूआई 418, चांदनी चौक का एक्यूआई 317, द्वारका का एक्यूआई 404, आईटीओ का अदक 343, जहांगीरपुरी का एक्यूआई 440, लोधी रोड का एक्यूआई 320 और रोहिणी का 401 दर्ज किया गया है।

वहीं, गाजियाबाद के इंदिरापुरम का एक्यूआई 269, लोनी का 400, वसंधुरा का 353 और नोएडा सेक्टर 62 का एक्यूआई 345 रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा गुरुग्राम के सेक्टर 51 में एक्यूआई 283 और विकास सदन में 324 दर्ज किया गया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हवा की कम गति के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। दिल्ली में सोमवार सुबह धुंध की मोटी परत छाई रही, जिससे हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी के उच्च स्तर पर रही। राय ने कहा कि सरकार इस पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। सभी संबंधित विभागों द्वारा प्रदूषण रोकने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक बुलाई है।

बैठक में विंटर एक्शन प्लान की घोषणा के बाद विभागों द्वारा अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी।मंत्री ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के संबंध में एक बैठक बुलाएगा। राय ने कहा कि अगर बैठक नहीं बुलाई गई, तो वह फिर से केंद्र से संपर्क करेंगे।

राय ने गत 23 अक्टूबर को इस मामले में केंद्र सरकार को पत्र लिखा था और इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में गत दिनों हुई वर्चुअल बैठक में भी इस मुद्दे को रखा था। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार प्रदूषण से संबंधित ग्रीन दिल्ली एप पर मिलीं लगभग 88 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा कर चुकी है। एप के माध्यम से अभी तक 81,418 शिकायतें आई हैं, जिनमें से 71,558 से ज्यादा शिकायत दूर हुई हैं।

### दिल्ली में सुबह रहा गुलाबी सर्दी का अहसास

**राजधानी** में धीरे-धीरे सर्दी बढ़ने लगी है। इस वजह से सुबह गुलाबी सर्दी महसूस की गई। अधिकतम तापमान भी पिछले दिन के मुकाबले एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आकाश साफ रहेगा। सुबह में धुंध हो सकती है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। अधिकतम तापमान सबसे अधिक पीतमपुरा में 32.9 डिग्री सेल्सियस और नरेला में सबसे कम 29 डिग्री सेल्सियस रहा।

# 'विकसित भारत की पूर्ति में युवा शक्ति की अहम भूमिका'

**युवा शक्ति**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना विकसित भारत की पूर्ति में युवा शक्ति की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज के.डी जाधव कुश्ती स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत एंबेसडर, युवा कनेक्ट कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री और युवा मामले व खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ युवा शक्ति को संबोधित किया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना विकसित भारत की पूर्ति में युवा शक्ति की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिसके निर्वहन के लिए हर राष्ट्रप्रेमी युवा समर्पित भाव से तैयार है। उन्होंने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेतृत्व में मेरा युवा भारत अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा। उल्लेखनीय है कि 'विकसित भारत एंबेसडर, युवा कनेक्ट' के तहत देश के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करता है।

# विधानसभा सत्र की आगे की बैठकें 13 से



**बी ए सी तय करेगी सत्र अवधि**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** की 15वीं विधान सभा के पहले सत्र की आगामी बैठकें 13 नवंबर से शुरू होंगी। इस संबंध में हरियाणा विधान सभा सचिवालय की ओर से प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बताया कि सत्र की आगामी बैठकों के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सत्र की आगामी बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू होगी। इससे पूर्व कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सत्र के दौरान होने वाले कार्य पर चर्चा होगी। सत्र की समय अवधि भी बीएसी की बैठक में तय की जाएगी। बीएसी के गठन संबंधी अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सत्र कार्य उत्पादकता की दृष्टि से काफी प्रभावी रहेगा। उन्होंने सभी विधायकों से अपील की कि वे पूरी तैयारी के साथ सत्र में भाग लें। सकारात्मक चर्चा से ही प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है। गौरतलब है कि 25 अक्तूबर को विधान सभा की बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी। 25 अक्तूबर को सभी विधायकों ने शपथ ली थी।

## हरियाणा में चौदह मंत्री नियुक्त किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के नायब सिंह मंत्रिमंडल में 14 मंत्री बनाए जाने को चुनौती देते हुए दाखिल याचिका पर मंगलवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने हरियाणा और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। पिछले माह 17 अक्टूबर को नायब सैनी के अलावा 13 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इसके बाद 18 अक्टूबर को एडवोकेट जगमोहन भट्?टी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की। याचिका में दलील दी गई कि मंत्रिमंडल में अधिकतम मंत्री 13.5 हो सकते हैं, लेकिन हरियाणा में इस समय 14 मंत्री हैं। संविधान के 91वें संशोधन के तहत राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा के कुल विधायकों की संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। याचिका में भट्टी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, आरती राव, राजेश नागर और गौरव गौतम के अलावा केंद्र सरकार व हरियाणा विधानसभा को प्रतिवादी बनाया है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि हरियाणा सरकार द्वारा जो मंत्री पद बांटे गए है, उसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है। विधायकों को खुश करने के लिए मंत्रियों की संख्या बढ़ाई जा रही है और उनको भुगतान जनता की कमाई से किया जाता है।

**जवाब तलब**

**हाईकोर्ट ने हरियाणा और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है**

## हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में आई गिरावट: श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को पराली को खेत में मिलाकर खाद के रूप में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे न केवल भूमि की उर्वरता में वृद्धि हो रही है बल्कि किसानों के लिए आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित हो रहे हैं। श्री राणा ने कहा कि फसल अवशेष को खेत में मिलाने से मृदा में कार्बन और अन्य पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे अगली फसलों की पैदावार में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा, वैज्ञानिक अनुसंधान से साबित हुआ है कि खेत में पराली मिलाने से मृदा का पोषक चक्र मजबूत होता है और मृदा कार्बन का स्तर बढ़ता है, जिससे अगले फसलों की उपज में भी सुधार होता है। उन्होंने बताया कि कई प्रगतिशील किसान अब फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर उर्वरक के रूप में उपयोग कर रहे हैं।



इस प्रक्रिया से न केवल प्रति वर्ष 3 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ फसल की पैदावार में वृद्धि हो रही है, बल्कि यूरिया की खपत भी कम हो कर लागत में कटौती हो रही है। यमुनानगर जिले के बकाना गांव के किसान राजेश सैनी का उदाहरण देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों से पराली को जलाने की बजाए खेत की मिट्टी में मिलाया है, जिससे उनकी फसल की पैदावार लगभग छह क्विंटल प्रति एकड़ बढ़ गई है। इस तरीके से उनकी प्रति एकड़ वार्षिक आय में 10,000 से 15,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बताया कि हरियाणा में लगभग 28 लाख एकड़ भूमि पर धान की खेती होती है।

**दावा**

**वैज्ञानिक अनुसंधान से साबित हुआ है कि खेत में पराली मिलाने से मृदा का पोषक चक्र मजबूत होता है**

## न्यूज फ्लैश

### पराली जलाने पर छह किसान गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** प्रतिबंध के बावजूद धान की फसल के अवशेष जलाने के मामले में जिला पुलिस ने मंगलवार को छह किसानों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में शहर टोहाना पुलिस ने एक किसान को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए किसान की पहचान सुरेन्द्र उर्फ डोंगी पुत्र ईश्वर निवासी गांव कन्हड़ी के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी किसान को पुलिस द्वारा जमानत पर छोड़ा गया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 अक्टूबर को कृषि विभाग टोहाना के कृषि विकास अधिकारी हर्षवर्धन की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उपायुक्त द्वारा धान कटाई उपरांत बचे हुए अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद गांव कन्हड़ी में किसान सुरेन्द्र द्वारा अपने खेत में 7 कनाल में पराली में आग लगाई हुई थी। इस पर पुलिस ने आरोपी किसान के खिलाफ केस दर्ज कर आज गिरफ्तार किया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। दूसरे मामले में सदर टोहाना पुलिस ने दो किसानों राजपाल व कृष्ण सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी धारसूल खुर्द को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 24 अक्टूबर को कृषि विकास अधिकारी टोहाना सुरेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। अन्य मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने किसान हंसराज पुत्र किशनचंद निवासी भड़ोलांवाली व वेद प्रकाश पुत्र भरत सिंह निवासी दौलतपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 27 अक्टूबर को हंसराज के खिलाफ व 3 नवंबर को वेद प्रकाश के खिलाफ पराली जलाने पर केस दर्ज किया था। एक अन्य मामले में सदर रतिया पुलिस ने किसान राजेन्द्र सिंह उर्फ राज सिंह पुत्र छोटा सिंह निवासी भूंदड़ को पराली जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 31 अक्टूबर को केस दर्ज किया गया था। इन सभी किसानों को पुलिस द्वारा जमानत पर रिहा किया गया है।

### सीबीआई अधिकारी बनकर व्यापारी को ठगने वाले दो आरोपी मध्य प्रदेश से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** सीबीआई अधिकारी बनकर व्यापारी से 88 लाख रुपए ठगने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों ने व्यापारी को मनी लॉन्ड्रिंग में गिरफ्तारी का डर दिखाया और कई घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर जांच के नाम पर यह राशि अपने खातों में ट्रांसफर करा ली थी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार न्यू कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह सुथार इंटरप्राइजेज के नाम से डोर फ्रेम का व्यवसाय करता हैं। 19 अक्टूबर को उसके व्हाट्सएप पर कई नंबरों से फोन आए थे। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और व्हाट्सएप पर सीबीआई और आरबीआई का नोटिस साझा किया। उसे बताया गया कि उसके (पीड़ित) एचडीएफसी बैंक में कई खाते खोले हुए है और इनके माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। खुद को सीबीआई अधिकारी बता रहा व्यक्ति वीडियो कॉल पर था और उसने धमकी दी कि वह कॉल न काटे और किसी को न बताएं, नहीं तो उसे सात साल की कैद हो सकती है। पीड़ित आरोपी के झांसे में आ गया और अपने बैंक खातों में मौजूद 88 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए आरोपी के बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को फिर से अगले 72 घंटों के लिए वीडियो कॉल पर रखा। आरोपी ने पीड़ित से जमानत के लिए फाइल तैयार होने की बात कहकर 15 लाख रुपए और मांगे। इसके बाद पीड़ित ने फोन काटकर अपने रिश्तेदारों से बात की और उसे पता चला कि यह एक साइबर गिरफ्तारी घोटाला है। पुलिस ने आरोपियों से 11 मोबाइल, 5 एटीएम कार्ड और 8 चेक बुक बरामद की। साइबर थाना पुलिस ने दोनों ठगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए 6 दिन की रिमांड पर लिया है।

### 2702 नव चयनित पटवारियों के दस्तावेजों की जांच 11 नवंबर से

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा हाल ही घोषित किए गए विभिन्न पदों के परिणामों के आधार पर सभी 2702 नव चयनित पटवारियों के दस्तावेजों की जांच 11 नवंबर से 21 नवंबर 2024 तक की जाएगी। उम्मीदवारों को दस्तावेजों की जांच के लिए निदेशालय भू-अभिलेख हरियाणा बेज नंबर 25-26 सेक्टर -4 पंचकूला में उपस्थित होना होगा।

## अब विधवा/तलाकशुदा बेटियों को भी मिलेगा राज्य सम्मान पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों या उनकी धर्मपत्नियों की मृत्यु के बाद उनकी बेरोजगार विधवा/तलाकशुदा बेटियों ( बशर्ते उनकी आय के अन्य स्त्रोत न हो) को भी राज्य सम्मान पेंशन का लाभ दिया जाएगा। इसमें अब सरकार ने 12 जून 2009 को जारी पूर्व के दिशा निर्देशों में संशोधन करते हुए राज्य सम्मान पेंशन पाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों या उनकी धर्मपत्नियों की मृत्यु के बाद उनकी बेरोजगार अविवाहित/विधवा/तलाकशुदा बेटियों ( बशर्ते उनकी आय के अन्य स्त्रोत न हो) तथा दिव्यांग अविवाहित बेरोजगार पुत्र जिनकी दिव्यांगता 75 प्रतिशत है, उन्हें भी पेंशन का लाभ दिया जाएगा। यदि एक से अधिक पात्र बच्चे पेंशन के हकदार हैं तो उन्हें पेंशन में समअनुपातन हिस्सा मिलेगा। हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का परिपत्र सभी मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उप मंडल अधिकारियों( उपमंडल अधिकारी नागरिक) को प्रेषित किया है।

**लाभ**

**यदि एक से अधिक पात्र बच्चे पेंशन के हकदार हैं तो उन्हें पेंशन में समअनुपातन हिस्सा मिलेगा**

## खाद की किल्लत पैदा कर रही है बीजेपी सरकार: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार द्वारा जानबूझकर खाद की किल्लत पैदा की जा रही है। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी का मकसद किसानों को घाटे में धकेलना है। यही वजह है कि 10 साल से सत्ता में होने के बावजूद बीजेपी कभी भी किसानों को समय पर पूरा खाद मुहैया नहीं करवा पाई। जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने किसानों को खाद और मंडी की कतारों में खड़ा कर रखा है। हर फसली सीजन में खाद्य केंद्रों पर किसानों को लंबी-लंबी कतारों में कई-कई घंटे, कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है। लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पाती। पिछले



दस साल से किसानों के साथ यही गैर जिम्मेदाराना रवैया रहा है । जब फसल बेचने का वक्त आता है, तब भी उन्हें कई-कई दिन इंतजार करवाया जाता है। लेकिन उन्हें एमएसपी नहीं दी जाती। थानों के भीतर खाद बांटने का दुर्भाग्यपूर्ण नजार बीजेपी सरकार ने ही किसानों को दिखाया है। बावजूद इसके हैरानी की बात है कि सरकार द्वारा लगातार झूठे दावे किए जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि खाद की कोई कमी नहीं है व उसके पास उचित मात्रा में खाद है। जबकि किसान एक-एक बैग खाद के लिए तरस रहे हैं। भारी भीड़ और लंबी कतारों में फंसे किसान धक्का-मुक्की, हाथापाई और पुलिसिया लाठीचार्ज के शिकार हो रहे हैं। सरकार को बताना चाहिए कि अगर उसके पास उचित मात्रा में खाद है तो वह किसानों को क्यों नहीं मिल पा रहा? सच्चाई यह है कि हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में किसानों को लगभग 2.8 लाख टन डीएपी की जरूरत होती है। लेकिन इस बार अब तक किसानों को सिर्फ 1.20 लाख टन डीएपी खाद ही मिल पाया है।

**आरोप**

**हनीमून पीरियड से बाहर निकालकर किसानों की समस्याओं की तरफ ध्यान दे सरकार- हुड्डा**

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम चुनाव जनवरी में: भल्ला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम चुनाव करवाने से संबंधित सभी तैयारी प्रगति पर हैं। कमेटी के लिए चालीस वार्ड बनाये गए हैं तथा लगभग दो लाख चौरासी हजार सिखों ने उक्त चुनाव के लिए मतदाता सूची में अपने नाम पंजीकृत करवाए हैं। हरियाणा के गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त न्यायमूर्ति एच.एस. भल्ला ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो आज तक हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता



सूची में अपना नाम मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं करवा पाया है, वह अब भी उक्त कमेटी की मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करवा सकता है। मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए आवेदन (इस कार्यालय द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी होने तक ) संबंधित वार्ड के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किया जा सकता है तथा उसके बाद चुनाव संपन्न होने तक आवेदन संबंधित उपायुक्त को प्रस्तुत किया जा सकता है।

**मतदाता**

**कमेटी के लिए चालीस वार्ड बनाये गए हैं तथा दो लाख चौरासी हजार सिखों ने सूची में नाम पंजीकृत करवाए**

## अटेली के पूर्व विधायक नरेश यादव का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के अटेली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक नरेश यादव का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वे 61 साल के थे और लंबे समय से पेट में इन्फेक्शन से पीड़ित थे। गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पूर्व विधायक के दोस्त राकेश प्रधान ने नरेश यादव के निधन की पुष्टि की। पूर्व विधायक नरेश यादव का जन्म 1 फरवरी 1963 को हुआ था। वह हरियाणा युवा किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष भी थे। वर्ष 2005 में उन्होंने कांग्रेस के राव नरेंद्र सिंह को हराकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव जीता था।

## सैनी कर रहे है दलित समाज का अपमान: कुमारी सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला पर जो टिप्पणी की है वह पूरे दलित समाज का अपमान है, प्रदेश के मुखिया की भाषा सभ्य और शालीन होनी चाहिए, ऐसे शब्दों का प्रयोग अस्वीकार्य एवं अति निंदनीय है। मुख्यमंत्री अहंकार में चूर होकर जानबूझकर दलित समाज का अपमान कर रहे हैं जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने सुरजेवाला पर सीएम द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कहा है कि मुख्यमंत्री के पास विपक्ष की किसी भी बात का जवाब न होने पर वे उल-जलूल भाषा बोलकर दलित समाज का अपमान कर रहे हैं और अहंकारी टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलित समाज के बगैर हरियाणा के संस्कार और संस्कृति नहीं चल सकती। सत्ता के मद में चूर मुख्यमंत्री दलित समाज का अपमान कर आखिर क्या साबित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर नेता और हर कार्यकर्ता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा। अगर सरकार के पास कोई जवाब है तो वह जनता के बीच खड़े होकर दें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव जीता है पर उसकी जनता के प्रति जवाबदेही खत्म नहीं हुई है, हम भी और जनता भी जवाब मांगती रहेंगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब भी किसानों की बात आती है तो भाजपा सरकार स्वयं को किसान हितैषी होने का दावा करती है। अगर सरकार वाकई किसान हितैषी है तो खाद और बीज के लिए किसान सुबह से रात तक लाइनों में खड़ा रहता है।

**सीएम को घेरा**

**सैनी ने रणदीप सिंह सुरजेवाला पर जो टिप्पणी की है वह पूरे दलित समाज का अपमान है**

## पर्यटन की दृष्टि से भी कुरुक्षेत्र होगा विकसित: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी कुरुक्षेत्र और आसपास के जिलों में महाभारत काल से जुड़े ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों का विकास होगा। इसे लेकर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय व पर्यटन विभाग, हरियाणा के अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।यह जानकारी पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने करनाल में आयोजित द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन के बाद दी। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय (उत्तर क्षेत्र ) द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के



उद्देश्य से ऐतिहासिक, पौराणिक व धार्मिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र व आसपास के जिलों में महाभारत काल से जुड़े ऐतिहासिक एवं प्राचीन तीर्थ स्थलों के विकास को लेकर सोमवार को देर सांय एक सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन का आयोजन करनाल स्थित कर्ण लेक बैंक्वेट हॉल में किया गया। इस अवसर पर फेमिलिराइजेशन (परिचय) टूर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के अधिकारियों और पर्यटन हितधारकों व सेवा प्रदाताओं के साथ विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर मंत्री ने द्वितीय महाभारत सर्किट कॉन्फ्रेंस कुरुक्षेत्र, हरियाणा पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिस तरह वृंदावन में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आना - जाना लगा रहता है, उसी तरह धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के आगमन को लेकर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगीं।

## पुत्र मोह में हुड्डा ने कांग्रेस के दिगज नेताओं को भी लगाया खुडे लाईन: मनीष

### हुड्डा ने सिर्फ एक जाति विशेष के नाम पर लोगों को डराया धमकाया, लेकिन आज रोहतक व झज्जर की जनता अपने आप को कर रही ठगा सा महसूस: पूर्व मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष ग्रोवर ने आरोप लगाया कि पुत्र मोह के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस का धरातल से गायब कर दिया है और पार्टी के दिगज नेताओं को भी खुड़े लाईन लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में पूर्व सीएम हुड्डा ने सिर्फ एक जाति विशेष के नाम पर मतदाताओं को डराया व धमकाया और झूठ बोलकर गुमराह किया, जिसके चलते आज रोहतक व झज्जर की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सिर्फ एक जाति विशेष से नहीं होती है,




बल्कि 36 बिरादरी के सहयोग बहुत जरूरी है, जोकि भाजपा को मिला और पूर्ण बहुमत से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की लोगों ने सरकार बनाई। साथ ही उन्होंने कहा कि रोहतक में विकास कार्यो की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और विकास कार्यो को लेकर सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सबको पता है कि पूर्व सीएम हुड्डा ने अपने बेटे दीपेन्द्र को मुख्यमंत्री बनाने के सपने लेते हुए किस तरह से दिगज नेता राव इन्द्रजीत, चौधरी धर्मबीर, कुलदीप बिश्नोई, चन्द्रमोहन, कुमारी शैलजा, अशोक तंवर, किरण चौधरी को खुडे लाइन लगाने का काम किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हमेशा से झूठ बोलो व फूट डालो की नीति रही है। मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किए गए कार्यो पर लोगों ने विश्वास जताया और तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई। उन्होंने विकास कार्यो को लेकर कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और पहले से भी ज्यादा तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे, क्योकि जनता को पता है कि भाजपा सरकार जो कहती है, वह पूरा करके भी दिखाती है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का कोई भी जनाधार नहीं बचा है और कांग्रेस का बंटाधार करने में पूर्व सीएम हुड्डा का अहम रोल है।

**साधा निशाना**

**कांग्रेस का कोई भी जनाधार नहीं बचा है और कांग्रेस का बंटाधार करने में पूर्व सीएम हुड्डा का अहम रोल है**

## दो दशक में भी नहीं बना समुदायिक केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** गुरुग्राम में समुदायिक केंद्र बनाने के मुद्दे पर विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा निर्माण का ठोस आश्वासन देने के बाद भी एक ईंट तक ना लगना क्षेत्रवासियों के साथ अन्याय है। क्षेत्र के पूर्व पार्षद का कहना है कि वे 20 साल से इस मुद्दे को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा रहे हैं। इसके बाद भी काम नहीं हुआ। अब 21वें साल में एक बार फिर से उन्होंने गुडगांव के नवनिर्वाचित विधायक के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। नगर निगम गुरुग्राम अंतर्गत वार्ड-10 (नया घोषित वार्ड-33) में मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत कम्युनिटी सेंटर बनाया जाना था। मनोहर सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसकी घोषणा की थी। घोषणा के 8 साल बाद भी इस प्रोजेक्ट की फाइल गायब है। वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी बताते हैं कि उन्होंने कांग्रेस सरकार में भी लक्ष्मण विहार में कम्युनिटी सेंटर बनवाने की मांग उठाई थी। कांग्रेस सरकार के 10 साल भी बीत गए। भाजपा सरकार के भी 10 साल बीत चुके हैं। उन्होंने मंगलवार को गुडगांव के विधायक मुकेश शर्मा को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि कम्युनिटी सेंटर के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को दर्जनों बार मांग पत्र सौंप चुके हैं। इस पर कुछ काम नहीं हुआ। मंगतराम बागड़ी ने विधायक को सौंपे मांग पत्र सौंपने के दौरान पतराम जांगड़ा, ईश्वर अध्यक्ष आरडब्ल्यूए, अजीत साहू, दीपक शर्मा, रमेश जांगड़ा, साहिल बागड़ी आदि ने कहा कि सामुदायिक भवन की मांग कांग्रेस के कार्यकाल में एक दशक से लंबित रही। बीजेपी सरकार में इस पर सुनवाई हुई। अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण भी किया गया, लेकिन काम शुरू नहीं किया जा सका। उन्होंने मांग पत्र में कहा है कि सरकारी जमीन एक विभाग से दूसरे विभाग को हस्तांतरित किया जाता है।

**मांग**

**क्षेत्र के पूर्व पार्षद का कहना है कि वे 20 साल से इस मुद्दे को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा रहे हैं**

# पर्यटन की दृष्टि से पौराणिक एवं धार्मिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र को किया जाएगा विकसित

## द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पर्यटन मंत्रालय (उत्तर क्षेत्र) भारत सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक, पौराणिक व धार्मिक क्षेत्र कुरूक्षेत्र व आसपास के जिलों में महाभारत काल से जुड़े ऐतिहासिक एवं प्राचीन तीर्थ स्थलों के विकास को लेकर सोमवार को देर सांय कर्ण लेक बैंक्वेट हॉल में द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन और एफएएम टूर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के अधिकारियों और पर्यटन




हितधारकों व सेवा प्रदाताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन का डॉ. अरविंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

इस मौके पर मंत्री ने द्वितीय महाभारत सर्किट कांफ्रेंस कुरुक्षेत्र, हरियाणा पर एक पुस्तक का भी विमोचन किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से कुरुक्षेत्र व आसपास के जिलों में महाभारत काल से जुड़े ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों का विकास होगा। इसको लेकर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार व पर्यटन विभाग, हरियाणा के अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध

**सम्मेलन**

**⏩ देर सांय कर्ण लेक बैंक्वेट हॉल में द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन और एफएएम टूर का आयोजन किया**

तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारी जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह वृंदावन में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, उसी तरह धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के आगमन को लेकर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगीं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि महाभारत सर्किट के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के साथ-साथ करनाल व पानीपत का काला आम्ब भी शामिल किया जाना चाहिए। यहां भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

**हरियाणा में पर्यटन की दृष्टि से हो रहा बेहतरीन कार्य :** पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन की दृष्टि से बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं। पर्यटन में हरियाणा अग्रणी राज्यों में से एक है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और बेहतर तरीके से योजना बनाकर पर्यटन स्थलों को सुविधाजनक बनाया जाएगा।

# मुगल कैनाल के बेसमेंट में चोरी छिपे चल रहा स्पा सेंटर

**तोड़फोड़**

**⏩ इतना ही नहीं दुकान में जमकर तोडफोड़ भी हुई। युवक और युवती चोटिल भी हुए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुगल कैनाल पर बेसमैंट में चोरी छिपे मसाज सेंटर चलाए जाने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा तब हुआ, जब बेसमैंट के ऊपर कोरियर की दुकान में दो युवकों और युवतियों में आपस में झगड़ा हुआ। इतना ही नहीं दुकान में जमकर तोडफोड़ भी हुई। युवक और युवती चोटिल भी हुए हैं। तोडफोड़ के बाद युवक और युवती मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी दुकानदार कर्मबीर सिंह व अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि जिस कोरियर की दुकान पर तोडफोड़ हुई है, उसके बेसमैंट में एक तरफ से कोठा चलाया जा रहा है। जहां पर गलत काम होता है। यहां पर स्पा सेंटर खोला गया है। जहां पर दिन में न जाने कितनी लड़कियां आती है और कितनी जाती है। आज भी दो युवकों का एक युवती को लेकर झगड़ा हो रहा था। उसी के कारण तोडफोड़ हुई और तोडफोड़ के बाद युवक और युवती मौके से फरार हो गए। अगर यह झगड़ा नहीं होता तो शायद यह स्पा सेंटर भी पुलिस की नजर में नहीं आता। ईआरवी इंचार्ज संजय कुमार ने बताया कि मुगल कैनाल पर एक दुकान पर कुछ युवक और युवतियों के बीच झगड़े की जानकारी मिली थी। इसके बाद हम मौके पर पहुंचे, लेकिन यहां पर कोई नहीं मिला। दुकान के अंदर तोडफोड़ हुई है। बेसमेंट भी चेक किया गया है। वहां पर तीन छोटे छोटे केबिन बने हुए हैं, लेकिन बेसमेंट में कोई नहीं मिला। यह सब जांच का विषय है। संबधित थाना सिविल लाइन को मामले की जानकारी दे दी गई है।

# सदमे से बाहर निकलें कांग्रेस के लोगः अरविंद शर्मा

**समीक्षा कमेटी**

**⏩ हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार हुई, लेकिन कांग्रेस फिर भी सोच रही थी कि वे जीतने वाले थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कांग्रेस की 8 सदस्यीय समीक्षा कमेटी को लेकर बड़ा तंज कसा है। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार हुई, लेकिन कांग्रेस फिर भी सोच रही थी कि वे जीतने वाले थे, लेकिन हार गए। कांग्रेस अभी तक भी उस सदमे से बाहर नहीं निकल पाई है, क्योंकि कांग्रेस ने खुद ही झूठ का पुलिंदा इतना बड़ा बना लिया था कि हमारी सरकार आएगी, कांग्रेस की सरकार आएगी। कांग्रेस के लोग अब तक इससे बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं।

बीती देर शाम को कर्ण लेक पर आयोजित द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन में अरविंद शर्मा ने कहा कि अब उनको पता ही नहीं लग रहा है कि भाजपा की तीसरी बार सरकार बन गई। नायब सैनी मुख्यमंत्री बन गए, कांग्रेस को इस बात का पता ही नहीं है, वे अपनी धुन में है। इस सदमे से और बात से कांग्रेस के लोगों को बाहर आना चाहिए। अपनी आंखों पर लगे चश्मों को हटाकर उन्हें देखना चाहिए कि हरियाणा में 36 बिरादरी ने मिलकर तीसरी बार भाजपा की सरकार बन चुकी है और इसका ध्यान कांग्रेस को है या नहीं, यह मुझे समझ में नहीं आ रहा।

कनाडा के अंदर विरोध प्रदर्शनों के सवाल पर डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि अल्पसंख्यकों का जितना सम्मान अपने देश में है, उतना किसी देश में नहीं है। एक बात कह देना चाहता हूं कि कोई भी देश हो, जो हिंदुओं का अपमान करेगा या कर रहा है, वह ज्यादा लंबा चलने वाला नहीं है। यह भी आगे आ जाएगा।

अरविंद शर्मा ने कहा कि द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन में का लक्ष्य टूरिज्म को बढ़ावा देना है। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेशनल लेवल के ट्रेवलर्स को बुलाया गया है, यूट्यूबर्स को बुलाया गया है, इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया, प्रिंट मीडिया, होटलर्स है, इन सबके साथ कुरूक्षेत्र सर्किट की मीटिंग रखी गई है। कुरूक्षेत्र में जो-जो पॉइंट आते हैं, उन सबको मिलाकर एक सर्किट तैयार किया गया है। जिसका मकसद है, इस सर्किट में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु आए, पर्यटक आए और लोगों की संख्या बढ़े तथा हरियाणा में टूरिज्म को बढ़ावा मिले। जैसे अयोध्या में भगवान श्रीराम की स्थली है, ऐसे ही कुरूक्षेत्र भगवान कृष्णा की स्थली है। यहीं पर गीता का उपदेश दिया गया था। इसके अतिरिक्त गीता मुनि ज्ञानानंद जी महाराज ने भी विश्व स्तर पर भगवत गीता का प्रचार-प्रसार किया है।

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने पति पर लगाए हत्या के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की हांसी चौक गली नंबर 3 में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। विवाहिता 20 दिन पहले ही अपने पति के साथ किराये के मकान पानीपत से यहां रहने आई थी। परिजनों ने दामाद पर ही उनकी बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान 22 वर्षीय अंजलि के रूप में हुई है।

मृतका के भाई साहिल ने बताया कि अंजलि ने उनके खिलाफ जाकर अपनी मर्जी से मुकेश नाम के युवक के साथ शादी की थी, जो पानीपत में गौशाला में काम करता था और अब 20 दिन पहले ही करनाल में किराए के मकान में उसकी बहन अंजलि अपने पति व अपनी छोटी-छोटी दो लड़कियों के साथ रहने आई थी। साहिल ने बताया कि सोमवार रात को मुकेश का उनके पास फोन आया कि अंजलि ने पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। वह उसे अस्पताल लेकर जा रहा है, जिसके बाद जब अस्पताल पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं आज जब वह उसकी बहन के घर गए तो वहां देखा कि उनके कमरे में कोई पंखा ही नहीं है और न ही मौके पर कोई चुन्नी मिली। साहिल ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को उसका पति परेशान करता था और नशे का आदी है। अब वह कोई काम भी नहीं कर रहा था। उसके बाद भी उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। मुकेश ने ही उसकी बहन की गला दबाकर हत्या की है।



## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 06.11.2024 एवं 07.11.2024 को पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**दिनांक 06.11.2024 (बुधवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली वंदे भारत त्यौहार स्पेशल | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | वाता. कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 04022 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:40 | सीतामढ़ी ज. | 15:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, राय बरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | प्रथम वाता.+2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं लखनऊ |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05038 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:10 | बनारस | 01:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं भदोही |
| 04056 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:05 | बलिया | 10:00 | प्रथम वाता.+2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., जौनपुर जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04040 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:30 | भागलपुर | 11:40 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज |
| 02246 | हजरत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुलतानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04684 | नई दिल्ली | 21:30 | सहरसा जं. | 04:00 | 3 टियर वाता | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरियासदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |

**दिनांक 07.11.2024 (गुरुवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 2 + 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05110 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:55 | छपरा | 06:45 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सिवान जं. |
| 04028 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 2+3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 05004 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद |
| 04074 | दिल्ली जं. | 23:55 | कोलकाता | 03:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., किऊल, जसीडीह जं., मधुपुर जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर एवं बर्धमान |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04674 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें


# सडक दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** यूपी के कैराना में यमुना पुल के नजदीक और पुलिस चौकी के सामने सडक पार कर रहे व्यक्ति को एक बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

युवक नोएडा के एक यूनिवर्सिटी में काम करता था और शामली के नजदीक अपने गांव में अपनी बहन से भैया दूज पर तिलक लगवाने के लिए आया था और अपनी ड्यूटी पर वापस लौटने के लिए घर से निकला था। कैराना के पास वह बस में चढ? के लिए



सडक क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक आई और सीधी टक्कर मार दी। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आमजन की समस्याओं का समाधान : आनंद


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेशभर में लग रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। बड़ी संख्या में आमजन इन समाधान शिविरों में पहुंच रहे हैं और प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से जुड़ी शिकायतों का निवारण करवा रहे हैं। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछले दिनों समाधान शिविरों की शुरूआत की थी। नगर निगम, नगर पालिकाओं और बीडीपीओ कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का तुरंत हल हो रहा है।

# जिलेकार के समाधान शिविरों में आई 20 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिले भर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। मंगलवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 20 शिकायतें आई, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 4 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम के कार्यालय में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने शिकायतों को सुना। यहां 2 शिकायतें आई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं असंध



नगरपालिका कार्यालय में 2 शिकायत आई, जिसका मौके पर निवारण कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका में 5 शिकायत आई, इनका भी मौके पर समाधान कर दिया गया। वहीं बीडीपीओ कार्यालय, करनाल में 4 शिकायतें आई, जो अभी लंबित है। बीडीपीओ कार्यालय घरौंडा में 3 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर समाधान किया गया। कुंजपुरा कार्यालय में 4 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। बता दें कि जिला की प्रत्येक नगर पालिका और बीडीपीओ कार्यालयों व नगर निगम के दफ्तरों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## संपादकीय

# सूर्य उपासना का पर्व है छठ पूजा

**ऊर्जा का** सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है। छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है। छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं। छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं। छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था।

# महाराष्ट्र चुनाव नैतिकता विहीन और विचार शून्य

नरेंद्र तिवारी

> "चुनाव जीतकर नेता जनता की सेवा का संकल्प लेते है। किंतु जो परिवेश महाराष्ट्र की राजनीति के वर्तमान दौर में दिख रहा है। वह भारत के प्रजातंत्र की असली तस्वीर तो नहीं कही जा सकती है। इस परिवेश के निर्माण में कोई एक दल जिम्मेदार नहीं सभी दल यहां एक जैसी कार्यप्रणाली से राजनीतिक गतिविधियों को संचालित कर रहे है। महाराष्ट्र प्रदेश में 20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए नाम वापसी तक कुल 10900 उम्मीदवारों में से 983 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापिस ले लिया है। चुनाव आयोग के मुताबिक 1654 उम्मीदवारों के नामांकन रिजेक्ट किए गए। चुनाव मैदान में 8272 उम्मीदवार बचे है। कांग्रेसनित महाविकास आघाड़ी जिसमें कांग्रेस, एनसीपी शरद, शिवसेना उद्धव गुट शामिल है"

**दलीय द**लदल किसी राज्य में नजर आता है, तो वह भारत के आर्थिक रुप से सम्पन्न राज्य महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में दिखाई देता है। जहां वर्तमान दौर की राजनीति विचार शून्य ओर नैतिकता विहीन नजर आ रही है। नामांकन दाखिल किए जाने के बाद से वापसी तक जो राजनीतिक घमासान नजर आ रहा है। वह दलीय निष्ठाओं के ऊपर व्यक्तिगत, पारिवारिक हितों को स्थापित करता दिखाई देता है। यहां जिस प्रकार कि राजनीति चल रही है उसका असर भारत की राजनीति को निश्चित रूप से प्रभावित करेगा। राजनीति का इससे पहले इतना अवमूल्यन कभी नहीं देखा गया जैसा महाराष्ट्र के कुछ बरसों एवं 2024 के विधानसभा चुनाव में देश सहित महाराष्ट्र की जनता देख रही है। राजनीति का ऐसा घालमेल जहां यह तय कर पाना मुश्किल हो जाए कि किस दल की विचारधारा कौनसी है? कौन किसका साथी है? सुबह इस पार्टी का नेता शाम तक किसी दूसरी पार्टी में टिकिट हथियाने के लिए चले जाएगा कहा नहीं जा सकता है। राजनीति की क्रूर सच्चाई के महाराष्ट्रीयन उदाहरणों ने दलगत निष्ठा, भरोसा, नैतिकता, विचार जैसे सकारात्मक राजनीति के गढ़े गए शब्दों से विश्वास ही उठा दिया है। क्या महाराष्ट्र भारतीय राजनीति का दर्पण है ? जिसमें दिखाई देने वाली राजनैतिक तस्वीर भारतीय राजनीति का असली चित्र प्रस्तुत कर रही है ? जबकि बरसों से राजनीतिक दलों ने देश की जनता को बताया कि प्रजातंत्र में राजनीतिक दल अपने सिद्धांत कार्यक्रम ओर एजेंडा लेकर मतदाता के समक्ष जाते है। जनता की सेवा और राष्ट्रसेवा नेता और दल का परम दायित्व है। दलीय राजनीति में व्यक्ति और परिवार गौण रहते है, नीति और कार्यक्रम मुख्य होते है, जिसे जनता के सामने रखकर राजनीतिक दल देश प्रदेश की सेवा का बहुमत प्राप्त करता है। सरकार बनाने के लिए एक ही विचारधारा के साथी दल आपसी गठबंधन बनाकर चुनावी समर में उतरते है। बेमेल गठबंधन राजनीति में भ्रष्टाचार को बढ़ाते है।महाराष्ट्र की राजनीति में खरीद फरोख्त एवं भ्रष्टाचार का बोलबाला पहले से ही मौजूद रहा है, किंतु बीते कुछ सालों से जोड़तोड़ की सरकारों के दौर में राजनीति की



तस्वीर बेहद भद्दी और घिनौनी हो गई है। महाराष्ट्र की राजनीति के विषय में कहा जाता है कि यहां खुलेआम धनबल, बाहुबल, सत्ताबल का प्रयोग चुनाव में किया जा रहा है। नेता धनबल के प्रयोग से चुनाव जीतकर सत्ता की मंडी में अपनी बोली लगाते हैं, इस बोली में विचारधारा, नैतिक मूल्य, दलीय निष्ठा को भी दांव पर लगा दिया जाता है। यहां पहले भी ऐसा हो चुका है, अब इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

चुनाव जीतकर नेता जनता की सेवा का संकल्प लेते है। किंतु जो परिवेश महाराष्ट्र की राजनीति के वर्तमान दौर में दिख रहा है। वह भारत के प्रजातंत्र की असली तस्वीर तो नहीं कही जा सकती है। इस परिवेश के निर्माण में कोई एक दल जिम्मेदार नहीं सभी दल यहां एक जैसी कार्यप्रणाली से राजनीतिक गतिविधियों को संचालित कर रहे है। महाराष्ट्र प्रदेश में 20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए नाम वापसी तक कुल 10900 उम्मीदवारों में से 983 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापिस ले लिया है। चुनाव आयोग के मुताबिक 1654 उम्मीदवारों के नामांकन रिजेक्ट किए गए। चुनाव मैदान में 8272 उम्मीदवार बचे है।

कांग्रेसनित महाविकास आघाड़ी जिसमें कांग्रेस, एनसीपी शरद, शिवसेना उद्धव गुट शामिल है इस गठबंधन को जहां अपने ही साथी दलों के बागी उम्मीदवारों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा से कमल व्यवहार की बगावत कायम है, पुणे पार्वती अम्बा बागुल कांग्रेस से बगावत पर कायम है, शिवाजी नगर कांग्रेस से मनीष आनंद की बगावत कायम है। माजलगांव, सोलापुर, नागपुर में महाविकास आघाड़ी में बागी उम्मीदवार मैदान में है। समाजवादी पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार कुछ विधानसभा से उतारे है। महायुति में भी अनेकों सीटों पर बगावत के सुर सुनाई दे रहें है। इस गठबंधन में भाजपा, शिवसेना शिंदेगुट और एनसीपी अजित पवार गुट शामिल है। महायुति का गठबंधन महाराष्ट्र की सरकार में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज है। भाजपा से जुड़े दोनों दल अपनी पार्टी से विद्रोह कर शामिल हुए है। महायुति में नामांकन वापसी के बाद भी अनेकों उम्मीदवारों ने बागी के रूप में चुनाव लड़ने की ठान ली है। कुलमिलाकर दोनो ही गठबंधनो में पार्टी की निष्ठा कमजोर हुई है। सत्ता प्राप्ति के लिए दलबदल सामान्य बात हो गई है। भाजपा जैसी बड़ी पार्टी ने एक रणनीति के तहत अपनी पार्टी के नेताओं को दलबदल कराकर अपने गठबंधन की दूसरी पार्टियों में भेजकर टिकिट दिलवाए है। प्रसिद्ध लेखक आर आर जैरथ ने अपने एक लेख में स्पष्ट लिखा कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा का स्पष्ट रूप से दबदबा है। भाजपा ने शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजित गुट को अपनी अपेक्षा से अधिक सीटें देना पड़ी। उसने अपने सहयोगियों को शिवसेना और एनसीपी से चुनाव लड़ने को मजबूर किया। भाजपा के 16 नेताओं ने शिवसेना और एनसीपी से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी छोड़ दी है। उदाहरण के लिए भाजपा प्रवक्ता और परिचित टीवी चेहरा साइना एनसी तथा पूर्व केंदीय मंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे के बेटे नीलेश को शिवसेना के टिकिट से चुनाव लड़ाया गया है। अजित पंवार ने भी चार भाजपा नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर उन्हें चुनाव लड़ाया है। चुनाव के समय हुए इस दलबदल से साफ जाहिर है। पार्टी की निष्ठा यहां कोई मुद्दा ही नहीं है। महाराष्ट्र में सभी पार्टियों और नेताओं का लक्ष्य महज सत्ता प्राप्ति है। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों में सत्ता प्राप्ति के लिए बेमेल गठबंधन नहीं हुए पर महाराष्ट्र में यह अधिक दिखाई दे रहा है। इससे पूर्व विधानसभा चुनाव प्रदेश के मतदाता भाजपा, शिवसेना और कांग्रेस एनसीपी गठबंधन में से अपना चुनाव करते थै। पूर्व के इन गृहबंधनों की विचारधारा भी एक सी रही है। अब जबकि दो शिवसेना और दो एनसीपी मैदान में है, एक आघाड़ी तरफ तो दूसरी युति के पक्ष में है, मतदाता महाराष्ट्र चुनाव के दलीय दलदल से भ्रमित है। जनता के सामने एक स्थाई सरकार चुनने का कठिन प्रश्न खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र का यह राजनैतिक घालमेल जहां सत्ताबल, बाहुबल, धनबल का खुलेआम प्रदर्शन हो रहा है। यहां चुनाव आयोग को भी सख्त रवैया अपनाने की आवश्यकता है। धनबल, सत्ताबल और बाहुबल के प्रयोग से बना जनप्रतिनिधि जनता के हितों पर कम अपने निजी हितों पर अधिक ध्यान देतें है। चुनाव में स्वच्छता, पारदर्शिता होनी चाहिए। अनुचित संसाधनों के प्रत्योग पर कठोर पाबंदी लगनी चाहिए। चुनाव में प्रयुक्त अनुचित साधन प्रजातंत्र को कमजोर करते है। जनतंत्र को कमजोर करने वाली इस राजनीति को सिरे से नकारने की सबसे बड़ी जवाबदेही महाराष्ट्र की जनता के जिम्मे है। महाराष्ट्र को एक स्थाई सरकार की आवश्यकता है। दलों के दलदल से ही जनता को अपने वोट की ताकत से ईमानदार और स्वच्छ चरित्र वाले नेताओं को चुनना है। महाराष्ट्र में चल रही मौजूदा राजनीति देश और महाराष्ट्र के हितों के अनुकूल तो बिल्कुल भी नहीं है।

## कविता

एक भलाई का काम पाक कर देखो।

जरा अपनी गिरेबां में झांक कर देखो
गरीबों की जिंदगी में झांक कर देखो।

पराई चादरों में छेद करना आसान है बहुत
कभी अपनी फटी पैबंद टांक कर देखो।

मौज मस्ती में तो सब जी लेते हैं
मुफलिसी में धूल फांक कर देखो।

क्या किसी पराये दर्द में झलके आंसू
जरा अपना दिल भी चाक कर देखो।

परेशान क्यों दूसरों की दौलत देखकर
एक भलाई का काम पाक कर देखो।

दौलत,शोहरत चार दिन की चांदनी संजीव,
अपनी जिंदगी दूसरों में खाक कर देखो।

संजीव

## प्रदूषण से डल हो चुके चेहरे पर निखार लाने के टिप्स

**शहनाज हुसैन**

**देश** के अधिकतर हिस्सों के प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर रहा है / इस सीजन में हर साल हम प्रदूषण की समस्या से जूझते हैं /

अनेक शहरों की हवा साँस लेने लायक नहीं रह गई है और सेहत के प्रति संजीदा लोग मास्क पहन कर ही घर से बाहर निकल रहे हैं / कंस्ट्रक्शन , व्हीकल्स , पराली जलाने , फैक्टरियों के धुएँ और कई अन्य कारणों से आगामी दिनों में स्थिति बद से बदतर हो सकता है /हालाँकि बायु प्रदूषण से सेहत को होने बाले नुकसान के बारे में ज्यादातर लोग जागरूक हैं लेकिन बायु प्रदूषण से बालों, त्वचा ,चेहरे की सुन्दरता पर पड़ने बाले खतरनाक प्रभाव से कम ही लोग बाकिफ हैं / वायु में बढ़ते प्रदूषण से न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है लेकिन उससे आपकी खूबसूरती पर भी ग्रहण लगता है/

शहरो में बढ़ते बायु प्रदूषण से आपको फेफड़ों के रोगों के अलाबा समय से पहले बुढ़ापा ,पिगमेंटेशन ,त्वचा के छिद्रों में ब्लॉकेज आदि अनेक सौन्दर्य समस्यायें खड़ी हो जाती हैं / ज्यादातर भारतीय शहरों में बाहनों , एयर कण्डीशन ,धुल , धुएं आदि से आसमान में बनने बाली जहरीली धुंद की चादर से माइक्रोस्कोपिक केमिकल्स की एक परत बन जाती है जिसके कण हमारे छिद्रों के मुकाबले 20 गुणा ज्यादा पतले होते है जिसकी बजह से बह हमारी बाह्री त्वचा से हमारे छिद्रों में प्रवेश कर के त्वचा की नमी को खतम कर देते हैं जिससे त्वचा में लालिमा , सूजन ,काले दाग ,त्वचा में लचीलेपन में कमी, आ जाती हैं जिससे त्वचा निर्जीव , शुष्क , कमजोर एवं बुझी बुझी सी हो जाती है / वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण त्वचा तथा खोपड़ी के सामान्य सन्तुलन को बिगाड़ देते है जिससे त्वचा में रूखापन, संवेदनहीनता लाल चकत्ते, मुहांसे तथा खुजली एवं अन्य प्रकार की एलर्जी एवं बालों में रूसी आदि की समस्यायें उभर सकती है।

लेकिन अगर आप शहरों में रहते हैं तो आप प्रदूषण से कभी छुटकारा नहीं पा सकते लेकिन अच्छी खबर यह है की आप प्रदूषण से सौन्दर्य को होने बाले नुकसान को काम कर सकते हैं /

आयुर्वैदिक घरेलू उपचार तथा प्राचीन औषद्यीय पौधो को मदद से प्रदूषण के सौंदर्य पर पढ़ने वाले प्रभाव को पूरी तरह रोका जा सकता है तथा आपका सौन्दर्य सामान्य रूप से निखरा रह सकता है। प्राचीन औषधीय पौधों को घर में लगाने से वायु में विषैले तत्वों को हटाकर वायु को स्वच्छ रखा जा सकता है क्योंकि यह पौधे वातावरण में विद्यमान हानिकारक गैसों को सोखकर घर में वातावरण को शुद्ध कर देते है। वायु प्रदूषण का सबसे खतरनाक असर त्वचा पर पड़ता है क्योंकि प्रदूषण के विषैले तत्व त्वचा पर सीधा प्रहार करके त्वचा में विषैले पदार्थो का जमाव कर देते है।

## विचार

# पानी में घुलनशील उर्वरक

**-डॉ.सत्यवान सौरभ**

**जल-घुलनशील** उर्वरकों जैसे पर्यावरण के अनुकूल और कुशल उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने वाली नीतियों और सब्सिडी को मजबूत किया जाना चाहिए। जल-घुलनशील उर्वरकों को अन्य टिकाऊ कृषि पद्धतियों, जैसे फसल चक्रण, कार्बनिक पदार्थ समावेशन और जल प्रबंधन तकनीकों के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। जल-घुलनशील उर्वरक मक्का चारा उत्पादन में पारंपरिक उर्वरकों के लिए एक टिकाऊ और कुशल विकल्प का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे उर्वरक उपयोग दक्षता में सुधार करते हैं, मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करते हैं और गुणवत्ता से समझौता किए बिना उच्च चारा उपज सुनिश्चित करते हैं। जल-घुलनशील उर्वरक एक संतुलित, पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी दृष्टिकोण प्रदान करते हैं जो पर्यावरणीय जोखिमों को कम करते हुए किसानों को कृषि उत्पादकता बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। पानी में घुलनशील उर्वरक-उर्वरक का उपयोग दक्षता बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने और मक्का जैसी चारा फसलों में उच्च पैदावार को बनाए रखने के लिए एक प्रमुख कृषि-अवरोध के रूप में उभरा है। पारंपरिक उर्वरक अक्सर असमान पोषक तत्व वितरण, खराब फसल प्रतिक्रिया और पर्यावरणीय नुकसान का कारण बनते हैं।

इसके विपरीत, पानी में घुलनशील उर्वरक एक संतुलित पोषक आपूर्ति प्रदान करते हैं, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और फोरेज में नाइट्रेट संचय जैसे मुद्दों को रोकते हैं, जो पशुधन को नुकसान पहुँचा सकते हैं। चारा उत्पादन में उर्वरक आवेदन महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह चुनौतियों के साथ आता है। मक्का के चारे में बायोमास और कच्चे प्रोटीन को बढ़ाते हुए, नाइट्रोजन-भारी उर्वरकों के परिणामस्वरूप नाइट्रेट संचय हो सकता है, जो पशुधन को नुकसान पहुँचा सकता है। प्रभावी उर्वरक उपयोग संतुलित पोषक तत्वों की आपूर्ति, फसल प्रतिक्रिया में सुधार और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करता है। अंधाधुंध उर्वरक आवेदन के कारण फसल की पैदावार खराब हो सकती है, मिट्टी के स्वास्थ्य का क्षरण और प्रदूषण हो सकता है। क्षेत्र परीक्षण पोषक तत्वों की आपूर्ति, पोषक तत्वों का उपयोग दक्षता और फसल प्रतिक्रियाओं में पर्याप्त परिवर्तनशीलता को प्रकट करते हैं। क्षेत्रों में इस तरह की विसंगतियाँ समग्र चारा उत्पादकता को प्रभावित करती हैं। इन अक्षमताओं का मुकाबला करने के लिए, विशिष्ट क्षेत्र विशेषताओं के अनुरूप सटीक पोषक तत्व और फसल प्रबंधन आवश्यक है। मिट्टी और उर्वरक वितरण के प्रबंधन के लिए ज्ञान-गहन दृष्टिकोण चारा उत्पादन में परिणामों में काफी सुधार कर सकते हैं। पानी में घुलनशील उर्वरक पौधों के लिए बेहतर पोषक तत्वों की पेशकश करके एक आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं। ये उर्वरक पूरी तरह से पानी में घुलनशील होते हैं और एक कम नमक सूचकांक होता है, जिससे उन्हें पर्ण स्प्रे के रूप में या सिंचाई के माध्यम से आवेदन करना आसान हो जाता है। विभिन्न एनपीके योगों (जैसे, 19-19-19) में उपलब्ध, पानी में घुलनशील उर्वरकों में सल्फर और जस्ता जैसे द्वितीयक पोषक तत्व भी होते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि पोषक तत्व पर्यावरणीय कारकों जैसे लीचिंग, कटाव या वाष्पीकरण से प्रभावित बिना फसलों के लिए उपलब्ध रहें।

पानी में घुलनशील उर्वरक पोषक तत्वों की अपव्यय को रोककर पोषक तत्वों के उपयोग दक्षता में सुधार करते हैं। उदाहरण के लिए, अनुशंसित उर्वरक खुराक के लगभग 25-30% को पानी में घुलनशील उर्वरकों के माध्यम से बचाया जा सकता है, किसानों के लिए इनपुट लागत को कम करते हुए, इनपुट लागत को कम करते हुए।

ये उर्वरक मिट्टी में नमक संचय में योगदान नहीं करते हैं, लंबी अवधि में मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। पानी में घुलनशील उर्वरकों का उपयोग विभिन्न प्रकार के क्षेत्र की स्थितियों में किया जा सकता है और एक कुशल, संतुलित पोषक आपूर्ति प्रदान करता है, जिससे उच्च चारा पैदावार और चारा की पोषण गुणवत्ता में सुधार होता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# डुकरिया पुराण के शकुन-अपशकुन का विवेचन

**आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार**

**सनातन** धर्म में 4 वेदों 108 उपनिषदों ओर 18 पुराणों की मान्यता है जिसकी रचना करने वालों सहित उनकी कथा आदि करने वाले व्यासपीठ धारी आचार्यों आदि का पता चलता है किन्तु अनादि काल से इन सबके बीच में लोक विश्वास ओर मान्यताओं की सामान्य दूषित प्रवृत्ति में शुभ अशुभ को केंद्र मे रखकर निषेधात्मक कार्यों की रोक टोक-कार्यान्वित किए जाने के अस्तित्व को कायम रखे जाने को महत्व दिया गया है ओर उसकी अनलिखी बातों को डुकरिया पुराण नाम दिया गया है। आप अगर पुराणों की तलाश में निकलेंगे तो प्राय सभी पुराण आपको उपलब्ध हो जाये किन्तु डुकरिया पुराण लाने में सफल नही हो सकेंगे। डुकरिया असल में किसी वृद्धा को कहा गया है जो साथ साल से ऊपर के हो चुके है। आज भी गाँव में चले जाये आपके स्थानीय भाषा-बोली में बूढ़े को डुकरा ओर बूढ़ी को डुकरिया कहने का चलन है, भावनात्मक रूप से माता पिता , दादा दादी ओर नाना नानी के लिए डुकरा-डुकरिया शब्द प्रचलित है, जिनके अपने अनुभव है भले वह सत्य की कसौटी से कोसों दूर हो हो, किन्तु उम्र का पड़ाव ओर जीवन के अनुभव से जो लोक विश्वास ओर मान्यताए पैदा होती रही, उसे हम डुकरिया पुराण का नाम देकर उसका पालन करते रहे, ओर अगर चूकवश पालन न करने पर हुये नुकसान को डुकरिया पुराण से जोड़ उसके अनादर का परिणाम मानने को विवश हुये। अतएव कहना न होगा की भले धर्मशास्त्र- वेद पुराण हमारे जीवन को शासित करे या न करे किन्तु डुकरिया पुराण हम सबके जीवन को प्रभावित किए है ओर सब पर हावी है।

कहने को तो आप पश्चिम सभ्यता के सेवक ओर उच्च शिक्षा प्राप्त सूटबूटधारी भारतीय हो या अंग्रेज ही क्यों न हो , जो वेद पुराण ओर शास्त्रों के कर्मकांडों पर असीम विश्वास करते हो किन्तु जैसे ही आप घर से निकलते छींक से सामना हो जाये तो तुरंत ठिठक कर खड़े हो जायोगे, फिर प्राचीन संस्कार जो डुकरिया पुराण के है उनके समक्ष खतरे की घंटी समझोगे ओर फिर तमाम तरह के उपाय ओर प्रार्थनाओं मंत्रों का जाप शुरू कर इस छींक के अपशकुन को दूर करने का उपाय करेंगे फिर अपनी यात्रा को मंगलमय का रास्ता तैयार करेंगे।

## विकासपुर के महान नायक

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**विकासपुर** नाम का एक गांव था, जो सदियों से विकास की परिभाषा समझने के लिए जद्दोजहद कर रहा था। गांव वालों का मानना था कि विकास का असली मतलब वही होता है, जो नेता जी चुनावी भाषणों में समझाते थे–हर घर में बिजली, हर घर में पानी, और हर जेब में खनकती दौलत !ह्व बस यही सपने दिखाते हुए नेता जी वर्षों से गांव पर राज कर रहे थे। एक दिन, विकासपुर में एक नए प्रकार की घबराहट फैल गई। सुना गया कि विकासपुर में "अंतर्राष्ट्रीय विकास सम्मेलन" होने वाला है। इस सम्मेलन में देश-विदेश के महान विचारक, वैज्ञानिक और नीति-निमार्ता शामिल होंगे। गांव वालों को तो जैसे यकीन ही नहीं हुआ। वे यह सोचने लगे कि विकास क्या सच में आ रहा है? या फिर यह भी कोई नया चुनावी स्टंट है? खैर, सम्मेलन का दिन आ पहुंचा। मंच पर कई बड़े-बड़े विचारक बैठे थे। कुछ का तो इतना बड़ा पेट था कि लगता था उनके अंदर ही पूरा विकास छिपा हुआ है। मंच के ठीक सामने, विकासपुर के गरीब किसान, मजदूर और बेरोजगार नौजवान बैठे थे, जिन्हें विकास का 'अ' भी नहीं पता था, लेकिन वे मन में पूरी उम्मीद बांधे बैठे थे कि अब तो कुछ करिश्मा जरूर होगा। सम्मेलन शुरू हुआ। पहले ही वक्ता, प्रोफेसर ज्ञानचंद विकासपुरी, ने माइक संभाला। उन्होंने कहा, विकास क्या है? यह एक मानसिक अवस्था है! जब आप अपने दिमाग को विकसित कर लेते हैं, तो विकास अपने आप हो जाता है। अब देखिए, मेरे पास तीन बंगले हैं, चार गाड़ियाँ हैं, और विदेश में भी संपत्ति है। यह सब मानसिक विकास का नतीजा है! गांव वालों ने आश्चर्य से एक-दूसरे की ओर देखा। यह आदमी क्या कह रहा है? एक किसान ने दूसरे से पूछा। हमारा पेट खाली है, और ये दिमाग भरने की बात कर रहा है!

अगले वक्ता, श्रीमान योजना सिंह, सरकार के प्रतिनिधि थे। उन्होंने गर्व से घोषणा की, हमने विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। योजना नंबर 421 में हमने सड़क निर्माण का वादा किया था। अब वो सड़क कागज पर बन चुकी है, और अगले साल तक उसकी तस्वीरें भी जारी कर दी जाएंगी! सभी लोगों ने तालियाँ बजाईं। विकासपुर के बुजुर्गों ने कान पकड़ लिए।

## न्यूज फ्लैश

### सकारात्मकता से जीवन में मिलती है सफलता : प्रो. दिनेश कुमार



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को सीनेट हॉल, में हैप्पी एटीट्यूड एंड करियर प्लानिंग विषय पर कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि, केयूके के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि सकारात्मकता से जीवन में मनुष्य को सफलता मिलती है। इस तरह का नजरिया छात्रों को चुनौतियों का सामना करने और अपने भविष्य के बारे में सही फैसले लेने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि आपका नजरिया आपकी योग्यता नहीं बल्कि आपकी ऊँचाई तय करता है। यूएसएम की अध्यक्षा प्रोफेसर निर्मला चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आत्मा, मन और शरीर के लिए एक खुश दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के अशांत समय में, आर्थिक सूचकांक से अधिक खुशी सूचकांक मायने रखता है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों के कौशल, जान और रुचियों को बढ़ावा देना, आकार देना और तैयार करना है ताकि वे अपने करियर में अधिकतम दक्षता और अनुपालन सुनिश्चित कर सकें। कार्यशाला की मुख्य वक्ता बीके डॉ. ईवी स्वामीनाथन ने सकारात्मकता की शक्ति और यह कैसे जीवन को बदल सकती है, इस बारे में विस्तार से बात की। यह बातचीत व्यावहारिक अभ्यास विकसित करके सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, छात्रों द्वारा स्वोट विश्लेषण करने, सकारात्मक जीवन शैली के लिए स्वर्णिम रणनीति, जीवन की किसी भी समस्या से निपटने में धारणा और दृष्टिकोण की भूमिका, एक संगठित और व्यवस्थित जीवन शैली जीने के तरीके, आत्म-प्रेम का महत्व, और खुशनुमा रवैया विकसित करने से संबंधित कुछ और नैतिक कहानियों पर केंद्रित थी। विशेष आमंत्रित सदस्य, बहन बी. के. मधु और बी. के. अमित वर्मा, जो ब्रह्माकुमारीज में समर्पित शिक्षक हैं, ने ध्यान अभ्यास का निर्देशन किया और प्रसन्नचित्त मनोभाव विकसित करने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए, जो विद्यार्थियों को बहुत पसंद आए।

इस कार्यशाला में प्रो. रमेश चंद्रा, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. सुशील शर्मा, प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज, डॉ. राजन शर्मा, डॉ. सलोनी पी. दीवान, डॉ. अजय सोलखे, और डॉ. भंवर सिंह, शोध विद्वानों, छात्र समन्वयकों सहित 200 से अधिक एमबीए छात्रों और शोध विद्वानों ने भाग लिया।

### अपहरण कर युवक के साथ मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत** : **शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने अपहरण कर युवक के साथ मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक निवासी गुड़ मंडी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 3 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पास एक फोन कॉल आई। जिसमें कॉलर ने शहर थाने में शिकायत के बारे में कहा। कॉलर ने कहा कि उसके पति को लेकर आना है। उसके बाद वह अपने पति के साथ घर से निकली। उसी दौरान करीब दस लड़के व उसका भाई अभिषेक उसके पति का अपहरण करके पीटते हुए गाड़ी में डालकर ले गए। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक ब्रिजपाल की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त गाड़ी को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घर से पचास हजार रुपये की राशि व आभूषण चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत** : **कुंडली** थाना क्षेत्र की दहिया कॉलोनी स्थित मकान से पचास हजार रुपये की राशि व आभूषणों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

# डेंगू के आंकडे छुपाने की बजाए रोकथाम के कदम उठाए सरकार : अशोक अरोड़ा

## डेंगू की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए ताकि डेंगू से जुझ रहे मरीजों को राहत मिल सके

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि डेंगू से पीडित मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है लेकिन सरकार द्वारा डेंगू से रोकथाम के कदम उठाने की बजाए आंकडों को छुपाया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि आंकड़े छुपाने की बजाए डेंगू की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए ताकि डेंगू से जुझ रहे मरीजों को राहत मिल सके व डेंगू को कंट्रोल किया जा सके। वे मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अरोड़ा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के अस्पताल डेंगू के मरीजों से भरे पड़े हैं। बडे अस्पतालों में रोजाना सैंकड़ों डेंगू से पीडित मरीज पहुंच रहे हैं लेकिन हैरानी की बात है कि



सरकार डेंगू की रोकथाम करने की बजाए आंकडों को छुपाने लगी है। उन्होने कहा कि आकाश नगर मे एक मौत डेंगू से हुई है और चक्रवति माहल्ले में भी डेंगू से मौत हो गई है। कुरुक्षेत्र में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ रहा है और जानें भी जा रही हैं। इसको लेकर गत दिनों उन्होने ई-दिशा की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया था। उस समय अधिकारियों ने आश्वस्त भी किया था कि डेंगू की रोकथाम के लिए फोगिंग करवाई जाएगी लेकिन अब तक न तो कहीं फोगिंग दिखाई दी है और न ही कोई अन्य प्रयास दिखाई दे रहा है। सरकार का सबसे पहला कार्य नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होना होता है लेकिन सरकार तो अपनी वाहवाही करवाने में ही जुटी हुई है। सरकार को चाहिए कि डेंगू की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाए।

डीएपी की किल्लत पर बोलते हुए अशोक अरोड़ा ने कहा कि बिजाई

**निशाना साधा**

**▶▶ डेंगू से पीडित मरीज पहुंच रहे हैं लेकिन हैरानी की बात है कि सरकार आंकडों को छुपाने लगी है**

का सीजन चल रहा है। हर साल डीएपी की किल्लत सामने आती है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द किसानों को डीएपी मुहैया करवाया जाए। उन्होने कहा कि कृषि मंत्री कह रहे हैं कि डीएपी की कोई कमी नही है। यदि डीएपी की कमी नही है तो किसानों को क्यों उपलब्ध नही करवाया जा रहा? विधायक ने कहा कि आज किसान डीएपी न मिलने के कारण काफी परेशान हैं।

## सर्दियों के मौसम में खादी शरीर को लाभ देगी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र स्थित खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ के सचिव सतपाल सैनी का दावा है कि सर्दियों के मौसम में खादी हर दृष्टि से शरीर को लाभ देती है। सर्दियों के मौसम में खादी शरीर को सर्दी से तो बचाती ही है साथ ही त्वचा रोग से भी बचाती है। उन्होंने बताया कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए उनके संस्थान ने भी विशेष तैयारियां की हैं। सतपाल सैनी ने कहा कि सर्दी के लिए सबसे सस्ते कपड़े के तौर पर खादी उपलब्ध है। फेस्टिवल सीजन में भी खादी को लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया है। हर साल सर्दियों के शुरूआत और फेस्टिवल सीजन में खादी ग्रामोद्योग की ओर से विशेष वैरायटी उपलब्ध करवाते हैं। उन्होंने बताया कि सर्दियों के सीजन में लोग अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखते हैं। सतपाल सैनी के अनुसार खादी ग्रामोद्योग के कपड़े लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं क्योंकि खादी के कपड़ों में एक अलग ही चमक और कड़कपन



**डिमांड**

**▶▶ खादी ग्रामोद्योग में विशेष रूप से खादी से तैयार कपड़ों की सर्दियों के सीजन में सबसे ज्यादा डिमांड रहती है**

रहता है। इसलिए भी लोगों को खादी के कपड़े खरीदना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। खादी ग्रामोद्योग में विशेष रूप से खादी से तैयार कपड़ों की सर्दियों के सीजन में सबसे ज्यादा डिमांड रहती है।

### कैंटर चालक का अपहरण कर हजारों रुपये की राशि लूटी

**सोनीपत** : **मुरथल** थाना क्षेत्र में कैंटर चालक का अपहरण कर उसे हजारों रुपये की राशि लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। संबल जिला के आडहोल निवासी मोहम्मद शहजाद ने बताया कि उसके पास कैंटर है। वह गाजियाबाद चौधरी मोड़ से देशी घी के 40 लोहे के टिन व 297 पेटी कार्टून घी लेकर देहरादून के लिए चला था।

## एसडी सीनियर सेकेंडरी में विश्व सुनामी डे मनाया गया

**साझा किया**

**▶▶ सुनामी जागरूकता बढ़ाने और जोखिम न्यूनीकरण के लिए नवीन दृष्टिकोण साझा करने का आह्वान किया**

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन )

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में विश्व सुनामी डे मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। उन्होंने बच्चों को सुनामी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2015 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 नवंबर को विश्व सुनामी जागरूकता दिवस के रूप



में घोषित किया तथा देशों, अंतर्राष्ट्रीय निकायों और नागरिक समाज से सुनामी जागरूकता बढ़ाने और जोखिम न्यूनीकरण के लिए नवीन दृष्टिकोण साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि सुनामी समुद्र के नीचे भूकंप या ज्वालामुखी विस्फोट के कारण उत्पन्न होने वाली विशाल लहरें हैं। समुद्र की गहराई में सुनामी का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है। इस अवसर पर विद्यालय के क ?ई? छात्रों ने पर्यावरण पर भाषण भी दिया। जिसमें 11वीं कक्षा के रोहित, अर्पण व लकी का भाषण प्रमुख था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि इस तरह से इस तरह के कार्यक्रम करवा कर बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा होती है। विद्यालय के प्रबंधक फकीरचंद ने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति उनके कर्तव्यों को समझाया। अंत में विद्यालय के प्रधान, प्रबंधक व प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण को बचाने की शपथ भी ली।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रितः डॉ. वीरेंद्र दहिया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**महिला** एवं बाल विकास वभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाएं 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य व बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवर्स अवार्ड के लिए निर्धारित राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। इसी प्रकार से एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

## एसडी पीजी के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के बिखेरे जलवे

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत के हरियाणवी रसिया के कलाकारों ने हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तारेय और मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के समक्ष राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस के अवसर पर अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरते हुए हरियाणवी रसिया नृत्य से सभी का मन मोह लिया । राज्य स्तरीय समारोह में महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नियों, कृष्ण लाल पंवार पंचायत और खनन मंत्री, महिपाल डांडा शिक्षा मंत्री, अनिल विज परिवहन एवं उर्जा मंत्री, हरविन्द्र सिंह कल्याण विधान सभा स्पीकर, विभिन्न एसीएस, गणमान्य व्यक्तियों आदि ने इस सांस्कृतिक आयोजन में शिरकत की । विदित रहे कि हाल ही में 25 से 28 अक्टूबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेश के सबसे बड़े रत्नावली समारोह में एसडी पीजी कॉलेज के हरियाणवी रसिया नृत्य के कलाकाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नृत्य की ट्राफी पर कब्जा किया जिसके चलते ही उन्हें राजभवन में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में हिस्सा लेने का सुअवसर

**मनमोहक**

**▶▶ अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरते हुए हरियाणवी रसिया नृत्य से सभी का मन मोह लिया**

प्राप्त हुआ । राज्य स्तरीय समारोह में एक नृत्य हिमाचल से, एक नृत्य राजस्थान से, एक नृत्य पंजाब से और दो नृत्य हरियाणा से चयनित किये गए जिसमें से एक का गौरव एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की टीम को मिला । टीम की हौंसला अफजाई प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, कॉलेज में सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ संगीता गुप्ता और डॉ एसएम गुप्ता ने की । छात्र-छात्राओं की शानदार प्रस्तुति से महामहिम श्री बण्डारू दत्तारेय गदगद नजर आये और उन्होंने पाँचों प्रस्तुतियों को कुल पांच लाख के नकद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की जिसमें एक टीम एसडी पीजी कॉलेज की रही । हरियाणवी रसिया नृत्य में सागर अरोड़ा, वंश, अरुण कुमार, हन्नी, अमन कुमार जांगड़ा, नीरू भारद्वाज, सिमरन, प्रीती, रजनी शर्मा, सीमा रानी, रोहित शर्मा और जयंत कम्बोज ने हिस्सा लिया । निर्देशक विशाल और चेतन, मेकअप आर्टिस्ट सूरज और संगीतकार माधव, सुरजीत सिंह, बबलू और मोहित कुमार के निर्देशन में कलाकारों का प्रदर्शन उच्च श्रेणी का रहा ।

कलाकारों के कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर उनका शानदार स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और डॉ संगीता गुप्ता ने किया।

## 25 तक पैंशन उपभोक्ताओं को लगवानी होगी अपनी बायोमैट्रिक हाजिरी

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत (कमाल हुसैन )** जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 25 नवम्बर तक जिला के सभी पैंशन उपभोक्ताओं को प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक जिला खजाना अधिकारी कार्यालय या किसी भी उपखजाना कार्यालय में आकर अपनी बायोमैट्रिक हाजिरी लगवानी होगी। पैंशन उपभोक्ता आधारकार्ड, पीपीओ नम्बर, मोबाईल नम्बर अपने साथ लेकर आए।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ए अक्षर के नाम वाले पैंशन उपभोक्ता के लिए 5 नवम्बर, सी

**तिथि निर्धारित**

**▶▶ सभी पैंशन उपभोक्ताओं को उपखजाना कार्यालय में आकर अपनी बायोमैट्रिक हाजिरी लगवानी होगी**

और डी अक्षर के नाम वालों के लिए 6 नवम्बर, ई, एफ, जी, एच, आई अक्षर के नाम वालों के लिए 7 नवम्बर, जे और के अक्षर के नाम वालों के लिए 8 नवम्बर, के अक्षर के नाम वालों के लिए 11 नवम्बर, एल और एम अक्षर के नाम वालों के लिए 12 नवम्बर, एन और ओ अक्षर के नाम वालों के लिए 13 नवम्बर, पी और क्यू अक्षर के नाम वालों के लिए 14 नवम्बर, आर अक्षर के नाम वालों के लिए 18 व 19 नवम्बर, एस अक्षर के नाम वालों के लिए 20 व 21 नवम्बर तथा टी, यू, वी, डब्ल्यू, एक्स, वाई, जेड अक्षर के नाम वालों के लिए 22 नवम्बर 2024 बायोमैट्रिक लगवाने के लिए तिथि निर्धारित की गई है।

जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई पैंशनधारक इन तिथियों में अपनी हाजिरी नही लगवा सका।

### विज्ञापन लगाना कानूनन अवैध है

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**जिला** नगर योजनाकार (डीटीपी) सुनील आंतिल ने आमजन से अपील की है कि उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ के आदेशअनुसार जिला पानीपत में विभाग द्वारा घोषित नियंत्रित क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग, अनुसूचित मार्गों के साथ लगती भूमि पर वर्जित, हरित पट्टी पर अवैध रूप से होर्डिंग, पोस्टर,बैनर आदि का विज्ञापन लगाना कानूनन अवैध है। इसीलिए कोई भी व्यक्ति या कंपनी कोई भी होर्डिंग, विज्ञापन संबंधी व्यक्ति विशेष उक्त कार्य न करें।

## ग्रीनमैन दलजीत कुमार को सम्मानित किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

स्काईलार्क रिसॉर्ट पानीपत में "स्काईलार्क हर्बल-गार्डन" स्थापित करने पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार को स्काईलार्क रिसॉर्ट पानीपत के वरिष्ठ प्रबंधक, कर्मवीर कादियान ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कर्मवीर कादियान ने बताया की स्काईलार्क पानीपत में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा 15 सितम्बर,2024 को "स्काईलार्क हर्बल गार्डन" बनाने का कार्य इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ स्वेच्छा से और निजीकोष से किया। इस हर्बल गार्डन से जहाँ




ऑक्सीजन मिलेगी वही स्काईलार्क पानीपत में आने वाले सैलानियों को प्राचीन आयुर्वेदिक पौधों की जानकारी मिलेगी इस नेक कार्य के लिए ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार का आभार व्यक्त करते हुए स्काईलार्क रिसॉर्ट पानीपत की तरफ से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाना संस्थान के लिए गौरव का पल है। इस दौरान मास्टर सतीश कुमार, राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला ददलाना, इको क्लब के विद्यार्थी नवनीत, भगतसिंह, सचिन को भी प्रशस्ति

**सम्मान**

**▶▶ "स्काईलार्क हर्बल गार्डन" बनाने का कार्य इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ स्वेच्छा से और निजीकोष से किया**

पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने स्काईलार्क रिसॉर्ट पानीपत के वरिष्ठ प्रबंधक, कर्मवीर कादियान का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक हर्बल गार्डन स्थापित करके पानीपत के साथ साथ पूरे हरियाणा को हराभरा बनाने का है।

## विद्यार्थियों को दोस्त की तरह काउंसलिंग करे: सेवा ट्रस्ट

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाखली में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल रमेश सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी को नशे, डेंगू वह इस मौसम में होने वाले रोगों से बचाव बारे बताया खासकर नशे बारे की नशे से हमारे मानसिक संतुलन तथा व्यवहार में विपरीत बदलाव आता है। हमारे अंदर सही गलत में फर्क. करने की क्षमता कमजोर हों जाती है और हम गलत काम करने लगते है।



परिणामस्वरूप हमारी पढ़ाई पर भी नुकसान होता है और दूसरे बच्चों से हर प्लेटफार्म पर पीछे रह जाते है इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला महासचिव नरेश शर्मा ने बताया कि सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए वह डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाये हुए हैं उन्होंने बताया की अध्यापकों को विद्यार्थियों के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। अगर किसी के व्यवहार में बदलाव आता है तो उसकी दोस्त की तरह काउंसलिंग

**जागरूक किया**

**▶▶ अगर किसी के व्यवहार में बदलाव आता है तो उसकी दोस्त की तरह काउंसलिंग करे: सांगवान**

करे। सभी विद्यार्थियों की खेल कूद, योगा आदि अतिरिक्त गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करे। योग विधार्थियो को नशे से दूर रखता है। इसे विद्यार्थियों की दिनचर्या का हिस्सा बनाये। इस मौसम में पूरी बाजू के कपड़े पहने कही भी पानी इक्ट्ठा न होने दे क्योंकि डेंगू अपने पाव पसार रहा है अपने आसपास सफाई रखे। विद्यालय के प्राध्यापक प्रदीप वर्मा ने सेवा ट्रस्ट से आए सभी वॉलंटियर का विद्यालय आने पर धन्यवाद किया उन्होंने भी सभी बच्चों को इस मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया वह योग करने वह उनके लाभ के बारे में बताया वह सभी को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। सेवा ट्रस्ट के जिला महासचिव नरेश शर्मा वह प्राचार्य रमेश सांगवान ने सभी को संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। इस अवसर पर प्राध्यापक वीरेंद्र, सुखदेव, विपुल, अनिल, गुरुदत्त शास्त्री, शिव प्रसाद, संजीव कुमार, शीतल शर्मा, मीनाक्षी,संध्या, राजकुमार वह विद्यालय के सभी छात्र मौजूद रहे।

## इंटर-कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

जी.टी. रोड स्थित आई.बी. पी. जी. महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर - कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते । महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि 25-26 अक्टूबर 2024 को ङवङ में इंटर- कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, इसमें हमारे महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते



हुए, छात्र जयकिशन ने 85 ॅ भार वर्ग रजत पदक जीता तथा छात्रा तमन्ना व आशी ने क्रमशः ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया । विजेता खिलाड़ियों ने महाविद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग तथा प्रबंधक समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. राजेश तथा परमजीत कुंडू को बधाई दी इस अवसर पर डॉ शशि प्रभा तथा अन्य प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### टेनिस चैंपि. में लिटल एंजल्स स्कूल, के होनहार खिलाड़ी अर्जुन राठी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत/रमेश कुमार**
28 अक्तुबर से 2 नवंबर 2024 तक केन्या में इंटरनेशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें देश-विदेश से 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के होनहार खिलाड़ी अर्जुन राठी ने प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में अर्जुन पंडित को 6-0, 6-3 के सेट स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन राठी की इंटरनेशनल स्तर पर यह तीसरी जीत है।

### महिंद्रा ने लॉन्च की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी एक्सईवी 9ई और बी ई 6ई

**गाजियाबाद।** भारत की अग्रणी वाहन विनिमार्ता, महिंद्रा 26 नवंबर, 2024 को चेन्नई में आयोजित अनलिमिट इंडिया वर्ल्ड प्रीमियर में इलेक्ट्रिक ओरिजिन इंग्लो आर्किटेक्चर पर निर्मित दो अग्रणी इलेक्ट्रिक ब्रांड, एक्सयूवी और बी (इए) पेश करने के लिए तैयार है। दोनों ब्रांड अपने पहले फ्लैगशिप उत्पाद -एक्सयूवी ई9 और बी ई 6ई लॉन्च करेंगे। भारतीय पसंद और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ तैयार इंग्लो आर्किटेक्चर, सहज (इंट्यूटिव), इंटेलीजेंट और इमर्सिव इनोवेशन से भरी हुई है। अपनी श्रेणी में मौजूद उत्पादों के मुकाबले बेहतरीन सुरक्षा मानकों से लेकर रोमांचक प्रदर्शन, प्रभावशाली रेंज और दक्षता तक, इंग्लो को मल्टी-सेंसरी ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्सईवी 9ई इलेक्ट्रिक लग्जरी को पुनर्परिभाषित करेगा, जबकि बी ई 6ई बोल्ड, एथलेटिक परफॉरमेंस देता है - ये दो भारतीय आइकन अपनी बेहतरीन डिजाइन, बेजोड़ तकनीक और बेजोड़ परफॉरमेंस के साथ दुनिया भर में सबको मात देने के लिए तैयार हैं।

### डेलॉइट इंडिया ने एंटरप्राइज ग्रोथ अवाड्र्स 2024 का पहला संस्करण लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** डेलॉइट इंडिया ने एंटरप्राइज ग्रोथ अवाड्र्स 2024 का पहला संस्करण लॉन्च किया है, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में कारोबारी घरानों के स्वामित्व वाले असाधारण व्यवसायों, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न के योगदान को सम्मानित करने की पहल है। ये क्षेत्रीय पुरस्कार अब भागीदारी के लिए खुल चुके हैं। इसके माध्यम से उन कंपनियों को सम्मानित किया जाएगा जो उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शिता और विकास का प्रदर्शन करती हैं और अपने स्थानीय समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। डेलॉइट इंडिया में पार्टनर और लीडर झ्र डेलॉइट प्राइवेट के. आर. सेकर ने कहा, भारत के विभिन्न क्षेत्रों से कारोबारी घरानों के स्वामित्व वाली कंपनियां, उभरती हुई ग्रोथ कंपनियां, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न हमारी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं, फिर भी उन्हें अक्सर कम पहचान मिलती है। ये कंपनियां क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। ईजीए को लॉन्च करके, हमारा लक्ष्य उद्योग के अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले इन चैंपियनों को सुर्खियों में लाना है, ताकि उन्हें वह पहचान मिले जिसके वे हकदार हैं। उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाकर, हम भारत भर में तेजी से विकसित होने वाली कंपनियों के एक गतिशील नेटवर्क को बढ़ावा देना चाहते हैं, निरंतर प्रगति को आगे बढ़ाने और भारत के दीर्घकालिक आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए सहयोग और नई जानकारियों को साझा करने को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। हम सभी पात्र कंपनियों को भाग लेने और इस पहल को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा विश्व की प्राचीनतम और उत्कृष्ट पद्धति: प्रो. वैद्य

## नव आगन्तुक भावी चिकित्सकों के लिए दस दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**शपथ**

**▶▶ विद्यार्थियों को अच्छे चिकित्सक बनने के लिए चरक प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी के नव आगन्तुक विद्यार्थियों के लिए श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को दस दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं रिसर्च एंड इनोवेशन विभाग के डायरेक्टर डॉ. अनिल शर्मा द्वारा गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया और विद्यार्थियों को अच्छे चिकित्सक बनने के लिए चरक प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। इसके साथ डॉ. शुभा कौशल ने विद्यार्थियों को आयुष विवि के इतिहास और कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया और डॉ. सचिन शर्मा द्वारा अच्छे शिक्षक और आज्ञाकारी शिष्य के गुणों के बारे में विद्यार्थियों को अवज्ञत कराया। इस अवसर पर कुलपति ने भावी चिकित्सकों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति विश्व की प्राचीनतम और उत्कृष्ट पद्धति है। आयुर्वेद तन,मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। आयुर्वेद में न केवल उपचार होता है बल्कि यह जीवन जीने का एक ऐसा तरीका बताता है जिससे मनुष्य का जीवन खुशहाल बनता है। इसलिए आप आयुर्वेद के श्रेष्ठ चिकित्सक बनें और इसका दुनियाभर में प्रचार व प्रसार करें। उन्होंने कहा आयुर्वेद को पढ़ने का वास्तविक आनंद उसकी अपनी भाषा में है और संस्कृत वैसे भी कई भाषाओं की जननी है।

हालांकि आयुर्वेद के बहुत सारे ग्रन्थों का अनुवाद अंग्रेजी भाषा में हो गया है, जो विद्यार्थियों के लिए सुगम और सरल माध्यम है, मगर विद्यार्थियों को कोशिश करनी चाहिए कि वे संस्कृत भाषा में ही आयुर्वेद के साहित्य को पढ़ें। रिसर्च एंड इनोवेशन विभाग के डायरेक्टर डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद अध्ययन एवं आयुर्वेद संस्थान देश व प्रदेश का सबसे आयुर्वेद चिकित्सा में सबसे पुराना संस्थान है। यहां से उत्तीर्ण विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इसका श्रेय यहां के अध्यापकों को जाता है। इसके लिए अध्ययन और अनुसंधान दोनों की आवश्यकता है। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि कि गीता मनुष्य के जीवन का वास्तविक दर्शन है। अगर व्यक्ति भगवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बताए गए कर्म सिद्धांत का पालन करता है तो उसे कभी जीवन में निराश नहीं होना पड़ता और वह सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता हासिल करता है।

कार्यक्रम के अंत में आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# हुड्डा क्यों नहीं लेते हार की जिम्मेदारी: दहिया



**साधा निशाना**

**▶▶ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का भी बेशर्मी के साथ पद पर बने रहना हैरान करने वाला है: पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के खिलाफ मुखर हुए हैं। उन्होंने सवाल किया है कि आखिर विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार की जिम्मेदारी लेने से पूर्व मुख्यमंत्री क्यों भाग रहे हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का भी बेशर्मी के साथ पद पर बने रहना हैरान करने वाला है, जबकि हार के तुरंत बाद नेता विपक्ष व प्रदेशाध्यक्ष को हार की जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा देना चाहिए था।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया था।

उन्होंने बाकायदा पत्रकारवार्ता कर हुड्डा पिता पुत्र पर गंभीर आरोप जड़े थे। अब एक बार फिर जयतीर्थ दहिया ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए साफ कहा कि कांग्रेस ने जिस नेता को विधानसभा चुनाव में फ्री हैंड दे दिया था, उस नेता को अब हार जाने के बाद नैतिकता के आधार पर हार की जिम्मेदारी लेने के लिए भी आगे आना चाहिए था, लेकिन चुनाव के एक महीना बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री हार की जिम्मेदारी लेने की बजाय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का खेल खेलकर टाइम पास कर रहे हैं। दहिया ने कहा कि सभी को पता है कि कांग्रेस की ओर से टिकट वितरण में 10-12 सीटों पर बड़ा खेल खेला गया और यही खेल हार का कारण बना। जीती हुई बाजी को निजी स्वार्थ के कारण हार में तब्दील कर दिया गया। दहिया ने दो टूक कहा कि यह सब भूपेंद्र हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा की हठधर्मिता के कारण हुआ है। दहिया ने यह भी कहा कि राई विधानसभा क्षेत्र में फ्रैंडली मैच खेला गया।

# राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए 11 नवंबर तक जमा करवाएं अपने आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा एवं हरेडा ने वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बिजली की खपत को कम करने व ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा 2 लाख तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें औद्योगिक, व्यावसायिक, सरकारी व गैर सरकारी संस्थान शामिल हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए इच्छुक व्यक्ति, संस्था या उद्योगपति अपना आवेदन 11 नवंबर तक अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के कमरा नंबर-03 में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत एमएसएमई औधोगिक संस्थाएं, जिनका सोलर कनेक्टेड लोड 100 किलोवाट से 01 मेगावाट तक है। उन्होंने बताया कि उनको 2 लाख रुपए तक का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे सरकारी भवन एवं कार्यालय जिनका कनेक्टेड लोड 30 किलोवाट से 500 किलोवाट तक है उन्हें 01 लाख रुपए तक का पुरस्कार दिया जाएगा।

# समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

**शिविर**

**▶▶ समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम के एस0ओ0 ने समस्याओं को सुना ह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुख्यमंत्री के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान करने के उदेश्य से जिलें के नगर निकायों एवं खण्डो मे प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है इसी कड़ी में नगर निगम अंबाला शहर के कार्यालय मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम के एस0ओ0 सोमनाथ ने लोगो की समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। बतां दे कि इस दौरान समाधान शिविर मे कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया और शेष शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा खण्ड विकास एवं पंचायत विभाग शहजादपुर में दो समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। कांशी नगर मॉडल टाउन निवासी अशोक वेद ने बताया कि वह प्रॉपटी आईडी से सम्बंधित समस्या को लेकर समाधान शिविर मे पहुंचा था जोकि समाधान शिविर मे आने से तुरंत हल हो गई। इससे पहले मेरी प्रॉपटी आईडी मे पता, मोबाईल नंबर व एरिया गलत चढा हुआ था जोकि चंद मिनटों मे ही कर्मचारी द्वारा सही कर दिया गया। समाधान शिविर जैसी अनूठी पहल शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद। ऐसे ही बलदेव नगर से एन0पी0 शर्मा अपनी प्रॉपर्टी आईडी संबंधी समस्या को लेकर पहुंचे थे जिन्होंने बताया कि समाधान शिविर मे अपनी समस्या को मैंने रखा और मात्र कुछ ही मिनटो मे मेरी समस्या का फटाफट समाधान हो गया। कांचघर निवासी शोभा रानी अपनी प्रॉपर्टी आईडी मे गज मे हुई त्रुटि की समस्या को लेकर, कोतवाली सराय से मोनिका प्रॉपर्टी आईडी मे नाम अपडेट करवाने, जग्गी गार्डन से नेहा व मिलाप नगर से सविन्द्र सिंह प्रॉपटी संबंधी समस्या कि शिकायत को लेकर पहुंचे थे।

# स्वास्थ्य विभाग के निदेशक का नागरिक अस्पताल में औचक निरीक्षण

**दौरा**

**▶▶ पानीपत के स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयंत आहूजा को सोनीपत का अतिरिक्त कार्यभार दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. ब्रह्मदीप ने जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार दोपहर बाद औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आपातकालीन व ओपीडी परिसर की जांच की। आपातकालीन में तैनात चिकित्सक व स्टाफ कर्मचारियों को आदेश दिया कि समय-समय पर वार्ड में मरीजों की जांच करें। अस्पताल में भर्ती किए जाने वाले डेंगू व मलेरिया संक्रमित लोगों की दिन में तीन से चार बार जांच के आदेश दिए। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. ब्रह्मदीप ने कहा कि डेंगू व मलेरिया संक्रमित के उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिस भी मरीज को रक्त की जरूरत है उन्हें रक्त मुहैया करवाया जाए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को सोनीपत नागरिक अस्पताल में मॉडल टीबी सेंटर के लिए स्थान चुनने के आदेश दिए। टीबी मॉडल सेंटर में टीबी मरीजों के लिए वार्ड के साथ अन्य सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। टीबी मॉडल सेंटर टीबी के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होगा। उसमें टीबी जांच से संबंधित सभी उपकरण रखे जाएंगे। ओपीडी में निरीक्षण के साथ सफाई व्यवस्था की जांच की और वार्डों में भर्ती मरीजों का हाल चाल जाना।

**पानीपत के स्वास्थ्य अधिकारी को सोनीपत का कार्यभार-**
जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर 30 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। उसके बाद से स्वास्थ्य अधिकारी का पद खाली था।

जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने पानीपत के स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयंत आहूजा को सोनीपत का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। सोमवार दोपहर कार्यालय में पहुंचकर अतिरिक्त कार्यभार संभाला। साथ ही उन्होंने उप सिविल सर्जन व अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उप सिविल सर्जन डा. तरुण यादव, डा. अनीता सहारण, डा. योगेश गोयल, उप चिकित्सा अधीक्षक डा. संदीप लठवाल, डा. गिन्नी लांबा भी मौजूद रहे।

# ट्यूबवेल के बंटवारे को लेकर भाई संग चल रहे विवाद में ग्रामीण ने लगाया फंदा

**मुकदमा दर्ज**

**▶▶ शव का पोस्टमार्टम अस्पताल में कराने पहुंचे तो यहां से शव को महिला कॉलेज अस्पताल खानपुर भेज दिया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सदर** थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर में ग्रामीण ने फंदे लगाकर जान दे दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रखवाया। जहां से शव को खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवा दिया। मृतक की पत्नी ने अपने जेठ व उसके परिजनों पर पति को तंग कर आत्महत्या को विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैंयापुर निवासी मीना ने बताया कि रविवार दोपहर बाद वह अपने पति सुरेंद्र व परिवार के अन्य सदस्यों संग घर पर थी। इसी दौरान उनके पति सुरेंद्र कमरे से उठकर बाहर चले गए। उसके कुछ देर बाद ही वह तथा उनका बेटा अमित कमरे से बाहर निकले तो देखा कि उनके पति सुरेंद्र पशुओं के लिए बनाए गए बरामदे में लोहे के कुंडे पर रस्सी के सहारे फंदे पर लटके थे। उसने अपने बेटे संग तुरंत पति के पास जाकर रस्सी को खोला और उन्हें नीचे उतारा। वह अपने पति को लेकर नागरिक अस्पताल में जाने लगी तो रास्ते में वह बेसुध हो गए। अस्पताल में ले जाने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

सोमवार को शव का पोस्टमार्टम नागरिक अस्पताल में कराने पहुंचे तो यहां से शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर भेज दिया गया।

# जिले में डेंगू का प्रकोप बढ़ा, 18 मरीज मिले

**सोनीपत : जिले** में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के 18 नए मरीज मिले है। सोमवार को डेंगू लैब से रिपोर्ट जारी की गई। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 277 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है।

# अवकाश के बाद खुली नागरिक अस्पताल की ओपीडी

**रजिस्ट्रेशन खुला**

**▶▶ सुबह सात बजे से नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की भीड़ देखने को मिली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: त्योहारी** सीजन में चार दिन अवकाश के बाद सोमवार को नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन खुला। सुबह सात बजे से नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की भीड़ देखने को मिली। लंबी लाइनों में महिलाएं व सरकारी नौकरी के लिए स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाने वाले अभ्यर्थी लगे रहे। बुखार, खांसी, जुकाम से ग्रस्त मरीजों को रजिस्ट्रेशन कांउटर से लेकर ओपीडी, लैब में जांच करवाने के लिए घंटों लाइन में लगने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं जल्द रिपोर्ट लेने व रजिस्ट्रेशन करवाने वाले अभ्यार्थी व मरीजों को पांच रुपये की पर्ची के सौ रुपये व लैब की रिपोर्ट लेने के लिए 200 रुपये तक देने पड़े। अस्पताल प्रबंधन के पास शिकायत पहुंचने पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। बता दें कि उत्तर भारत में मौसम का बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम की ठंड व दिन में गर्म मौसम होने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव देखने को मिल रहा है। दीपावली पर्व पर हुए प्रदूषण के चलते वातावरण में हवा जहरीली हो चुकी है। जिसके चलते सांस व आंखों की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। वहीं हाल में सरकारी नौकरी पाने वाले अभ्यार्थियों के स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र भी अस्पताल में बनाएं जा रहे है। हर रोज दो सौ के करीब अभ्यर्थी अपना प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए पहुंच रहे है। जिसके चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ओपीडी संख्या-2400 के पास पहुंच चुकी है। अस्पताल में सरकारी नौकरी के लिए आए अभ्यर्थी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पांच रुपये की पर्ची के 100 रुपये देने पड़े, तब जाकर उसका रजिस्ट्रेशन हो पाया।

**चेतावनी के बाद भी स्टाफ कर्मी फार्म लेकर घुमते आए नजर, फोटो व वीडियो वायरल**

नागरिक अस्पताल में सोमवार को 12 बजे तक 1700 तक ओपीडी दर्ज की गई। सर्दी के दिनों में ओपीडी शाम 3 बजे तक कर दी गई है। वही 3 बजे तक 2400 ओपीडी पहुंच गई थी। मेडिकल बनवाने वाले आवेदक अस्पताल में अपनी पहचान के लोगों को सहयोग लेते नजर आए। किसी को भाई तो किसी को बहन का जानकारी बताया गया। जबकि अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कर्मचारियों को अपने स्थान पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए कर्मचारी रजिस्ट्रेशन काउंटर व लैब रिपोर्ट वाले काउंटर पर कर्मचारी फार्म लेकर रिपोर्ट निकलवाते नजर आए। जिनकी वीडियों व फोटो सोशल साइटों पर वायरल हो गई।

# 12 को होगी यातायात नियमों को लेकर स्कूल स्तरीय परीक्षा



**तैयारी**

**▶▶ उप पुलिस अधीक्षक अंबाला छावनी की अध्यक्षता में यातायात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में मीटिंग हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उप पुलिस अधीक्षक अंबाला छावनी रजत गुलिया की अध्यक्षता में यातायात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में मीटिंग हुई इस मीटिंग में खंड शिक्षा अधिकारी बराड़ा प्रमोद राणा खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर प्रवीण कुमार खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला छावनी सुदेश कुमारी ने भाग लिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बतलाया की नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में यातायात नियमों को लेकर यह स्कूल स्तरीय परीक्षा होगी जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक ने बतलाया कि पुलिस महानिदेशक यातायात एवं हाईवे हरियाणा के दिशा निर्देशों अनुसार हरियाणा के सभी जिलों में यातायात नियमों को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज कंपटीशन करवाया जाएगा। 12 नवंबर 2024 को इस क्विज कंपटीशन की शुरूआत की जाएगी। यह परीक्षा तीन स्तर पर होगी पहले स्तर में कक्षा 1 से लेकर 5 तक के विद्यार्थी होंगेए दूसरे लेवल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी तथा तीसरे लेवल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता 4 स्तर ब्लॉकए उप मंडल स्तरए जिला स्तर व राज्य स्तर पर की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को उप मंडल स्तर में भाग लेने का मौका मिलेगा। उप मंडल स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को पहले से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालन करने के लिए प्रेरित करना है। क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिंदगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

# फौजी स्वीट्स पर डिब्बे समेत मिठाईयां बेचकर कर रहे अवैध वसूली



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला में मिठाइयों की दुकानों पर बीते त्योहारों को लेकर बाजारों में दिख रहे थे काफी ग्राहक लेकिन ग्राहक जोकि मिठाई ले रहे थे उनसे डब्बों का वजन तोलकर लोगों को 800 ग्राम मिठाई दी जा रही थी डब्बों में ग्राहको का कहना है कई दुकानदार मिठाई डिब्बों में तोलकर लोगों से 50 रुपये और 20 रुपये डब्बों का चार्ज बिना बताए वसूला जा रहा था जिसमे से अंबाला हिसार रोड में स्थित फौजी स्वीट्स हवाई के एक वर्कर ने ग्राहक को कहा कि 300 रुपये मिक्स एक किलो का डिब्बा है जिसमे 850 ग्राम मिठाई डब्बो में दी जा रही थी अंबाला के दीपक वोहरा ने दुकान के मालिक से की बातचीत और उन्होंने कहा ये तो त्योहारों को लेकर हमारा हक है। हमने भी तो दिवाली मनानी है और ये अवैध वसूली चलती रहेगी अंबाला प्रशासन की आखों में पट्टी बँधी हुई थी जोकि वह इन दुकान दारों को त्योहारों को लेकर छापे मारने चाहिए थे। बीते त्योहारों में लोगों से कर रहे थे अवैध वसूली गरीब जनता ये दुकान दार तो दिवाली की जगह गरीबो का दिवाला निकाल रहे थे ग्राहको ने प्रशासन से की अपील जल्द मारे छापे और जुमार्ना लगाएं।

# छठ पूजा पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम 7 को कुरुक्षेत्र में, सीएम करेंगे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 7 नवम्बर को जिला कुरुक्षेत्र में छठ पूजा महोत्सव का राज्यस्तरीय कार्यक्रम पुरुषोत्तमपुरा बाग में किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा कर रही थीं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कान्फ्रेस हॉल में आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त ने छठ पूजा



महोत्सव के आयोजन को लेकर संस्थाओं के प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जो-जो तैयारियां एवं कार्य किए जाने हैं उस बारे विस्तार से जानकारी हासिल करते हुए सभी को कहा कि बेहतर समन्वय बनाकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करना है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए भी सौभाग्य है कि कुरुक्षेत्र में उपायुक्त का पदभार ग्रहण करते ही राज्यस्तरीय

**तैयारियां**

**उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया**

कार्यक्रम का यहां पर आयोजन हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के दृष्टिगत बताया कि 7 नवम्बर को राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हरियाणा एवं अन्य विशिष्ठ अतिथि सायंकाल ब्रहमसरोवर पर आरती में भाग लेंगे और उसके उपरांत पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि केडीबी, नगर परिषद व संस्था के प्रतिनिधि बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम स्थल व आस-पास सफाई व्यवस्था के कार्य को करवाना सुनिश्चित करवाएं। इसके साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ वीआईपी शौचालय की व्यवस्था, दमकल विभाग फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग एम्बुलेंस की व्यवस्था, पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात व्यवस्था के कार्य को करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# दीवार के पास पेशाब करने से रोकने के लिए लगवा दी भगवान की तस्वीरें

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** एक तरफ जहां लोग मन्दिरों में जाकर भगवान की पूजा कर रहे है, वहीं एक भवन के मालिक ने आसपास के दुकानदारों द्वारा अपनी दिवार पर पेशाब करने से रोकने के लिए भगवान की तस्वीर उस जगह लगवा दी, जहां लोग पेशाब करते थे। भगवान की तस्वीरे दिवार पर लगाने के बाद भी दुकानदार पेशाब करने से नही रूक रहे है। आस्था से खिलवाड़ होता देखकर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने पहुंचकर विरोध जताया और अपने स्वार्थ के लिए भगवान की मूर्ति गलत स्थान पर लगाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिषद के सदस्यों ने चेताया कि अगर भगवान की मूर्ति नही हटवाई गई तो परिषद के पदाधिकारी धरना



देकर विरोध करेंगे। मामला गन्नौर के रेलवे रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के पास का है। दुकानदार यजुवेंद्र ने बताया कि पिछले करीब दस बारह साल से नपा द्वारा सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा नहीं की गई है। गन्नौर का देवीलाल चौंक पर काफी दुकानदार है। दिन के समय दुकानदारों को पेशाब करने के लिए कोई भी जगह नही है। लोग बैंक के साथ लगती गली में बैंक की ही दीवार पर टॉयलेट करते है। लोगों का कहना कि बैंक बिल्डिंग मालिक ने लोगों को वहां टॉयलेट करने से रोकने के लिए आस्था का सहारा लिया।

## न्यूज फ्लैश

### चाकू से हमला करने मामले में और तीन आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हल्दाना** चौकी इंचार्ज एएसआई राजबीर ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने मामले पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी मोनू निवासी महावटी व जयपाल निवासी आटा के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके साथी आरोपी जयपाल की महावटी निवासी प्रवीन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो



गई थी। जयपाल के कहने पर उन सभी ने जयपाल के साथ मिलकर चाकू से हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक चाकू बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। मामले में पिछले दिनों गिरफ्तार किये आरोपी जयपाल व मोनू को पहले ही माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। थाना समालखा की हलदाना चौकी में प्रवीन पुत्र राजेंद्र निवासी महावटी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह 12 अक्तूबर की देर शाम करीब 10 बजे दोस्त रिंकू के साथ गांव के सरकारी स्कूल से घेर में जा रहा था। वह घेर के नजदीक पहुचे तो गांव निवासी मोनू व आटा निवासी जयपाल ने अपने चार पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर उन दोनों को रोक लिया और झगड़ा करने लगे। इसके बाद उन दोनों पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। चोट मारकर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इलाज के लिए उन दोनों को समालखा सिविल अस्पताल लेकर गए। जहा डाक्टर ने दोनों की गंभीर हालत को देख रैफर कर दिया। उसको आर्टिओस हॉस्पिटल में व रिंकू को दिल्ली गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। थाना समालखा में प्रवीन की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

### मोटरसाईकिल चोरी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के एक आरोपी को किया गिरफतार। थाना केयुके पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोप में सोमन अली वासी गांव शिवागढी पानीपत जिला पानीपत हाल ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र को गिरफतार करने में सफलता हासिल की है। यह




जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता मनजीत पांचाल ने बताया कि दिनांक 03-11-24 को विकास वासी चनारथल कालोनी किरमच रोड कुरूक्षेत्र ने थाना केयुके पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 02/11/24 को वह अपनी मोटरसाईकिल न. एचआर07एसी-2771 मार्का स्पलैण्डर पर सवार होकर ब्रह्म सरोवर केयुके आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को ब्रह्म सरोवर केयुके पर खडा किया था। थोडी देर बाद जब वह वापिस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल वहा पर नही थी। उसकी मोटरसाईकिल के कोई नाम पता नामालुम चोर चोरी करके ले गया था। जिस की शिकायत पर पुलिस ने थाना केयुके में मामला दर्ज करके जांच एएसआई राजेन्द्र कुमार को सौंप दी थी। एएसआई राजेन्द्र कुमार ने मामले की गहनता से जांच करते हुए अपनी टीम एएसआई रणधीर सिंह, सिपाही तिजेन्द्र कुमार की सहायता से मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी सोमन अली वासी गांव शिवागढी पानीपत जिला पानीपत हाल ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र को ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र से काबू करके गिरफतार कर लिया है। जिसने पुछताछ के दौरान चोरी की गई मोटरसाईकिल को पुलिस को बरामद करवा दिया है। और आधिक गहनता से पुछताछ के दौरान आरोपी सोमन अली ने पुलिस को बताया कि उसने इस मोटरसाईकिल के ईलावा दिनांक 29-10-24 के एक और मोटरसाईकिल सलारपुल रोड कुरूक्षेत्र से भी चोरी की थी।

# कन्या कॉलेज समिति के पूर्व महासचिव सहित 4 पर मामला दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**कन्या** महाविद्यालय खरखौदा में पी एम के वी वाई स्कीम के फंड में भारी अनियमितता का मामला उजागर, कई आरोपियों पर गबन के आरोप में मामला दर्ज खरखौदा स्थित कन्या महाविद्यालय में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्राप्त सरकारी फंड में गबन और अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच के दौरान पता चला कि सरकारी सहायता प्राप्त इस महाविद्यालय में स्कीम का दुरुपयोग कर गलत तरीके से फंड का लाभ उठाया गया। इस मामले में प्रबंधक समिति और अन्य संबंधित अधिकारियों पर गंभीर




आरोप लगे हैं। मामले में सीएम फ्लाइंग की टीम द्वारा जांच की गई थी, जिसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में चार लोगों पर केस दर्ज हुआ है। जांच रिपोर्ट के अनुसार पी एम के वी वाई के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में फर्जी तरीके से कॉलेज में पढ़ने वाली 300 से अधिक छात्राओं को भी शामिल किया गया। जबकि यह योजना सिर्फ उन बेरोजगार युवाओं के लिए थी जिन्होंने स्कूल या कॉलेज छोड़ दिया था। आरोप है कि ट्रेनिंग देने के नाम पर 938 लड़कियों को विभिन्न कोर्स में पंजीकृत किया गया। जिनमें से बड़ी संख्या में कॉलेज की नियमित छात्राएं थीं, जो पॉलिसी के नियमों का उल्लंघन करती हैं। इस मामले में एसबी स्केयर

**आरोप**

**सरकारी सहायता प्राप्त इस महाविद्यालय में स्कीम का दुरुपयोग कर गलत तरीके से फंड का लाभ उठाया गया**

कंसलटेंसी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ट्रेनिंग सेंटर के तौर पर एजुकेशन सोसाइटी खरखौदा को चुना गया था, जिसका डायरेक्टर अंकित गर्ग व वसुंधरा थे।

जांच में पाया गया कि वर्ष 2016 से 2017 के दौरान इस कंपनी को केंद्र सरकार की स्कीम पी एम के वी वाई का प्रोजेक्ट सौंपा गया था।

# राजकीय स्कूल को चोरों ने चौथी बार बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** पुरखास गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को चोरों ने चौथी बार अपना निशाना बनाया। चोरों न स्कूल के प्रचार्या सहित कई कमरों का ताला तोड़ हजारों रुपयों का सामान चोरी कर लिया। स्कूल प्राचार्य ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में स्कूल प्राचार्य सुरजीत सिंह ने बताया कि 3 नवंबर की रात चोरों ने स्कूल के 6 कमरों का ताला तोड़ कर सामान चोरी कर लिया। इसकी सूचना उन्होंने डायल 112 पर भी दी थी। उन्होंने बताया कि चोर स्कूल के सीनियर विंग में उनके कक्ष से दो बैटरी, एक सीपीयू, एक स्क्रीन व एक प्रिंटर, एक स्पेयर कार्टेज व सभी तालों की चाबियों का गुच्छा चोरी कर ले गए। वहीं लिपिक कार्यालय व स्टाफ स्टाफ रूम से दो नए पंखे, एक सीपीयू, एक स्क्रीन, दो बैटरी, एक इन्वर्टर चोरी हुआ मिला। इसके अलावा कम्पयूटर लैब से एक सीपीयू, 5 टीएफटी, 10 कीबोर्ड, 10 माउस, पंद्रह ड्राइ बैटरी व एक प्रिंटर चोरी हुआ है। इतना ही नहीं स्कूल में रखी प्रत्येक अलमारी का ताला तोडा कर रिकार्ड के साथ छेड़छाड़ की गई है। उन्होंन बताया कि इस वर्ष अप्रैल से लेकर अब तक यह चोरी की चौथी घटना है। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर पर धारदार हथियार से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** सनपेड़ा गांव में आईसीआईसीआई बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर पर धारदार हथियार से हमला उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सनपेड़ा गांव के अंकुर ने बताया कि वह सोनीपत में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 4 नवंबर की शाम वह घर से स्कूल की तरफ घूमने आया था। स्कूल के पास सड़क पर उनके गांव के आशीष, अमित, राहुल व नरेला के शिवम उसका रास्ता रोक कर गाली गलौच करने लगे। अंकुर का

**घायल**

**अंकुर ने बताया कि वह सोनीपत में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत है**

आरोप है कि उक्त आरोपितों की करीब दो वर्ष पहले उसके चाचा के लड़के नितेश के साथ झगड़ा हुआ था।

इसी की रंजिश रखते हुए आरोपितों ने उसके साभ मारपीट की और उसके सिर पर धारदार हथियार से 2 जगह वार किए। जिससे वह घायल हो गया।

# छठ पूजा के आयोजन को लेकर महानिदेशक ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** 7 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में छठ पूजा महोत्सव के दृष्टिगत आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्टद्द, अतिरिक्त निदेशक सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग रणबीर सांगवान, शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी, सीईओ



केडीबी पंकज सेतिया, एसडीएम कपिल शर्मा मौजूद रहे।

महानिदेशक के.एम. पांडुरंग ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए स्टेज की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए स्टेज की व्यवस्था, बैकड्राप, एलईडी की व्यवस्था के साथ-साथ मीडिया के बैठने की व्यवस्था तथा अन्य जो आवश्यक प्रबंध किए जाने हैं, उस बारे जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ करने बारे कहा। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# आर्य महासम्मेलन में शिरकत करेंगे सीएम नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी के पावन सान्ध्यि में दो दिवसीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन 9 व 10 नवम्बर को होगा जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पधारेंगे। महासम्मेलन में गुजरात के राज्यपालश्री एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री सहित अनेक विद्वान्, महानुभाव भी शिरकत करेंगे। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में गुरुकुल कुरुक्षेत्र एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संयुक्त तत्त्वाधान में यह आर्य महासम्मेलन करवाया जा रहा है।

# सभी युवा साथी भाजपा से जुड़ें: देवेन्द्र कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत गन्नौर हलके में भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान कौशिक का रेलवे रोड पर युवाओं ने स्वागत किया। उनके साथ पार्टी के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा भी थे। कौशिक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं में अतुलनीय ऊर्जा होती है। कठिन से कठिन लक्ष्य भी युवाओं के ऊर्जा के आगे कुछ नहीं है इसलिए भाजपा युवाओं को बेहतर अवसर देना चाहती है। आप सभी युवा साथी भाजपा से जुड़ें और राष्ट्र की सेवा में अपना



योगदान दें। उन्होंने अपनी मौजूदगी में ही सैकड़ों युवाओं को भाजपा की आनलाइन सदस्यता दिलाई। कौशिक ने युवाओं को भाजपा के सदस्य बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भाजपा की रीति-नीति आम युवा, कार्यकताओं को उसके क्षमता अनुसार अवसर प्रदान करने पर विश्वास रखता है इसलिए विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी से जुड़ें। भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि भाजपा हर वर्ग की सच्ची हितैशी है। भाजपा ने तीसरी बार प्रदेश में सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हजारों युवाओं को रोजगार देने के वायदे को निभाया। प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के

**वादा निभाया**

**भाजपा ने तीसरी बार प्रदेश में सत्ता में आते ही सीएम ने हजारों युवाओं को रोजगार देने के वायदे को निभाया**

योग्यता के आधार पर रोजगार मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी युवाओं को पार्टी से अधिक से अधिक सख्या में जोड़ने का काम करे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी, निशांत छौक्कर, विद्या भूषण हसीजा के अलावा पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आज चंद्रभान पुरा में नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने नवीन संकल्प शिविरों की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन संकल्प शिविरों की श्रृंखला में 6 नवम्बर को थानेसर हल्के के गांव खासपुर के प्राईमरी स्कूल में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और गांव चंद्रभान पुरा के गुरू ब्रहमानन्द आश्रम में दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जाऐगा। इन दोनों शिविरों में ग्रामीणों के कागजात संबंधित त्रुटियों का समाधान किया जायेगा। इसी मौके पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल युनिट में ग्रामीण स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधित जानकारी ले सकते हैं और छात्रवृत्ति के लिये मौके पर ही आवेदन प्रक्रिया भी पूरी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के गांवों में लगातार ये नवीन संकल्प शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता इन नवीन संकल्प शिविरों में आकर हर प्रकार के लाभ अर्जित कर रही है।

# प्लास्टिक गीटियां बनाने के लिए तैयार की जा रही फैक्ट्री में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में धागा लपटने के लिए प्लास्टिक गीटियां बनाने के लिए तैयार की जा रही 137 नंबर फैक्ट्री के स्टोर रूम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने फैक्ट्री के दोनों तलों को अपनी चपेट में ले लिया। इसी दौरान आग से उठ रही लपटें साथ लगती लोहे के बर्नर बनाने वाली 138 नंबर फैक्ट्री के प्रथम तल तक पहुंच गई। इस बीच बड़ी औद्योगिक क्षेत्र दमकल केंद्र की दमकल गाड़ी को मौके पर बुलाया, लेकिन आग पर काबू न पाता देख गन्नौर व सोनीपत से भी दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। जिसके बाद आग



पर काबू पाया जा सका। आग लगने की वजह से 137 नंबर फैक्ट्री में रखा सारा सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि 138 नंबर फैक्ट्री के प्रथम तल का भी सारा सामान जल गया। आग लगने की वजह से दोनों फैक्ट्री संचालकों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ। गनिमत रही कि आग लगने से दोनों फैक्ट्रियों में कोई जनहानि नहीं हुई।

**-फैक्ट्री शुरू करने हो रही थी तैयारी**

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 137 नंबर फैक्ट्री महादेव मल्टीप्लास्ट में धागे लपटने के लिए प्लास्टिक गीटियां तैयार करने का काम शुरू किया जाना था। फैक्ट्री संचालक द्वारा इसके लिए तैयारियां की जा रही थी। फैक्ट्री में इसके लिए कच्चा माल व मशीने भी ला कर रखी गई थी। मंगलवार को फैक्ट्री के स्टोर रूम के साथ वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। इसी बीच वेल्डिंग से निकली चिंगारी स्टोर रूम में रखे प्लास्टिक के कच्चे माल में जा पहुंची। जिससे आग धधकनी शुरू हो गई। फैक्ट्री कर्मियों ने आस-पास के लोगों की मदद से पहले आग पर खुद काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती चली गई और उसने साथ लगती लोहे के बर्नर बनाने वाली फैक्ट्री के प्रथम तल को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर बड़ी दमकल केंद्र से अग्निशमन गाड़ी को मौके पर बुलाया गया, लेकिन आग ज्यादा फैलती देख सोनीपत और गन्नौर दमकल केंद्र की 7 और गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। अग्निशमन कर्मी लगातार पानी और फोम का उपयोग कर आग को बुझाने का प्रयास करते रहे।

**आग में स्वाहा**

**देखते ही देखते आग ने फैक्ट्री के दोनों तलों को अपनी चपेट में ले लिया, लाखों का नुकसान**

# खेत से ट्यूबवेल के तार व स्टार्टर चोरी करने वाली आरोपी गिरफ्तार

म

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**सीआईए** टू पुलिस टीम ने गढ़ी सिकंदरपुर गांव में खेत से टयूबवेल की तार व स्टार्टर चोरी करने वाले आरोपी को अनाज मंडी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान श्याम लाल निवासी सुडकन नरवाना जीन्द के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली कि अनाज मंडी में सदिग्ध किस्म का एक युवक घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर



दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान श्याम लाल पुत्र राजकुमार निवासी सुडकन नरवाना जीन्द के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने 20 अक्तूबर की रात गढ़ी सिकंदरपुर गांव के खेत में एक ट्यूबवेल की तार स्टार्टर व ग्रिप चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में वीरभान पुत्र कान्हाराम निवासी गढ़ी सिकंदरपुर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है।

# बुराड़ीः लोकतंत्र की परिभाषा को चरितार्थ कर रहा है न्याय रथः भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकतंत्र की परिभाषा को चरितार्थ कर लोगों की बात सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है न्याय रथ। यह कहना है करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली विधान सभा चुनावों को देखते हुए दिल्ली वालों दिल्ली चलाओ अभियान की शुरूआत कर एक कुर्सी लगा टेंपो न्याय रथ रवाना किया था। जिस न्याय रथ कुर्सी पर बैठकर आम लोग अपनी समस्याएं, अपने सुझाव साझा कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि वह लोगों के इन्हीं सुझाव व समस्याओं को सरकार के सामने रखेगी और अपने मेनिफेस्टो में भी जगह देगी। यही न्याय रथ पिछले सप्ताह भर से करावल नगर जिले की सभी विधानसभाओ में भी घूम रहा था। 4 और 5 नवंबर को इस न्याय रथ ने बुराड़ी विधान सभा के पांचों ब्लॉक में घूमकर लोगों की बातों को, उनके सुझावों को रिकॉर्ड किया। करावल नगर



जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की देखरेख में बुराड़ी विधान सभा के सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने पूरी तन्मयता के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक न्याय रथ पहुंचाने का कार्य किया। इस बारे में आदेश भारद्वाज को बताया कि हमारे द्वारा चलाए गए अभियान दिल्ली वालो दिल्ली चलाओ से लोग स्वतः जुड़ रहे हैं क्योंकि लोग आम आदमी पार्टी और भाजपा से काफी नाराज हैं और लोगों का कहना दोनों ने ही अपने झूठे वादों और जुमलो से दिल्ली की मासूम जनता के साथ छल किया है। दिल्ली सरकार ने दिल्ली को पेरिस बनाने का वादा किया था जबकि दिल्ली आज देश का सबसे प्रदूषित शहर बन चुका है। दिल्ली सरकार अपने आपको कट्टर ईमानदार बताती है जबकि उसके सभी बड़े नेता घोटालों में लिप्त हैं। खुद को दिल्ली का बेटा बताने वाले केजरीवाल जी वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन जैसी पॉलिसीज को बंद करे बैठे हैं। लाखों लोगों के राशन कार्ड बनने के लिए लंबित हैं। फ्री पानी का वादा कर गंदा और कीचड़युक्त पानी सप्लाई किया जा रहा है। अब केजरीवाल जी कह रहे हैं कि मेरी सरकार आई तो पानी के बिल माफ कर दूंगा.. उनसे कोई पूछे कि भई अभी भी तो सरकार आपकी ही है, अब क्यों नहीं माफ कर सकते। विधान सभा में न्याय रथ अभियान में ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, रविंद्र त्यागी, सुजीत सिंह, परवीन भडाना, राजन पांडेय, सुरेंद्र कोच, पूर्व निगम प्रत्याशी नीतू तोमर, पूर्व निगम प्रत्याशी राज ठाकुर, देविंदर सिंह, सुखबीर सिंह, पी एस रावत, मितलेश माथुर, रेखा रानी, कविता देवी, गौतम त्यागी, शिव चरण, राकेश दास, मनोज कुमार ने अहम भूमिका निभाकर अभियान को सफल बनाया।

## जीएसटी चोरी के लिए बनी 18 हजार फर्जी कंपनियों की हुई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जीएसटी चोरी करने के इरादे से बनाई गई लगभग 18 हजार फर्जी कंपनियां के खिलाफ कार्रवाई की शुरूआत कर दी गई है। दावा किया जा रहा है कि इन 18 हजार कंपनियों के जरिए लगभग 25,000 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की गई है। इन कंपनियों के पहचान फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फर्जी कंपनियां के माध्यम से टैक्स चोरी करने के खिलाफ देश भर में चलाए जा रहे स्पेशल ड्राइव में करीब 73 हजार ऐसी कंपनियों की प्राथमिक तौर पर पहचान की गई थी, जिन पर गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट का फायदा उठाने का शक था।

# आतिशी सरकार स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रहीः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह बहुत बड़ी विडंबना है कि राजधानी दिल्ली में लाखों पूवार्चंल वासी आस्था, श्रद्धा, विश्वास की भावना के साथ छठ पर्व पर प्रदूषित यमुना के जहरीले पानी में डुबकी लगाकर और प्रातः सूर्य देवता को अर्घ देकर छठ मैया का पूजन करके अपने व्रत को संपूर्ण करने को मजबूर है। छठ पर्व जल में रहकर मनाने की परम्परा के कारण 3-4 दिन तक चलने वाला पर्व में पूवार्चंल श्रद्धालु प्रदूषित यमुना में छठ मैया के व्रत को पूरा



करने की रस्म अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि यमुना का जल जहरीला हो रहा है, इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए और मुख्यमंत्री आतिशी प्रदूषित यमुना में बढ़ते अमोनिया के स्तर की जिम्मेदारी लेते हुए पर्यावरण मंत्री से इस्तीफा लें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पूवार्चंलवासी छठ श्रद्धालु हर वर्ष इस उम्मीद के साथ यमुना में डुबकी लगाकर अर्घ देने की उम्मीद करते है कि सरकार स्वच्छ जल की व्यवस्था कर देगी परंतु हर श्रद्धालुओं को मजबूरी वश प्रदूषित यमुना में छठ का व्रत संपूर्ण करना पड़ता, जो आम आदमी पार्टी की सरकार की सबसे बड़ी विफलता है, जबकि पूवार्चंलवासियों को केजरीवाल अपना वोट बैंक बताते है। उन्हांने कहा कि यमुना में प्रदूषण इतने खतरनाक स्तर पर है कि यमुना में पूजा करने वाले छठ श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। यमुना के प्रदूषित जल में पूजा करने को मजबूर लाखों छठ श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई है, जिसके लिए पूरी तरह आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा और दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार हर वर्ष यमुना सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च करके स्वच्छ बनाने का दावा तो करती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की दोनो सरकारों का यमुना की सफाई का काम सिर्फ दस्तावेजों तक सीमित रहता है।

## जगदीश टाइटलर के खिलाफ अगली सुनवाई 12 नवंबर को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के आरोपित जगदीश टाइटलर के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दिया है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को करने का आदेश दिया। आज इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रास-एग्जामिनेशन होना था लेकिन जगदीश टाइटलर के वकील अनिल कुमार शर्मा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से क्रास-एग्जामिनेशन नहीं हो सका। कोर्ट ने टाइटलर के वकील को लखविंदर कौर के क्रास-एग्जामिनेशन का अंतिम अवसर देते हुए।



वजीरपुर वार्ड में छठ घाट का निरीक्षण करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# उत्तम नगर विधायक नरेश बालयान के विरोध में भाजपा ने किया रोष प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा की महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत के नेतृत्व में उत्तम नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के प्रति अभद्र टिपण्णी करने और जनता से भद्दा मजाक करने के विरोध में आम आदमी पार्टी विधायक नरेश बालयान के कार्यालय में रोष प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक पवन शर्मा, नजफगढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश शौखंदा, जिला महामंत्री राज शर्मा एवं संदीप सहरावत, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रेमलता गौड़, पूर्व पार्षद किशन गहलोत आदि सम्मलित हुए।






भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगभग 2 घंटे विधायक नरेश बालयान के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और ट्रैफिक जाम कर उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कमलजीत सहरावत ने कहा की दस साल में विधायक नरेश बालयान जब भी मीडिया में आये हैं तो किसी ना किसी कुचर्चा के कारण। उन्होंने कहा की विधायक नरेश बालयान द्वारा अनेक बार जनता को गुमराह किया गया और उनके कार्यकाल में उत्तम नगर में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हो गये हैं। उत्तम नगर के पिछले 10 साल विधायक के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। अब जब जनता विधायक नरेश बालयान से 10 साल का हिसाब मांग रही है तो वह जनता को अभद्र एवं भद्दे जवाब दे रहे हैं।

उन्होने कहा की सत्ता घमंड में चूर विधायक नरेश बालयान द्वारा जनता को दिया जवाब की 35 तारीख तक सड़के ठीक करा दूंगा, उत्तम नगर की सड़कों को हेमा मालिनी के गाल जैसा बना दूंगा उनके महिलाओं के प्रति असम्मान एवं जनता के प्रति लापरवाही का प्रमाण है।

कमलजीत सहरावत ने कहा की नरेश बालयान ने क्षेत्र की जनता खासकर महिलाओं का जो अभद्र अपमान किया इसकी कीमत आम आदमी पार्टी फरवरी 2025 के विधानसभा चुनाव में चुकायेगी। इस मौके पर पवन शर्मा ने मांग की कि विधायक नरेश बालयान महिलाओं एवं उत्तम नगर की जनता से माफी मांगे और इस्तीफा दें अन्यथा अब जब कोई "आप" का वरिष्ठ नेता उत्तम नगर आयेगा तो उसका विरोध होगा।

## केन्द्रीय मंत्री ने किया शिल्प समागम मेला का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिल्ली हाट, नई दिल्ली में शिल्प समागम मेला 2024 आयोजित कर रहा है।

मंगलवार को केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने इसका उद्घाटन किया। मेला मंत्रालय के तहत निगमों- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम(एनएसएफडीसी), राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एनबीसीडीएफसी) और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।



डीईआरसी के सदस्य सुरेंद्र बब्बर और आर एन सिंह से पेंशन फाइटर्स के प्रधान वीरेंद्र शर्मा व अन्य लोग शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

## जलबोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय में बिल सुधार कैम्प लगायेः कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली में जलबोर्ड उपभोक्ताओं को अनाप शनाप बिल मिल रहे हैं पर दिल्ली की सरकार एवं आम आदमी पार्टी नेता उनका समाधान करने के आराजक ब्यानबाजी कर रहे हैं जो निंदनीय है। दिल्ली के पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल हास्यास्पद रूप से गली गली घूमकर रोज कह रहे हैं और एक आराजक ब्यान दे रहे हैं की पानी बिजली के जो बढ़े बिल आपको मिल रहे हैं उनको ना भरें, मैं फरवरी में फिर से सत्ता में आऊंगा और बिल माफ कर दूंगा, जिसके जवाब में लोग पूछ रहे हैं की आज



भी तो आपकी सरकार है आज कौन रोक रहा है गलत बिल ठीक करने से। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने पश्चिम दिल्ली के एक उपभोक्ता का एक बिल एक्स पोस्ट पर डाला है जिसे दिल्ली जलबोर्ड ने आठ माह का 10 लाख 49 हजार रूपए का बिल भेजा है।

# आप राज में स्वच्छ जल को तरस रहे है बुराड़ी के लोगः खेमचंद सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने बुराडी की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जहां एक ओर सड़को का बुरा हाल है, वही जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर देखे जा सकते है।

उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में बुराडी में रहने वाले लोगों की दशा काफी दयनीय होती जा रही है। बरसात में यहां पर जलभराव आम समस्या है। और यहां की जनता को रोज घंटों जाम की समस्या से



जूझना पड़ता है। जिस कारण से बुराडी क्षेत्र में बाहर के लोग भी आने से कतराने लगे है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से लोगों को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने आगे बताया कि बुराड़ी की कई कॉलोनियों में जल बोर्ड का गंदा पानी आ रहा है, जिसे पीना तो दूर की बात कपड़े भी नहीं धोये जा सकते है।

इसलिए मेरी दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी से मांग है कि बुराड़ी की जनता को शुद्ध जल महैया कराये, जिससे की बुराड़ी वासियों के जन-जीवन में सुधार हो सके।

# शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी ने चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके में ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राम बाग के ज्ञान आधार केंद्र में त्योहार पर सभी बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि सभी बच्चे नई ऊर्जा से ओतप्रोत हो सकें और दीपोत्सव के पर्व पर जन साधारण को पटाखों को न जलाकर दीप जला कर स्वस्थ वातावरण के निर्माण में भागीदारी का संदेश दे सकें। आपको बतादें कि झूले वाले पार्क में ज्ञान आधार टीम के सदस्यों, बच्चों और उनकी अध्यापकाओं ने मिलकर बहुत सुंदर सजावट



की और दीपावली पर्व के महत्व को समझाया। सिमरन ने मंच पर शुभारम्भ करते हुए सभी बच्चों को दीपावली पर्व के विषय में संक्षेप में बताया। इस अवसर पर सभी बच्चों को यह भी बताया गया कि दीपावली 'अधर्म पर धर्म की विजय' और 'असत्य पर सत्य की जीत' का संदेश देती है। रैली राम बाग, ज्ञान आधार सेंटर पर आकर समाप्त हुई, वहां सभी बच्चों को बिस्कुट के पैकेट और फ्रूटी दी गई। विशाल और अभिषेक की मूक भागीदार ने भी कार्यक्रम में नए रंग भरे।

आयोजन में सजावट, बैनर, स्लोगन लिखी तख्तियां आदि की जिम्मेदारी ज्ञान आधार के सदस्यों की टीम द्वारा उठाई गई जो इस बात का सबूत पेश करती है कि संगठन में शक्ति है। हम सभी उनके ह्रदय से आभारी हैं। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और हौसला बुलन्दी पर था जो अत्यंत सराहनीय था। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जनता को गुमराह करना बंद करें आम आदमी पार्टीः भारत सिंह राघव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादें आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह भी एक पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों में हुआ है, धरातल पर तो विकास नजर ही नहीं आ रहा है। जिसके चलते दिल्लीवासियों को कई



समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त में पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को पानी बाजार से खरीद कर पीना पड़ रहा है, क्योंकि दिल्ली की अधिकतर कॉलोनियों में पानी गंदा आ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को दिल्ली की जनता को शुद्ध जल उपलब्ध करवाना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

एक अन्य सवाल के जवाब में श्री राघव ने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है। वह कांग्रेस पार्टी की देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा कि वह करके दिखाया है।

## नायडू ने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं से बातचीत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई** दिल्लीः केंद्रीय मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली 51 महिलाओं से बातचीत की है। इन सफल महिलाओं के सम्मान में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने लंच का भी आयोजन किया था। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली 51 महिलाओं से बातचीत की।

# महाकुम्भ को दिव्य और भव्य के साथ सुरक्षित बनाने का लक्ष्य

## पहली बार प्रयागराज रेल मण्डल लगा रहा है एफआरसी, सीसीटीवी के साथ फेस रिकगनीशन कैमरों से रखी जाएगी नजर, एआई तकनीक की मदद से संदिग्धों को तत्काल पहचान लेते हैं ये कैमरे

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: महाकुम्भ को** दिव्य और भव्य के साथ सुरक्षित बनाने का लक्ष्य डबल इंजन सरकार ने रखा है। इसके मद्देनजर न केवल मेला क्षेत्र बल्कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। महाकुम्भ में लगभग 10 करोड़ लोगों का ट्रेन से आने का अनुमान है। इसे लेकर रेलवे सुरक्षा व्यवस्था के सारे इंतजाम कर रही है। प्रयागराज रेल मण्डल द्वारा महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए पहली बार



सीसीटीवी कैमरों के साथ एफआर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। एफआर कैमरे एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजकतत्वों पर नजर रखने में कारगर हैं। **एआई तकनीक से काम करते हैं एफआर कैमरे:** प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महाकुम्भ को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रयागराज रेल मण्डल सुरक्षा के सारे इंतजामों के साथ एआई बेस्ड एफआर कैमरे भी लगा रहा है। फेस रिकगनीशन या एफआर कैमरे एआई तकनीक की मदद से फेस रिकगनीशन में सक्षम होते हैं। ये आसानी से संदिग्धों को भीड़ में भी पहचान कर तलाश लेते हैं। भीड़ में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों या भगदड़ जैसी स्थिति को बनने से पहले काबू किया जा सकता है।

एफ आर कैमरे किसी भी असामान्य घटना को आसानी से पकड़ सकते हैं, उन पर तत्काल प्रतिक्रिया कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

**100 एफ आर कैमरों से रखी जाएगी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर:** प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए लगभग 650 सीसीटीवी कैमरों के साथ पहली बार 100 एफआर कैमरे भी लगाए जाएंगे।

# झाँसी मंडल ने टिकट चेकिंग में माह अक्टूबर - 2024 में दर्ज किया 29831 केस

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी: यात्रियों** को बेहतर सेवा देने के लिए संकल्पित झाँसी रेल मंडल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप रेल राजस्व में भी वृद्धि हो रही हैं। मंडल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में चल रही टिकट चेकिंग के कार्य में वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग टीम द्वारा अक्टूबर माह-2024 में रु.1.63 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया। झाँसी रेल मंडल में अनियमित यात्री, बिना टिकट यात्री, बिना बुक्ड लगेज, धूम्रपान तथा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों को न सिर्फ रोकने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि विभिन्न आय स्रोतों से



अधिक से अधिक आय अर्जन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग टीम ने अक्टूबर 2024 में बिना टिकट, अनियमित टिकट, बिना बुक्ड लगेज, धुम्रपान तथा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुमार्ना स्वरूप रु. 1.63 करोड़ का राजस्व वसूल किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि भविष्य में भी मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं आरक्षित व अनारक्षित यात्री गाड़ियों में नियमित रूप से सघन टिकट जाँच कराई जायेगी ताकि बिना टिकट व अनाधिकृत यात्रियों की यात्रा पर अंकुश लगाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सेडान सेगमेंट में क्रांति लाने के लिए ऑल-न्यू डिजायर हुई तैयार

**गुरुग्राम।** भारत की प्रमुख पैसेंजर व्हीकल निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित चौथी जनरेशन डिजायर की बुकिंग की शुरूआत कर दी है। भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट सेडान, ऑल-न्यू डिजायर अपने अत्याधुनिक डिजाइन, सेगमेंट में पहली बार पेश किए जा रहे ढेरों फीचर्स और शानदार कीमत के साथ एक बार फिर इस सेगमेंट में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।मारुति के डिजायर ब्रांड की खास विरासत पर तैयार, नई जनरेशन का यह




मॉडल भारतीय बाजार में सबसे बेहतरीन वाहन पेश करने की मारुति सुजुकी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

इस घोषणा के बारे में बात करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग एवं सेल्स के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफीसर, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा 2008 से अब तक के बेमिसाल सफर ने डिजायर को भारत की सबसे पसंदीदा सेडान बना दिया है। अब तक डिजायर 27 लाख से अधिक ग्राहकों का विश्वास जीत चुकी है। ऑल-न्यू डिजायर के साथ, हमने एक ऐसी नायाब चीज तैयार की है, जो न केवल अपने सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ है, बल्कि ग्राहकों की पारंपरिक उम्मीदों से परे है। इसकी आधुनिक डिजाइन फिलॉसफी, शानदार कंफर्ट और अत्याधुनिक तकनीक, डिजायर में ग्राहकों की पसंद के साथ यह दशार्ती है की आधुनिक सेडान में वे क्या चाहते हैं। आधुनिक पावरट्रेन विकल्प के साथ सोची गयी क्यूरेटेड फीचर्स को मिलाकर ऑल-न्यू डिजायर एक बेहतरीन अनुभव देने के लिए तैयार है।"

### लाईट बाईट फूड्स की ओर से पैन-एशियन रेस्टोरेन्ट यूमी ने खोला अपना पहला आउटलेट

**नई दिल्ली: भारत** की सबसे बड़ी और सबसे जीवंत फूड एवं बेवरेज रीटेल कंपनी लाईट बाईट फूड्स ने द्वारका के वेगस मॉल में पहले आउटलेट के साथ अपने कॉन्सेप्ट ब्राण्ड यूमी की मौजूदगी का विस्तार किया है। मैंगा से प्रेरित यह पैन-एशियन रेस्टोरेन्ट स्वदेशी व्यंजनों, मसालों और अनूठे स्वाद के साथ मेहमानों को बेहतरीन व्यंजनों का अनुभव प्रदान करता है। द्वारका में यह शुरूआत ब्राण्ड के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो अपने 23वें आउटलेट की ओपनिंग का जश्न मना रहा है। इस नए आउटलेट के साथ यूमी मेहमानों को व्यंजनों का स्वादिष्ट और बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है। रेस्टोरेन्ट के मैन्यू में एशिया के बोल्ड फ्लेवर्स को पेश किया गया है, जिसमें नाजुक डिम सम से लेकर विशेषज्ञ रूप से तैयार की गई सुशी, बेहतरीन नूडल्स और बहुत कुछ शामिल है। हर व्यंजन को ताजे, उच्च गुणवत्ता के इन्ग्रीडिएन्ट्स से तैयार किया जाता है।

यूमी का मैन्यू और इसका आकर्षक माहौल इसे सबसे खास बनाते हैं। रेस्टोरेन्ट का इंटीरियर जापानी मैंगा कॉमिक्स से प्रेरित है जो रोमांचक और मस्ती से भरपूर अनुभव देता है। रेस्टोरेन्ट का हर कोना लोकप्रिय मैंगा कैरेक्टर को सम्मान देता प्रतीत होता है जो पॉप कल्चर के बीच डाइनिंग के अनुभव को यादगार बना देता है। इसका आधुनिक डिजाइन और आरामदायक सीटिंग यूमी को हर मौके के लिए परफेक्ट बनाते हैं- फिर चाहे फैमिली पार्टी हो, दोस्तों के साथ कैजुअल डिनर या सोलो डिनर। लॉन्च के अवसर पर रोहित अग्रवाल, सह-संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, लाईट बाईट फूड्स ने कहा, द्वारका में यूमी का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है! हम हमेशा से अपने मेहमानों को आधुनिक तरीकों से उच्च गुणवत्ता के एशियाई व्यंजन उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहे हैं। आप नॉन-वेजीटेरियन व्यंजनों का लुत्फ उठाना चाहते हैं जैसे प्रॉन टेंपुरा रोल, वार्म डायनामाईट श्रिंप्स और चार सियु पोर्क बाओ या शाकाहारी व्यंजनों का आनंद उठाना चाहते हैं जैसे थाई स्टाइल बेसिल वेजीटेबल्स और स्टर-फ्राईड मशरूम, यूमी आपके लिए सभी कुछ लेकर आया है। आप यहां एशियाई व्यंजनों जैसे चिली बीन्स फिश फिलेट, इंडोनेशियन प्रॉन, कंग पाओ चिकन और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों जैसे पैन-फ्राईड राईस या पैड थाई नूडल्स का आनंद भी उठा सकते हैं। यह पैन-एशियन डाइनिंग का मजेदार अनुभव प्रदान करेगा।

# ईस्टर्न पेरिफेरल हाइवे पर किसान यूनियन का धरना

**बागपत: भारतीय** किसान यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर धरना शुरू कर दिया है। किसानों के साथ बतमीजी और बड़गांव टोल पर किसानों से टोल वसूल न करने की मांग की है। किसान यूनियन के कार्यकर्ता मंगलवार को टोल नंबर तीन पर पहुंचकर धरना पर बैठ गए हैं। किसानों ने अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है । किसानों का कहना है कि टोलकर्मी स्थानीय लोगों से अभद्रता करते हैं और किसानों से भी टोल जबरन वसूला जा रहा है वहीं किसानों के ट्रैक्टर को एक्सप्रेसवे पर नहीं चढ़ने दिए जाते नाराज किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए हैं और जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने लोनी रामलीला मेला का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरदोई : मंगलवार को** उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने 12 दिवसीय लोनी रामलीला मेला का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि भगवान राम के आदर्श को जनता तक पंहुचाने का सबसे उचित माध्यम रामलीला का मंचन होता है। इसलिए लोगों को ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि मनुष्य को भी अपने अंदर अंहकार नहीं पालना चाहिए। अंहकार ही मनुष्य को एक दिन खत्म कर देता है। लंकापति रावण



अंहकार के कारण ही भगवान राम के हाथों मारा गया। इसलिए समाज में लोगों को अंहकार से दूर रहना चाहिए। हमेशा भगवान राम के सिंध्दातों को अपनाना चाहिए। ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा कि मेला में पुराने सभी लोग मिल जाते हैं मेला आपकी सौहार्द एवं मिलन को बढ़ावा देता है। रामलीला के आयोजन से हमें सीख लेने चाहिए, क्योंकि श्रीराम के आदर्श से लोगों को प्रेरणा मिलती है।राज्य मंत्री ने कहा कि भगवान राम के आदर्श पूरे संसार के लिए अनुकरणीय हैं। इन आदर्शों पर चलकर विश्व बंधुत्व की भावनाओं को मजबूत किया जा सकता है। बुराई पर अच्छाई की जीत कैसे मिल सकती है। इसका महत्व रामलीला के माध्यम से ही पता चलता है। इस पर अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख टोडरपुर प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी, पवन रस्तोगी,समाजसेवी सरोज मिश्र, आजाद सिंह,अनुराग श्रीवास्तव, सभासद प्रतिनिधि रामकांत मौर्य, रचित गुप्ता, योगेंद्र यादव,सोनू, लोनी रामलीला कमेटी प्रबंधक रजनीश बाजपेई, उपाध्यक्ष श्याम किशोर पांडेय , महामंत्री विमल कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडेय, ब्रजभान कश्यप, संचालक राजेश पाण्डेय, वीरेन्द्र द्विवेदी, अंकित त्रिवेदी, जितेंद्र द्विवेदी ,मनोज त्रिवेदी ,अंशुल श्रीवास्तव, सौरव पांडेय, देवेश पांडेय, अमन पांडेय, गंगाराम पाल, विकाश पांडेय, विजय गंगाराम , राजेश राठौर, ग्राम प्रधान लोनी राम प्रताप पाल तथा समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# निगम बोर्ड की बैठक हुए आठ माह से अधिक का समय बीता, पार्षदों की समस्याएं बढ़ी

## उपचुनाव की आचार संहिता हटते ही बोर्ड बैठक कराई जाएगी : महापौर विनोद अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद: महानगर** में स्मार्ट सिटी के तहत विकास की सुपरफास्ट एक्सप्रेस तो चल रही है, लेकिन पार्षदों के वार्डों की समस्याएं ज्यों की त्यों है। पार्षदों का कहना है कि नगर निगम बोर्ड की बैठक हुए आठ माह से अधिक का समय बीत गया है, जबकि तीन माह के अंदर बैठक हो जानी चाहिए। पुनः बैठक कराने को लेकर नगर निगम के अधिकारी बिल्कुल चिंतित नहीं है। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि उपचुनाव परिणाम आने के बाद उपचुनाव की आचार संहिता हटते ही बोर्ड बैठक कराई जाएगी।

मुरादाबाद नगर निगम का चुनाव वर्ष 2023 मई माह में सम्पन्न हुआ था। तब पहली बैठक इसके तुरंत बाद 22 जून को हुई इसके बाद 10 जुलाई 2023, 27 सितंबर 2023, 4 मार्च 2024 को हुई थी। मार्च 2024 के बाद बोर्ड बैठक नहीं हुई है। आठ माह के लंबे अंतराल में बोर्ड बैठक नहीं होने से पार्षद अपने मुद्दे नहीं उठा पा रहे हैं। जबकि हर तीन महीने में बोर्ड की बैठक होने का नियम है। पार्षदों के अपने मुद्दों में पार्क, सफाई और सड़कों की समस्याएं हैं। तीन महीने लोक सभा चुनाव के कारण नगर निगम बोर्ड की बैठक नहीं हो पाई। इसके बाद कभी कांवड मेला तो कभी त्योहारी सीजन के चलते बैठक नहीं कर पाए। अब विधान सभा उप चुनाव के चलते आचार संहिता लग चुकी है। जिससे फिर बोर्ड बैठक लटक गई है। ऐसे में पार्षदों की समस्याओं के समाधान के अलावा नए प्रस्ताव भी पास नहीं हो पा रहे हैं।

# राहुल गांधी से मिलने से रोका तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जमकर हंगामा

**रायबरेली :**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में कई सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया और एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ रही लेकिन प्रशासन की रोक के कारण राहुल से मिलने की इजाजत किसी को नहीं मिली। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी सुबह 10.45 बजे रायबरेली पहुंचे। जहां फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज चौराहा पर बने शहीद चौक का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने 70.900 किमी की नौ सड़कों का लोकार्पण किया।

# प्रदेश क्रिकेट संघ का सचिव पद सवालों के घेरे में




**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:उत्तर** प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के सचिव पद को अनैतिक मानकर उसे चुनौती दे दी गयी है। संघ के सचिव को पत्र भेजकर शिकायतकर्ता ने उनसे उनकी ही कार्य पद्धिति को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। अलीगढ क्रिकेट संघ से जुड़े रहे पूर्व पदाधिकारी ने यूपीसीए सचिव को पत्र भेजकर उनसे ही 'सचिव' के पद पर अवैध रुप से काबिज होने और जनसामान्य को भ्रमित करने के लिए पूछा है। यही नहीं कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी से अवगत कराने के लिए उनको पत्र लिखा गया है। संघ के पदाधिकारियों की अनियमितताओं को दशार्या गया है जैसे कि : संघ का कानूनी ढांचा जो चुनौती देने के लिए? पहले ही पायदान पर है, पूछा है कि जब यूपीसीए भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अंतर्गत एक निजी कंपनी के रुप में पंजीकृत है। इस अधिनियम के तहत 'सचिव' जैसे पद का कोई अस्तित्व नहीं होता है। कंपनी के सभी निर्णय एमसीए में केवल निदेशकों के हस्ताक्षर और प्रमाण के आधार पर मान्य होते हैं। जबकि कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय में किए गए समस्त दस्तावेजों की जांच में यह पाया गया है कि यूपीसीए में 'सचिव' पद का कोई रिकॉर्ड या मान्यता एमसीए में दर्ज ही नहीं है। उन्होंने लिखा है कि कई विभागों में जांच के दौरान जांच अधिकारी ने भी यह स्पष्ट किया था कि एमसीए केवल निदेशकों को मान्यता देता है और 'सचिव' का पद संघ में कानूनी रुप से अमान्य है। पिछले कई वर्षों से आपने 'सचिव' के रुप में जनता, खिलाड़ियों और सदस्यों को भ्रमित करते हुए इस अवैध पद का उपयोग किया है।

**एमसीए के रिकार्ड में नहीं सचिव पद का प्रमाण:** एमसीए के आधिकारिक रिकॉर्ड में सचिव पद का कोई प्रमाण न होने के बावजूद आपने इस पद का दुरुपयोग कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। वहीं बीते एक दो साल पूर्व ही सचिव के लैटर हेड पर पूर्व सचिव युधवीर सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

## भगवान सूर्य की महिमा का बखान कर रहे लोक मनोहारी गीत, चना दाल के साथ कद्दू-भात खाकर निर्जला व्रत आरम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर: सूर्योपासना** के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाय के साथ मंगलवार से शुरू हो गया। चना दाल के साथ कद्दू-भात खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत आरम्भ हो गया है। नहाय-खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस महापर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। मान्यता के अनुसार इसकी शुरूआत द्वापर युग में माभारतकाल से पूर्व हुई थी। पहले दिन मंगलवार को गंगा घाटों पर छठ पर्व का उत्साह देखने लायक था। व्रतियों के साथ छोटे बच्चे और युवा भी घाट पर मचलते दिखे। भगवान भास्कर को सबने अर्घ्य दिया और उन्हें प्रणाम किया। लोगों ने दीप जला गंगा में प्रवाहित किया। घाटों पर गूंजते लोक मनोहारी गीत भगवान सूर्य की महिमा का बखान कर रहे थे। भोर से ही नगर के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। सुबह होते-होते घाट पूरी तरह से गुलजार हो गए। घाटों पर तैयारियां हर साल की तरह ही की गई हैं। चार दिवसीय छठ पर्व के पहले दिन भोर से ही गंगा किनारे आस्था का समंदर हिलोरे मारता दिखा। निर्जला व्रतधारी महिलाओं ने छठ मैया के गीत गाए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के नारघाट, पक्काघाट, बाबा घाट बरियाघाट, कचहरी घाट, फतहा समेत अन्य गंगा घाटों पर सफाई और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन व्रतियों ने पूजा के बाद चने की पूड़ी, लौकी की सब्जी व अक्षत चढ़ाया।

दूसरे दिन बुधवार को खरना होगा। इस दिन भूखे-प्यासे रहकर व्रती खीर का प्रसाद तैयार करेंगी। खीर गन्ने के रस की बनी होती है, इसमें नमक या चीनी का प्रयोग नहीं होता। शाम के समय इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद फिर निर्जल व्रत की शुरूआत होती है। तीसरे दिन गुरुवार को शाम के समय डूबते सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य दिया जाएगा। साथ ही विशेष प्रकार का पकवान ठेकुवा और मौसमी फल चढ़ाए जाएंगे। चौथे दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद कच्चा दूध और प्रसाद खाकर व्रत का समापन किया।

# मोहसिन रजा ने यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में अपने बच्चे को अगर क्रिकेट खिलाना चाह रहे हैं तो जेब में रुपये होने चाहिए। यहां होनहार होना पर्याप्त नहीं है, अंडर 16 में खेलना है तो छह लाख, अंडर 19 में खेलना है तो 20 लाख और अंडर 23 खेलना है तो 30 लाख और रणजी खेलना है तो 30 से 50 लाख रुपये दीजिए टीम में सेलेक्शन हो जाएगा। यह आरोप उत्तर पूर्व क्रिकेटर मोहसिन रजा ने लगाए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व उप्र हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ऐसोसिएशन पर युवाओं से धनउगाही, पैसों की हेराफेरी, सरकारी सम्पत्तियों का दोहन समेत कई आरोप लगाए हैं। पूर्व क्रिकेटर मोहसिन रजा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिकायत की है। मोहसिन रजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का पिछले कुछ वर्षों से स्वरूप बदल गया है। मैं पूर्व में क्रिकेटर रहा हूं। इसलिए लोगों ने मुझसे सम्पर्क किया। इन सारी चीजों से अवगत कराया। इस पर आरटीआई के माध्यम से सूचनाएं ली गयीं तो पता चला कि यह वह संस्था है ही नहीं जिसके तहत हम लोग खेला करते थे, इसमें तो बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स हैं। कांग्रेस के



वरिष्ठ नेता व बीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का नाम लिए बगैर मोहसिन रजा ने कहा कि इसमें कांग्रेस के बड़े नेता का हाथ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में कांग्रेस के नेता ने तत्कालीन यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ज्योति बाजपेयी का सहारा लेकर आगे बढ़े। एसोसिएशन को प्राईवेट लिमिटेड में बदलकर खुद कब्जा कर लिए और बाजपेयी को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया। मोहसिन रजा ने कहा कि जाहिर सी बात है कि कांग्रेस का जैसा चरित्र है, उनके नेता भी वैसे ही करेंगे। इसके बाद प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बनाकर प्रदेश के युवाओं को गुमराह किया गया। आरोप है कि कांग्रेस नेता का बेहद करीबी कहे जाने वाला अकरम शैफी सारा खेल करता है। बच्चों को क्रिकेट खिलाने के लिए उनसे पैसे लिए जाते हैं। ऐसे ही तमाम प्रकरण सामने आए। अकरम के खिलाफ मुकदमें भी लिखे गए हैं। पूर्व मंत्री व क्रिकेटर मोहसिन रजा ने हिन्दुस्थान समाचार से बात करते हुए बताया कि बीसीआई ने जब इनसे पूछा कि आपने कम्पनी क्यों बना ली

इस पर इन्होंने कहा कि राज्य सरकार से उनकी नहीं बनती। लिहाजा प्राइवेट लिमिट कम्पनी बना ली। इनका यह दावा भी झूठा साबित हुआ। जिस सरकार से खराब रिस्तों का जिक्र किया, उसी सरकार ने कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम इन्होंने तीस साल के लिए लीज पर ले लिया। लोढ़ा कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया कि इसी रिपोर्ट के आधार पर बीसीसीआई और राज्य के सभी क्रिकेट एसोसिएशन चलने थे।

# डीटीडीसी ने अपने ऑपरेशनल स्टाफ और राइडर के साथ दिवाली मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** डीटीडीसी एक्सप्रेस लिमिटेड ने अपने ऑपरेशनल स्टाफ और डिलीवरी स्टाफ के लिए एक विस्तृत प्रोग्राम शुरू किया। यह प्रोग्राम तीन अहम बातों पर केंद्रित करता है: आर्थिक सुरक्षा, हेल्थ एंड वेलनेस, और रिवाड्र्स एंड एंगेजमेंट इनिशिएटिव। त्योहार पर खुशियों को और भी बढ़ाने वाले कदम के तौर पर इस प्रोग्राम के जरिए आने वाले समय में इन स्टाफ को कई और भी फायदे मिलेंगे।

इस प्रोग्राम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इससे ग्रुप एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवरेज में काफी बढ़ोतरी हुई थी। यह बढ़ोतरी करीब 400 प्रतिशत की थी और यह इस बात को ध्यान में रखते हुए ऑफर किया गया था क्यूंकि फेस्टिव सीजन के दौरान बढ़ी हुई मांग की वजह से अप्रत्याशित दुर्घटना की आशंका रहती है। यह कदम डीटीडीसी के अपनी कर्मचारियों की सुरक्षा और उनके परिवार के भविष्य को बेहतर वित्तीय सुरक्षा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। डीटीडीसी एक्सप्रेस लिमिटेड के फाउंडर और चेयरमैन एंड मैनिजिंग डाइरेक्टर श्री शुभाशीष चक्रवर्ती ने कहा, ह्न डीटीडीसी में हमारे कर्मचारी ही हमारी सबसे बड़ी ताकत या एसेट हैं। इस बार दिवाली पर हमने अपनी इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए यह पक्का किया है कि हर कर्मचारी वित्तीय तौर पर सुरक्षित महसूस करे और उसके प्रयासों का सम्मान हो और उसके योगदान की प्रशंसा हो। इसे वित्तीय सुरक्षा के रूप में किया जाए, हेल्थ एंड वेलनेस पहल के जरिए या फिर रिवार्ड सिस्टम से, हम उनकी कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हैं। हम ऐसी संस्कृति बनाना चाहते हैं जिसमें हम पक्का करें कि इस बड़े संस्थान में हर कर्मचारी यह महसूस करे कि वह कंपनी का अहम और महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## शांति धारीवाल के खिलाफ चलेगा भ्रष्टाचार का मामला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के कांग्रेस नेता शांति धारीवाल को झटका दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने धारीवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में आपराधिक कार्यवाही बंद करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को मामले में फिर से समीक्षा करने का आदेश दिया, जिसमें हाई कोर्ट ने मुकदमा वापस लेने की मंजूरी दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से छह महीने में मामले पर निर्णय लेने को भी कहा।
दरअसल, 2011 में जयपुर विकास प्राधिकरण ने दस बीघे का एकल पट्टा जारी किया था, जिसमें कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने शांति धारीवाल के खिलाफ मुकदमे को वापस लेने का फैसला लिया था। हाई कोर्ट ने भी इस फैसले पर मुहर लगाई थी। ट्रायल कोर्ट ने मामले को बंद करने की मांग को खारिज कर दी थी। इस विवाद के बाद 2013 में एकल पट्टा रद्द कर दिया गया था। इस मामले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो ने की थी। इसके बाद तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, डिप्टी सचिव निष्काम दिवाकर, जोन आयुक्त ओंकार मल सैनी और कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक शैलेंद्र गर्ग को गिरफ्तार किया गया था। एंटी करप्शन ब्यूरो ने शांति धारीवाल से भी पूछताछ की थी।

## मदरसा एक्ट पर फैसले का मुसलमानों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मुस्लिम संगठनों, बुद्धिजीवियों और मदरसों से जुड़े लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए यूपी मदरसा एक्ट-2004 को संवैधानिक करार दिया है। जमीअत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों को काफी राहत मिली है। उनका कहना है कि यह फैसला दर्शाता है कि हमारे देश की सर्वोच्च अदालत संविधान की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है और इस फैसले से अदालत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। मरकजी जमीअत अहले हदीस के अमीर मौलाना असगर अली इमाम सल्फी मेहदी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि धार्मिक शिक्षा बेहद जरूरी है, चाहे वह मदरसों की शिक्षा हो या गुरुकुल की। उनका कहना है कि धार्मिक शिक्षा से मानव के अंदर संस्कार पैदा होते हैं और वह आपसी मेल, मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहना सिखाती है।

# सुरक्षित महाकुंभ रेलवे स्टेशनों पर लगेंगे एफआर

## महाकुंभ 2025 में पहली बार प्रयागराज रेल मंडल लगा रहा है एफआरसी

चाक चौबंद

**▸▸ न केवल मेला क्षेत्र बल्कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज:** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य के साथ सुरक्षित महाकुंभ बनाने का लक्ष्य डबल इंजन सरकार ने रखा है। इसे मद्देनजर रखते हुए न केवल मेला क्षेत्र बल्कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ लोगों का ट्रेन से आने का अनुमान है। इसे लेकर रेलवे सुरक्षा और व्यवस्था के सारे इंतजाम कर रही है। प्रयागराज रेल मण्डल द्वारा महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए पहली बार सीसीटीवी कैमरों के साथ एफआर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। एफआर कैमरे एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजकतत्वों पर नजर रखने में कारगर हैं।

**एआई तकनीक से काम करते हैं एफआर कैमरे**
प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महाकुंभ को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रयागराज रेल मण्डल सुरक्षा के सारे इंतजामों के साथ एआई बेस्ड एफआर कैमरे भी लगा रहा है। फेस रिकगनीशन या एफआर कैमरे एआई तकनीक की मदद से फेस रिकगनीशन में सक्षम होते हैं। ये आसनी से संदिग्धों को भीड़ में भी पहचान कर तलाश लेते हैं। जिससे भीड़ में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों या भगदड़ जैसी स्थिति को बनने से पहले काबू किया जा सकता है। एफ आर कैमरे किसी भी असमान्य घटना को आसानी से पकड़ सकते हैं, उन पर तत्काल प्रतिक्रिया कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

**100 एफ आर कैमरों से रखी जाएगी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर:** प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए लगभग 650 सीसीटीवी कैमरों के साथ पहली बार 100 एफआर कैमरे भी लगाए जाएंगे। प्रयागराज शहर में आने वाले सभी 9 रेलवे स्टेशनों के आने जाने के मार्गों, आश्रय स्थल, प्लेटफार्मों को भी कैमरों की नजर में रखा जाएगा।
रेलवे स्टेशनों पर ये सुरक्षा के सभी उपाय दिसंबर के अंत लगा दिए जाएंगे।

### आपात स्थितियों से निपटने को भीष्म क्यूब की

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज:** महाकुम्भ-2025 में आपात स्थितियों से निपटने के लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारी की है। महाकुम्भ में पहली बार भीष्म क्यूब की तैनाती की जा रही है, जो अत्याधुनिक तकनीक से युक्त क्रांतिकारी मोबाइल अस्पताल है। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भी भीष्म क्यूब की तैनाती की गई थी। संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, प्रयागराज डॉ. वी.के. मिश्रा ने बताया कि एक भीष्म (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) क्यूब 200 लोगों का एक साथ उपचार कर सकता है। भीष्म क्यूब में सर्जिकल सुविधाएं, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी के देखभाल से संबंधित सभी सुविधाएं मौजूद हैं। ये बेहद मजबूत, वॉटरप्रूफ और हल्के हैं। इससे तुरंत इलाज की सुविधा शुरू की जा सकती है। यह चिकित्सा सेवाओं के प्रभावी समन्वय, वास्तविक समय में निगरानी और कुशल प्रबंधन को सुगम बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डाटा एनालिटिक्स को एकीकृत करता है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि भीष्म क्यूब की पूरी यूनिट को आसानी से हाथ, साइकिल या ड्रोन द्वारा भी ले जाया जा सकता है।

## भाजपा ने वाजपेयी के दृष्टिकोण को नहीं अपनाया: अब्दुल्ला



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर:** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को अपनाया होता तो जम्मू-कश्मीर में मौजूदा स्थिति नहीं होती। उन्होंने कहा कि उनके जाने के बाद उनके दृष्टिकोण को भुला दिया गया। इसमें हम क्या कर सकते हैं? जम्मू-कश्मीर विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति सुधारने की कोशिश की। जब वाजपेयी 1999 में पहली दिल्ली-लाहौर बस से पाकिस्तान गए थे तो उन्होंने मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था, जो आसान नहीं था।

साधा निशाना

**▸▸ अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को अपनाया होता तो जम्मू-कश्मीर में मौजूदा स्थिति नहीं होती: सीएम**

## पांच में से चार सीटें भाजपा का जीतना निश्चित: बिस्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**कछार, (असम):** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने दावा किया है कि राज्य की पांच विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में चार सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों का जीतना निश्चित है। जबकि, पांचवी सीट को जीतने की भी कोशिशें की जा रही है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने सीटों के नाम पूछे जाने पर सवाल को टाल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा आज कछार जिले के धलाई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। धलाई सीट पर भाजपा द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवार निहार रंजन दास पर बांग्लादेशी होने संबंधी लगाए जा रहे आरोपों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस प्रकार के सवाल उठाकर बराक घाटी के बंगाली हिंदुओं को फिर से परेशानी में डालना चाह रही है।
उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सवाल उठाने से फिर से हिंदू बंगालियों को फॉरेन ट्रिब्यूनल का चक्कर काटना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि बराक घाटी के हिंदू बंगालियों को इन सभी परेशानियों से छुटकारा मिले, लेकिन कांग्रेस उन्हें फिर से परेशानी में डालना चाह रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यह सूची निकाल लें कि जितेंद्र सिंह स्वयं कितनी बार चुनाव लड़कर हार चुके हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के अन्य के सवालों के भी उत्तर दिए।

दावा

**▸▸ पांचवी सीट को जीतने की भी कोशिशें की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सीटों के नाम नहीं बताएं**

## संकल्प पत्र में सभी वर्गों का रखा गया है ख्याल: बाबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गिरिडीह:** भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने के बाद मंगलवार को गिरिडीह में धनवार के भाजपा प्रत्याशी सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेसवार्ता की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संकल्प पत्र राज्य हित में है। भाजपा ने विकास को लेकर रोडमैप तैयार किया है। इसी पर भाजपा काम करेगी। हर वर्ग मजबूत होगा। एक सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद राजकोष पर कोई बड़ा बोझ नहीं पड़ने वाला। बल्कि,कमजोर वर्ग को मजबूती के लिए यह जरूरी है। मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हर हाल में राज्य में 10 मेडिकल कॉलेज खिलेंगे, जिससे राज्य में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवा मजबूत होगी। युवाओं को मौका भी मिलेगा। क्योंकि पिछले पांच साल में हेमंत सरकार तो सिर्फ घोषणा करती रही, लेकिन कोई बहाली हुई नहीं। सत्ता में आने पर भाजपा अपना संकल्प पत्र को पूरा करेगी। क्योंकि खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे कह चुके हैं कि कांग्रेस शासित राज्य सरकार वही एलान करे, जिसे पूरा किया जा सकता है। इसे जाहिर होता है कि कांग्रेस क्या क्या घोषणा कर सकती है कितना पूरा करने में सक्षम है।
एक साजिश के तहत संथालियों और संतानियों की संख्या में बेहद कमी आई है।



ऐलान

**▸▸ संकल्प पत्र राज्य हित में है। भाजपा ने विकास को लेकर रोडमैप तैयार किया है: मरांडी**

## श्री रेणुका जी मेला के दौरान मांस व मछली की बिक्री पर प्रतिबंध

**नाहन:** जिला दंडाधिकारी सिरमौर सुमित खिम्टा ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मेला श्री रेणुका जी के दौरान 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक मेला क्षेत्र में मांस और मछली की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों के अनुसार यह प्रतिबंध श्री रेणुका जी और गिरि नदी के हिस्से में, ददाहू की दिशा में गिरि नदी में पार्किंग स्थल, गिरि पुल से संगड़ाह की दिशा और ददाहू क्षेत्र में लागू होगा। मेला अवधि के दौरान इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की मांस व मछली विक्रय की दुकानें नहीं लगाई जा सकेंगी।

## हाथियों की मौत मामले में कमलनाथ ने की सीबीआई जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल:** उमरिया में हाथियों की मौत पर सियासत जारी है। विपक्ष लगातार पूरे मामले को लेकर हमलावर बना हुआ है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने हाथियों की मौत पर सवाल उठाते हुए, मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग की है। कमलनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा बांधवगढ़ नेशनल पार्क में 10 हाथियों की मृत्यु को करीब एक हफ्ता बीत चुका है लेकिन दोषियों को पकड़ना तो दूर मध्य प्रदेश सरकार अब तक हाथियों की मृत्यु के कारण को भी स्पष्ट नहीं कर सकी है।यह अत्यंत चिंता का विषय है। एक तरफ तो वन्य जीवों का जीवन खतरे में है तो दूसरी तरफ यह भी दिखाई देता है कि मध्य प्रदेश का वन विभाग वन्य प्राणियों की रक्षा करने में पूरी तरह असमर्थ है। कमलनाथ ने आगे कहा कि प्रदेश की जांच एजेंसियां या तो पूरी तरह अकर्मण्य है या फिर उनके पास इतनी सुविधा ही नहीं है कि वह हाथियों की मृत्यु की उचित जांच कर सकें। ऐसे में मैं मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से अपील करता हूं कि वह 10 हाथियों की मृत्यु की या तो सीबीआई जांच कराएं या फिर न्यायिक जांच के आदेश दें।

## अल्मोड़ा बस हादस के चलते सादगी से मनेगा राज्य स्थापना दिवस: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** अल्मोड़ा जिले के माचुर्ला में बस हादसा से द्रवित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना के कार्यक्रम सादगी से मनाने का निर्णय लिया है। सरकार ने 8 नवंबर के प्रस्तावित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। वाहन दुर्घटना में मृतकों की स्मृति में प्रदेशभर में सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम सादगी से मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में अतिरिक्त बसें चलाने की आवश्यकता का आकलन करें और उसी के अनुसार नई बसें खरीदकर उन क्षेत्रों में चलाने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 8 नवंबर को वाहन दुर्घटना में मृतकों की स्मृति में प्रदेशभर में सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

स्थगित

**▸▸ वाहन दुर्घटना में मृतकों की स्मृति में प्रदेशभर में सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम चलाने के निर्देश**

अलंकरण

### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे 36 विभूतियों को सम्मानित

## राज्योत्सव में अलंकरणों से सम्मानित होने वाले विभूतियों के नाम हुए घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर:** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में राज्य अलंकरण, सम्मान और पुरस्कारों के लिए चयनित व्यक्तियों और संस्थाओं के नामों की घोषणा की। राज्य शासन द्वारा 36 व्यक्तियों का चयन किया गया है।
उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य शासन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से राज्य अलंकरण, सम्मान एवं पुरस्कारों के लिए चयनित सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को बधाई दी है।
राज्यपाल रमेन डेका समारोह की अध्यक्षता करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव के समापन समारोह पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं राज्य के विकास में योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार बुटलू राम माथरा को दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिया जाने वाला अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में यति यतनलाल सम्मान मनोहर गौशाला खैरागढ़, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुण्डाधूर सम्मान छोटी मेहरा, खेल (तीरंदाजी) के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान विकास कुमार को दिया जाएगा।
इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्थान के क्षेत्र में मिनीमाता सम्मान पार्वती ढ़ीढ़ी, महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सशक्त बनाने के लिए वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार अदिती कश्यप और महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान के लिए माता बहादुर कलारिन सम्मान कुमारी चित्ररेखा सिन्हा।



